सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 30.10अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,775 |
| निफ्टी | 23,547 |
| सोना | 1,56,600 |
| चांदी | 2,68,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 30 मई 2026 | 16 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 151, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्विशा केस: सास व पति 5 दिन के सीबीआई रिमांड पर

**एजेंसी, भोपाल।** एक्ट्रेस और मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को स्पेशल कोर्ट में पेश किया और दोनों की 5-5 दिन की रिमांड मांगी। कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर ली है। वहीं, आरोपी पक्ष के वकील ने भी रिमांड की मांग का विरोध नहीं किया। समर्थ सिंह पहले से 7 दिन की सीबीआई रिमांड पर था। शुक्रवार को रिमांड खत्म होने पर उसे दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। दोपहर 12:34 बजे से 2:08 बजे तक दोनों आरोपी कोर्ट रूम में मौजूद रहे। इसके बाद सीबीआई टीम उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई। सूत्रों के मुताबिक, रिमांड के दौरान सीबीआई गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में उग्रवादी हमला ट्रक चालक की मौत

**एजेंसी, इम्फाल।** मणिपुर के उखरूल जिले में आवश्यक वस्तुओं से लदे ट्रकों के काफिले पर संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस के अनुसार बीएसएफ, सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस की सुरक्षा निगरानी में 15-20 ट्रकों का काफिला उखरूल की ओर जा रहा था। टीएम कासोम क्षेत्र के पास उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमले में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद कुछ समय तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेशी घुसपैठ पर भारत का सख्त रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलों का निपटारा पूरी तरह कानून के अनुसार किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर रायसवाल ने बताया कि भारत ने 2680 लोगों की नागरिकता सत्यापन के लिए बांग्लादेशी अधिकारियों को विवरण भेजा है। सत्यापन पूरा होने के बाद उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि कई मामले पिछले पांच वर्षों से लंबित हैं और भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश इस प्रक्रिया में तेजी लाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट बोला–यूपीएससी से सीखिए वहां लीक नहीं होता पेपर

## नीट पेपर लीक मामले पर एनटीए को लगाई फटकार, कहा-जवाबदेही तय होने तक नहीं रुकेंगी ये घटनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट–यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है।

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपरलीक की जांच पर नजर रख रहे हैं, ताकि कोई चूक न हो।

केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट–यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। नीट री–टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं।

देशभर में 3 मई को नीट परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री–एग्जाम होगा। (अनंत ज्ञान)

### नीट पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार

**नीट** परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई थी, इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 15 मई को शिक्षा मंत्रालय और एनटीए ने नीट री-एग्जाम की तारीख 21 मई को होने का ऐलान किया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### सुधार के बावजूद नाकामी क्यों?

**सुप्रीम** कोर्ट ने एनटीए को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में नीट पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई–पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। नीट–यूजी 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री–टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा– एनटीए अभी स्थायी और मजबूत संस्था की तरह काम नहीं कर रही है। केंद्र सरकार एनटीए को मजबूत बनाने के लिए क्या करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि एनटीए को आईआईटी और दूसरे बड़े संस्थानों के विशेषज्ञों की मदद लेनी चाहिए, ताकि भविष्य में परीक्षाएं सुरक्षित तरीके से हो सकें।

# एक प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा 20 लाख तक शिक्षा ऋण : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान



शिमला में स्टूडेंट्स से संवाद करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सामाजिक बदलाव व समृद्ध भविष्य की सबसे बड़ी ताकत मानते हुए विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों को 20 लाख रुपये तक का ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि आर्थिक संसाधनों की कमी किसी भी प्रतिभा की राह में बाधा न बने।

शुक्रवार को शिमला में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के 21 विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने और अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हिमाचल का हर विद्यार्थी अपने घर के निकट ही गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके।

- **विद्यार्थियों के सपनों को पंख दे रही सरकार**
- **शिक्षा गुणवत्ता में हिमाचल ने लगाई लंबी छलांग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। राज्य के 156 से अधिक विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया गया है, जहां कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में विद्यार्थियों को आधुनिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश 13वें स्थान से उछलकर छठे स्थान पर पहुंचा है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है।

सुक्खू ने कहा कि समाज में समानता और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बेटियों की विवाह योग्य आयु को भी लड़कों के समान 21 वर्ष करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के शिक्षा और विकास में योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 10 मई से 9 जून तक अनुसूचित जनजाति गौरव उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा सचिव राकेश कंवर, उच्च शिक्षा निदेशक हरीश कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल में 16 जून से शुरू होगा जनगणना 2027 का पहला चरण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भारत की जनगणना–2027 के पहले चरण में 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का आयोजन हिमाचल प्रदेश में 16 जून से 15 जुलाई तक किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक मकान, आवासीय इकाई तथा परिवार से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी।

जनगणना निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस बार नागरिकों की सुविधा के लिए 'स्व–गणना' की व्यवस्था भी की गई है। निवासी एक जून से 15 जून तक se.census.gov.in पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। प्रथम चरण में आवासीय स्थिति, मूलभूत सुविधाओं तथा परिवारों की परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए प्रदेश में लगभग 20,630 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इनके प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित होंगे।

- **पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार का विवरण भर सकेगी जनता**



इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। डाटा संकलन के लिए विशेष एचएलओ मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिससे वास्तविक समय में जानकारी अपलोड करने, त्रुटियों में कमी लाने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

जनगणना निदेशालय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी सूचनाएं जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी।

# महिला वन मित्र से अभद्र व्यवहार करने पर फॉरेस्ट गार्ड सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वन मंडल धर्मशाला के अंतर्गत लपियाणा रेंज में महिला वन मित्र के साथ अभद्र व्यवहार और हाथापाई के मामले में वन विभाग ने फॉरेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया है। घटना 27 मई की बताई जा रही है, जिसमें महिला वन मित्र को हल्की चोट भी आई है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित फॉरेस्ट गार्ड को सस्पेंड कर दिया है और उसका मुख्यालय डिवीजन से बाहर तय किया गया है। मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है।


- **पुलिस में मामला दर्ज एसीएफ को विस्तृत जांच के आदेश**

डीएफओ ने बताया कि विभाग की आंतरिक शिकायत समिति, जिसमें सभी महिला सदस्य हैं, को भी मामले की जांच के लिए सक्रिय किया गया है। पीड़िता को समिति के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके आधार पर पॉश एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा एसीएफ दौलत राम को मामले की विस्तृत प्रारंभिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# यूपी में निर्माणाधीन पुल गिरा, 6 की मौत

## आंधी–बारिश के चलते हुआ हादसा, 3 मजदूरों को बचाया

**एजेंसी, हमीरपुर (यूपी)**



यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने दैनिक भास्कर को बताया कि आंधी–बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70–80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। एसडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि रात अढ़ाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

# भुज में बोले अमित शाह–दो साल में अभेद्य होगी देश की सीमा सुरक्षा

**एजेंसी, भुज**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में कहा कि केंद्र सरकार देश की सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है और अगले दो वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों की बुरी नजर से पूरी तरह सुरक्षित हो जाएंगे।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सरक्रीक और भुज क्षेत्र में बीएसएफ के जवान चट्टान की तरह देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उनके साहस और सतर्कता के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग सुरक्षित जीवन जी रहे हैं।

- **बीएसएफ के 60वें वर्ष पर कहा, अब 'टेरिटोरियल सिक्योरिटी' मॉडल होगा लागू**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जवानों को बेहतर सुविधाएं देने और सीमा सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीमा क्षेत्रों में वॉच टावर बनाए गए हैं और कई बॉर्डर आउट पोस्ट को अधिक सुरक्षित बनाया गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ अपनी स्थापना के 60वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और अब सीमा सुरक्षा की अवधारणा को नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत 'चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड' और 'टेरिटोरियल सिक्योरिटी' मॉडल लागू किया जाएगा, जिसमें बीएसएफ, स्थानीय नागरिक, प्रशासन, पुलिस और सेना मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली एयरपोर्ट पर लॉन्च हुआ 'स्काई कास्ट' सिस्टम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोहरे और खराब मौसम के कारण उड़ानों में होने वाली देरी और रद्दीकरण को कम करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल–3 पर देश के पहले 'स्काई कास्ट' सिस्टम की शुरुआत की गई। इस अत्याधुनिक सिस्टम से पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को रियल–टाइम मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी, जिससे उड़ानों का संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस प्रणाली का उद्घाटन करते हुए इसे भारतीय विमानन क्षेत्र की बड़ी तकनीकी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद यह सिस्टम जेवर एयरपोर्ट पर लगाया जाएगा और फिर अन्य हवाई अड्डों तक इसका विस्तार किया जाएगा।

- **कोहरे और खराब मौसम से फ्लाइट देरी में मिलेगी राहत**
- **भारत बना दुनिया का 19वां देश**

'मिशन मौसम' के तहत विकसित इस सिस्टम में रडार, लीडार सीइएलोमीटर, माइक्रोवेव रेडियोमीटर और फॉग एरोसोल स्पेक्टोमीटर जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। यह तकनीक एयरपोर्ट के ऊपर लगभग तीन किलोमीटर तक मौसम की निगरानी करेगी और हवा, नमी, कोहरे व टर्बुलेंस की सटीक जानकारी उपलब्ध कराएगी। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में बदला मौसम का मिजाज, आंधी और ओलावृष्टि से फसलों को हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन बागवानों और किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बीच कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में तेज हवाओं और ओलावृष्टि का असर देखने को मिला।

मंडी जिले के करसोग और शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि हुई। करसोग के डींग और कथेड़ तथा रोहड़ू के शरोंथा क्षेत्र में सेब की फसल प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर बागों में लगाए गए एंटी–हेल नेट भी क्षतिग्रस्त हो गए। सिरमौर जिले में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। नाहन में 14.2 मिलीमीटर और पांवटा साहिब में 6.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है।

- **कई जिलों में बारिश और तेज हवाएं, गर्मी से मिली राहत**

मौसम विभाग के अनुसार कई क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। ऊना प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 29 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने आगामी दो दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश, गरज और बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

# बिहार में भारी बारिश और बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत

**एजेंसी, पटना**



बिहार में शुक्रवार को आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। पटना, खगड़िया, रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, छपरा समेत 20 जिलों में सुबह पहले अंधेरा छा गया फिर तेज बारिश हुई। राज्य में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई।

काले बादलों की वजह से गाड़ियों की लाइट जलाकर लोग सफर करते देखे गए। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार में अगले 3 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। उधर, मध्य प्रदेश में ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में दिन में हीटवेव चलेगी, जबकि शाम को बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। यूपी में गर्मी के बजाय बारिश–आंधी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और चंदौली में तेज आंधी–तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। (अनंत ज्ञान)

**बदलाव**

## बदलते हिमाचल की नई तस्वीर, बिलासपुर बना उभरता 'स्टार्टअप हब'

# डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और युवा शक्ति से बदल रहा प्रदेश

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अब केवल प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन के लिए ही नहीं, बल्कि तेजी से उभरती डिजिटल सोच, स्टार्टअप संस्कृति और युवा नवाचार के लिए भी नई पहचान बना रहा है। बदलते दौर में प्रदेश के युवा पारंपरिक रोजगार की सीमाओं को तोड़ते हुए तकनीक, सोशल मीडिया और स्वरोजगार के जरिए सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं।

प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों तक इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच ने एक नई आर्थिक और सामाजिक क्रांति को जन्म दिया है। गांव का युवा भी अब मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन कारोबार, डिजिटल कंटेंट, ई–कॉमर्स, यूट्यूब चैनल, डिजिटल पत्रकारिता और फ्रीलांसिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि हिमाचल में यह बदलाव केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं की सोच में आए बड़े परिवर्तन का संकेत है। पहले जहां युवा केवल सरकारी नौकरियों को ही करियर मानते थे, वहीं अब स्वरोजगार और स्टार्टअप मॉडल तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

प्रदेश में शिक्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। ऑनलाइन क्लासरूम, डिजिटल कोर्स और एआई आधारित पढ़ाई ने दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को नई संभावनाएं दी हैं। हाल ही में बिलासपुर में 'पढ़ाई विद एआई' जैसी पहल ने डिजिटल शिक्षा को नई दिशा दी है।



अपने उत्पाद के साथ नरेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

पर्यटन क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। अब पर्यटक केवल शिमला और मनाली तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि ग्रामीण पर्यटन, धार्मिक स्थलों और एडवेंचर गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। इसके अलावा हिमाचल के बिलासपुर जिले में युवाओं ने स्वरोजगार और डिजिटल स्टार्टअप की दिशा में उल्लेखनीय पहल की है। जिले के अनेक युवाओं ने सोशल मीडिया पत्रकारिता, डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन बिजनेस, डिजाइनिंग, आईटी सेवाएं और एग्री–स्टार्टअप के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई है।

जानकारों के अनुसार बिलासपुर जिले से करीब 150 से अधिक युवा छोटे–बड़े डिजिटल और स्वरोजगार आधारित स्टार्टअप मॉडल पर कार्य कर रहे हैं। कई युवाओं ने फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म को रोजगार का माध्यम बनाकर न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया है।

### ये युवा बने नई सोच की मिसाल

**घुमारवीं** और नम्होल क्षेत्र में युवा उद्यमी डिजिटल सेवाओं और कृषि आधारित स्टार्टअप के जरिए रोजगार के नए अवसर तैयार कर रहे हैं। 'दि ग्रेट हिमाचल डिजिटल एजेंसी' के माध्यम से विकास वर्मा ने वेबसाइट डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग और मोबाइल ऐप सेवाओं की शुरुआत कर युवाओं को डिजिटल क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास किया है। वहीं, डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में सक्रिय प्रदीप ने भी घुमारवीं में अपनी एजेंसी स्थापित कर सोशल मीडिया मार्केटिंग और ऑनलाइन ब्रांडिंग को रोजगार का माध्यम बनाया है। नम्होल क्षेत्र के नरेंद्र सिंह ने मशरूम उत्पादन आधारित 'एग्रो हिल मशरूम' स्टार्टअप शुरू कर स्थानीय किसानों और युवाओं को रोजगार से जोड़ने में सफलता हासिल की है। उनका मॉडल क्षेत्र में एक प्रेरणा के रूप में उभर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि युवाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और सरकारी सहयोग मिलता रहा तो बिलासपुर जिला भविष्य में एक प्रमुख स्टार्टअप हब बन सकता है।

# भारी ओलावृष्टि ने तोड़ी बागवानों की कमर

## जिले के ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि, तेज आंधी व बेमौसमी बारिश ने बढ़ाईं सेब उत्पादकों की चिंताएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बागवानों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम साबित नहीं हो रहा है। पिछले तीन से चार महीनों से लगातार हो रही ओलावृष्टि, तेज आंधी व अनियमित वर्षा ने सेब उत्पादकों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। एक ओर बागवान पूरे वर्ष की मेहनत से तैयार हो रही फसल को लेकर उम्मीदें लगाए बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर बार-बार बरस रही प्राकृतिक आफत उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। बदलते मौसम के इस खतरनाक दौर ने हजारों परिवारों की आजीविका पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार इसी कड़ी में शुक्रवार को रोहड़ू उपमंडल के शरोंथा क्षेत्र में हुई भीषण ओलावृष्टि ने बागवानों की कमर तोड़ दी। देखते ही देखते आसमान से गिरे बड़े-बड़े ओलों ने सेब के बगीचों को अपनी चपेट में ले लिया। पेड़ों पर लगी नई फसल, कोमल पत्तियां और बढ़वार को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर ओलों की मोटी परतें जम गईं, जिससे बागवानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें और गहरी हो गईं।

◆ **बागवानों को ओलारोधी जाल और आधुनिक सुरक्षा उपायों को अपनाने की सलाह**

जानकारों का मानना है कि इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभों की असामान्य सक्रियता, तापमान में अचानक बदलाव और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण ओलावृष्टि की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पहले जहां इस तरह की घटनाएं सीमित क्षेत्रों तक रहती थीं, वहीं अब उनका दायरा लगातार बढ़ रहा है और नुकसान भी अधिक गंभीर हो रहा है।

बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार ओलावृष्टि के बाद प्रभावित पौधों व पेड़ों की विशेष देखभाल जरूरी है। क्षतिग्रस्त शाखाओं की छंटाई, रोगनाशक दवाओं का छिड़काव व पौधों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध करवाने से नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने भविष्य में ओलारोधी जाल और आधुनिक सुरक्षा उपायों को अपनाने की भी सलाह दी है।



ओलावृष्टि से बागानों में क्षतिग्रस्त हुई फसल। अनंत ज्ञान

लगातार हो रही ओलावृष्टि के बाद प्रभावित बागवानों ने सरकार और प्रशासन से तत्काल राहत प्रदान करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि फसल से मिलने वाली आय पर संकट गहराता जा रहा है। बागवानों ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का विशेष सर्वेक्षण करवाकर नुकसान का वास्तविक आकलन किया जाए और शीघ्र मुआवजा जारी किया जाए। साथ ही फसल बीमा दावों के निपटारे की प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाया जाए ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सके।

बहरहाल शरोंथा क्षेत्र की यह घटना एक बार फिर संकेत दे रही है कि हिमाचल की बागवानी अब मौसम की बढ़ती अनिश्चितताओं के दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे में केवल राहत पैकेज ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सुरक्षा योजनाओं और वैज्ञानिक उपायों की भी आवश्यकता है, ताकि प्रदेश की बागवानी और उससे जुड़े हजारों परिवारों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# एचआरटीसी की बसों में पहली जून से केवल हिम कार्ड वाले विद्यार्थी ही कर पाएंगे फ्री सफर

## कार्ड बनाने की कल आखिरी तारीख, बिना कार्ड के नहीं मिलेगी मुफ्त सुविधा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों के लिए 1 जून से बस यात्रा के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। राज्य में अब केवल हिम बस कार्डधारक विद्यार्थियों को ही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। अब तक कई क्षेत्रों में विद्यार्थी विद्यालय परिचय-पत्र अथवा अन्य दस्तावेजों के आधार पर यात्रा कर रहे थे, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह सुविधा केवल अधिकृत कार्डधारकों तक सीमित रहेगी।

जानकारी के अनुसार, एचआरटीसी और शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को स्पष्ट किया गया है कि हिम बस कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपना कार्ड





नहीं बनवाया है, उन्हें अगले दो दिनों के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। परिवहन निगम का मानना है कि इस व्यवस्था से पात्र विद्यार्थियों का सटीक अभिलेख तैयार होगा तथा यात्रा सुविधा का लाभ अधिक पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा।

ऐसे में प्रदेश के अनेक ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में विद्यार्थी प्रतिदिन एचआरटीसी बसों के माध्यम से विद्यालय पहुंचते हैं। लिहाजा, नई व्यवस्था का सीधा प्रभाव हजारों छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा। निगम ने विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों से भी आग्रह किया है कि वे पात्र विद्यार्थियों के कार्ड समय रहते बनवाना सुनिश्चित करें ताकि नए शैक्षणिक सत्र में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उनके मुताबिक यदि कोई विद्यार्थी 1 जून के बाद बिना हिम बस कार्ड के यात्रा करता है तो उसे नियमानुसार बस किराया देना पड़ सकता है। इसी कारण अंतिम तिथि नजदीक आते ही विभिन्न विद्यालयों और परिवहन कार्यालयों में कार्ड बनवाने को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

◆ **एचआरटीसी ने छात्रों से की कार्ड बनवाने की अपील**

एचआरटीसी अधिकारियों ने कहा है कि विद्यार्थियों के हित में यह व्यवस्था लागू की जा रही है और सभी पात्र छात्र-छात्राओं को समय रहते कार्ड बनवा लेने चाहिए, ताकि उनकी निशुल्क यात्रा सुविधा निर्बाध रूप से जारी रह सके।

# मुख्यमंत्री ने कांस्य पदक विजेता सौरव सुमन को किया सम्मानित



सीएम सुक्खू से भेंट करते एशियन कुराश कप में कांस्य पदक विजेता सौरव सुमन।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उज्बेकिस्तान के नुकुस में आयोजित एशियन कुराश कप (सीनियर वर्ग) में कांस्य पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले सौरव सुमन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। 22 से 25 मई तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सौरव सुमन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वर्तमान में वह जल शक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं तथा शिमला जिला के मतियाना क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सौरव सुमन को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और खेल भावना प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सौरव भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिमाचल का गौरव बढ़ाते रहेंगे तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शिमला की 312 पंचायतों को मिले नए जनप्रतिनिधि

## जिले के बसंतपुर से जुब्बल तक महिलाओं, युवाओं और नए चेहरों ने पंचायत नेतृत्व में दर्ज कराई मजबूत उपस्थिति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला की 312 ग्राम पंचायतों में प्रधान पदों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पंचायत चुनाव-2026 के प्रथम एवं द्वितीय चरण के अंतर्गत घोषित परिणामों के साथ ही पंचायतों को नया नेतृत्व मिल गया है। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार इन सभी निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल वर्ष 2026 से 2031 तक रहेगा। परिणामों में बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों, युवाओं तथा नए चेहरों को पंचायतों की कमान मिली है, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिले के बसंतपुर, चौहारा, चौपाल, कोटखाई, मशोबरा, ननखड़ी, नारकंडा, रामपुर, रोहड़ू, ठियोग, कुपवी, टूटू तथा जुब्बल विकास खंडों की पंचायतों में प्रधान पदों के परिणाम घोषित हुए हैं। चुनाव परिणामों ने यह भी दर्शाया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। कई पंचायतों में सर्वसम्मति से नेतृत्व चुना गया, जबकि अनेक स्थानों पर चुनावी मुकाबलों के बाद विजेताओं ने जीत हासिल की।

घोषित परिणामों के अनुसार बसंतपुर विकास खंड की बाग पंचायत से डोली देवी, चलाहल से हीरा लाल, चनावग से जगमोहन, चेबरी से अजय ठाकुर, देओला से देवेंद्र, धरागड़ा से पुष्पा ठाकुर, घरयाणा से तुलसी देवी, हिमरी से मोहन लाल, जुनी से रेखा देवी, खतनोल से दयावती चौहान, मझीवार से प्रकाश चंद, नीन से चमन श्याम, नेहरा से गीता देवी, ओगली से अनुराग, रेवाग से वीरा, शकरोरी से यश पाल, ठाची से सुनीता, दरगी से हेमंत कुमार तथा मंडयालु (कड़ोग) से दीवान प्रधान निर्वाचित हुए हैं।

चौहारा विकास खंड की बमफाड़ पंचायत से विक्रम, धागोली से राज कुमारी, धाकगांव से सुमिता देवी, धनदरवाड़ी से पुष्पा, डोडरा से बबली शर्मा, गांवसारी से निर्मला देवी, गावस से नोहा, जाखा से सुमधुर कुमारी, जांगला से रितिका कुमारी, जिस्कून से सुमिता देवी, खाबल से बबली राम, खरशाली से विजय सिंह, खशधर से बलवंत सिंह, मसली से प्रवीण कुमार, दिउड़ी-मायला से शेर सिंह लाल, पेखा से दीप्ति कश्यप, रानोल से प्रेम राज, रोहल से विजय दत्त नेगी, शिलादेश से उषा, सिंदसली से मोहित कुमार, तंगनू-जांगलिक से कविता देवी तथा थाना से लोकपाल प्रधान चुने गए हैं।

चौपाल विकास खंड में बमटा से विजेंद्र कुमार, भराणू से गीता देवी, बिजमल से महेंद्र सिंह, बोहार से लोकेंद्र, चांजन से जगदीश, चांजू चौपाल से सुरेंद्र, धवास से मनीषा, जबान चमरोग से पूनम कुमारी, झीना से नीमा कुमारी, केड़ी से रमा देवी, खड्डार से अनिल, किरण से रमा देवी, लिंगजार से पूनम शर्मा, मढ़ाना से रोहित, माकड़ोग से वीना सिंह, मशरोहण से भगत राम, मुंडली से चंदन सिंह, ननहार से रमा, नेरवा चांदलोग से अशोक, पौरिया से तारा देवी, पवाहन से चंचल सिंह, पोलिया से कुलदीप राठौर, रुसलाह से यशपाल, सराहां से रूपता, सरी से जगत राम, तेलोर से पूनम गोंडटा, थाना से कमलेश, थरोच से वर्षा, टिक्करी से ओमप्रकाश राम, बगाहर चौकी से सतत राम, झिखनीपुल से बलदेव राज, लपानी से सुरेंद्र कुमार, गड़ा से जय लाल, कुटाह से सुमन लता, थुंडल से प्रियंका शर्मा, पंद्राड़ा से ललिता देवी, क्यारी शिलान से रीना तथा लछोग से बबीता प्रधान निर्वाचित हुए हैं।

कोटखाई विकास खंड की बघाहर पंचायत से पिंकी देवी, बखोल से रमा चौहान, दरकोटी से केदार सिंह, गिरावाग से महेंद्र सिंह, गुम्मा से विद्या चौहान, हिमरी से बिमलेश लता, कलबोग से अशोक कुमार, कियारी से दीपाली, कियारवी से किरत, महासू से देवेंद्र सिंह, पनोग से नीना, रामनगर से राजेश कुमार, रत्नाडी से सुनील ठाकुर, रावला क्यार से देव राज, थरोला से राजेश, घुंडा से ललित, चौगान (कुल्टी) से ओमपाल तथा ताहू-कठांडी से सुरेश कुमार प्रधान चुने गए हैं। मशोबरा विकास खंड की बलदेयां से पूनम, नालदेहरा से कमल दास, बलोग से जवाहर सिंह, भोंट से विक्रम सिंह, चम्याना से लीला शर्मा, धाली से निशा ठाकुर, जनेड़घाट से सविता आनंद, जुंगा से राज लाल, कोटी से प्रतीक, कुफरी शावां से शशांक अत्री, मल्याणा से अंकुश, मशोबरा से भगत राम, पगोग से कशोरी राम, पटगेहर से बाला वर्मा, पिरान से निशा देवी, पुजारली से ओम प्रकाश, बर्मू (केल्टी) से दीपांगा, कोलू जुब्बड़ से हिमी देवी, नाला से नारायण दत्त, मंझजू (डबरी) से सविता देवी, घढोट कड़ेहरी से कैलाश ठाकुर तथा शिलोनबाग से विनोद कुमार प्रधान निर्वाचित हुए हैं। रोहड़ू में अढाल से रचना, शरोंथा से जगदीप और टिक्कर से चंद्र प्रकाश तलोकटा, ठियोग में बगैन से राजेंद्र चंदेल, बलाघ से दीपाली तथा घूंड से सरोज देवी, कुपवी में भालू से सुखराम और कुलाग से अरविंद कुमार, टूटू में पिपलीधार से योगराज तथा घनाहट्टी से राज लाल, जबकि जुब्बल में अंटी से माही राम, सरस्वती नगर से संजीव और झराग से अनीता सहित अनेक प्रतिनिधियों ने जीत दर्ज की है।

ननखड़ी, नारकंडा, रामपुर, रोहड़ू, ठियोग, कुपवी, टूटू और जुब्बल विकास खंडों की पंचायतों में भी सैकड़ों जनप्रतिनिधियों को पंचायतों की कमान सौंपी गई है।

# बर्खास्त कर्मचारियों की सेवाएं बहाल न होने से सड़कों पर उतरे सैहब कर्मी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम शिमला के तहत कार्यरत सैहब सोसायटी के बर्खास्त 41 कर्मचारियों की सेवाएं बहाल न होने से नाराज सैहब कर्मचारी यूनियन शुक्रवार को एक बार फिर सड़कों पर उतर आई। सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों से घर-घर कूड़ा संग्रहण का कार्य पूरा करने के बाद कर्मचारी दोपहर में सीटीओ चौक पर एकत्रित हुए और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मेयर के साथ हुई बैठकों में आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक सेवा बहाली पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि बर्खास्त कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन जारी रहेगा और जब तक सभी कर्मियों की सेवाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक संघर्ष खत्म नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। धरने के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारी नगर निगम के सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले बचत भवन परिसर में पहुंच गए।

कर्मचारियों ने सदन के भीतर प्रवेश कर नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शन के कारण मेयर और कई अधिकारी सदन तक नहीं पहुंच सके, जबकि पार्षदों को कार्यवाही शुरू होने का इंतजार करना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर क्यूआरटी की टीम को बुलाया गया, जिसने प्रदर्शनकारियों को बाहर निकालने का प्रयास किया। घटना के बाद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई।

# जिम्मेदार नागरिक व राष्ट्र निर्माता बनाना शिक्षा का उद्देश्य: राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंजाब के पठानकोट स्थित श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि सच्ची शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने या रोजगार हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र निर्माता तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान राज्यपाल ने स्नातक विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं तथा संस्थान की 30 वर्षीय यात्रा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां शिक्षा का एक अध्याय समाप्त होता है और नई जिम्मेदारियों से भरी यात्रा शुरू होती है। उन्होंने युवाओं से ज्ञान और कौशल का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और वैश्विक प्रतिस्पर्धा ने कार्यक्षेत्र की प्रकृति बदल दी है, इसलिए निरंतर सीखना, नैतिक मूल्यों को अपनाना और सामाजिक संवेदनशीलता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कविंदर गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शोध, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे जागरूकता, नवाचार और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान में योगदान दें।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विज्ञान अनुसंधान में आगे बढ़ रहा देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने पालमपुर स्थित सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान का दौरा करने पहुंचे केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आईएचबीटी हिमाचल प्रदेश और पूरे हिमालयी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण संस्थान बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और स्वदेशी उत्पाद विकास के माध्यम से यह संस्थान स्थानीय संसाधनों को रोजगार और आर्थिक अवसरों में बदलने का कार्य कर रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईएचबीटी द्वारा अरोमा मिशन, पुष्पोत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संवर्धन तथा कृषि आधारित अनुसंधान के माध्यम से



किसानों, बागवानों और युवाओं को नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इससे स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिल रही है। उन्होंने संस्थान द्वारा किए गए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे प्रयोगशालाओं में विकसित तकनीकों का लाभ सीधे किसानों, उद्योगों और आम लोगों तक पहुंचेगा। कश्यप ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में आईएचबीटी हिमालयी क्षेत्र के किसानों, युवाओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए अवसरों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# लोहा और भलावग जंगल में आग से अमूल्य वन संपदा जलकर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा क्षेत्र के लोहा और भलावग जंगल में बीते सांय भीषण आग लगने से अमूल्य वन संपदा को नुकसान हुआ है। हालांकि वन विभाग के कर्मचारी और स्थानीय लोग आग बुझाने में दिनराम डटे हुए हैं, जिनके प्रयासों से जंगल में एक तरफ से लगी आग पर फायर लाईन बनाकर काबू पा लिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी जसविंद्र सिंह ने बताया कि यह एरिया चेवड़ा वन बीट के अंतर्गत आता है। उन्होंने बताया कि इस भीषण अग्नि से करीब 25 हैक्टेयर वनों को नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया स्थानीय लोगों के प्रयासों से वन में लगी भीषण आग को बुझा दिया जाएगा। वन रैंज अधिकारी ने बताया कि गर्मियों के मौसम में कुछ शरारती तत्व जानबूझ कर जंगल में आग लगाते हैं जिससे जहां वनों की अमूल्य संपदा नष्ट हो जाती है। वहीं जंगल में रहने वाले असंख्य जीव जंतु भी आग की चपेट में आकर जल जाते हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होने ग्रामीण परिवेश के लोगों से आग्रह किया कि वह भी वनों को आग से बचाने में अपना रचनात्मक सहयोग दें ताकि वन संपदा को आग से बचाया जा सके। उन्होने लोगों से यह भी आग्रह किया कि शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। वन खंड अधिकारी वीना कश्यप, फोरेस्ट गार्ड कुश्ल शर्मा, लब्बू राम, सुनील कुमार व कोटी रैंज के सभी वन मित्र आग बुझाने के कार्य में डटे हैं।



# नीट पेपर लीक मामले में प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेगी कांग्रेस पार्टी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस ने देश में नीट परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई सहित अन्य परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान छेड़ने का निर्णय लिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे 1 या 2 जून को अपने-अपने जिलों में उपायुक्तों के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपें। ज्ञापन में केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और अखंडता बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव विनोद जिंटा ने कहा कि इस वर्ष लगभग 24 लाख विद्यार्थी नीट परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन पेपर लीक विवाद और मूल्यांकन प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं के कारण लाखों छात्रों और उनके परिवारों को भारी मानसिक तनाव और असमंजस का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सीबीएसई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर उठे गंभीर सवालों ने छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर किया है। बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाएं युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर करती हैं। जिंटा ने आरोप लगाया कि अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय केंद्रीय शिक्षा मंत्री विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ निराधार बयानबाजी कर जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे बयानों की कड़ी निंदा करती है और परीक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय किए जाने की मांग करती है। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपकर देश के प्रतिभाशाली युवाओं की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया है।

**प्रतियोगिता** 5 जून को एमसी ग्राउंड संजौली में आयोजित होगा ट्रायल

# शिमला समर फेस्टिवल में होगी एंटी चिट्टा अंडर-21 ब्वॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला समर फेस्टिवल-2026 के दौरान पहली एंटी चिट्टा अंडर-21 अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप (ब्वॉयज) का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन परीक्षण 5 जून को एमसी ग्राउंड संजौली में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने बताया कि चयन परीक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जन्म तिथि का मूल प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 या उसके बाद हुआ है।

उन्होंने बताया कि बेहतर प्रतिभाओं के चयन और प्रतियोगिता में शिमला जिले का मजबूत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए चयन परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इन ट्रायल्स के माध्यम से जिला वॉलीबॉल टीमों का गठन किया जाएगा, जो समर फेस्टिवल के दौरान आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित





प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। प्रशासन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

◆ **विजेता टीम को एक लाख और उपविजेता को 50 हजार रुपए मिलेगा इनाम**

पंकज शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टे जैसे घातक नशे से दूर रखने तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की विजेता टीम को एक लाख रुपये, उपविजेता टीम को 50 हजार रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, ट्रॉफी और मेडल दिए जाएंगे। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने, यात्रा और दैनिक भत्ते की व्यवस्था आयोजक समिति द्वारा की जाएगी।

# पुलिस ने इस साल 176 नशा तस्करों को भेजा जेल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सिंथेटिक ड्रग्स व चिट्टा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने इस वर्ष बड़ी कार्रवाई करते हुए 176 आदतन नशा तस्करों को पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत जेल भेजा है। युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से पुलिस ऐसे तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है। प्रदेश में जिला शिमला इस अभियान में सबसे आगे रहा है, जहां पिछले पांच महीनों के दौरान 40 आदतन नशा तस्करों को जेल भेजा गया। पुलिस आंकड़ों के अनुसार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र में 24, नूरपुर में 18, सिरमौर और कांगड़ा में 16-16, सोलन में 15 तथा कुल्लू में 13 आदतन नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अलावा देहरा में 9, मंडी में 8, बिलासपुर में 7, ऊना और किन्नौर में 3-3 तथा चंबा और हमीरपुर में दो-दो आरोपियों को तीन माह के लिए जेल भेजा गया है। कई मामलों में आरोपियों की निरोध अवधि छह माह तक भी बढ़ाई गई है।

लाहौल-स्पीति जिला इस सूची में एकमात्र ऐसा जिला रहा, जहां इस अधिनियम के तहत कोई कार्रवाई दर्ज नहीं हुई। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम, 1988 मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया विशेष कानून है। इसके तहत आदतन नशा तस्करों और ड्रग नेटवर्क से जुड़े लोगों को निवारक निरोध के माध्यम से जेल भेजने का प्रावधान है, ताकि वे जेल से बाहर आकर दोबारा नशे के कारोबार में शामिल न हो सकें। प्रदेश पुलिस का मानना है कि इस सख्त कार्रवाई से नशा माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिल रही है और युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने वाले गिरोहों की कमर टूट रही है।

# पर्यटन सीजन में जाम कर रहा काम खराब

## करमू मोड़ पर टूटा मार्ग बढ़ा रहा मर्ज, वनवे मार्ग पर सुबह और शाम को फंस रहे वाहन

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में पर्यटन सीजन उफान पर है, लेकिन पर्यटन नगरी जाम में काम खराब कर रहा है। खड़ा डंडा मैक्लोडगंज जाने से मार्ग पर करमू मोड़ पर सडक़ टूटी हुई है, ऐसे में वनवे के रूप में ट्रैफिक चलाया रहा है, जो कि मर्ज बढ़ा रहा है। वने की तरह ट्रैफिक की वजह से वाहन फंस रहे हैं।

करमू मोड़ पर धूप होने पर धूल उड़ रही है और बारिश में कीचड़ परेशानी बढ़ा रहा है तथा वाहन फंसने की वजह से जाम की स्थिति आम हो गई है। हालांकि जिला प्रशासन का कहना है कि बरसात से खराब हुई सडक़ों को सुधारा जा रहा है और लोक निर्माण विभाग से जल्द सडक़ों की दशा सुधारने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन करमू मोड़ की समस्या लगातार स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों की परेशानी का सबब बनी हुई है।



खड़ा डंडा-मैक्लोडगंज मार्ग पर करमू मोड़ पर लगा जाम। अनंत ज्ञान

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में वैसे भी पर्यटकों की आमद अधिक रहती है, वहीं हाल ही में धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मुकाबलों से भी पर्यटकों की चहलकदमी में इजाफा हुआ है। हालांकि धर्मशाला से मैक्लोडगंज मार्ग पर जगह-जगह बदहाल हुए मार्ग की स्थिति में कुछ सुधार तो हुआ है, लेकिन कोतवाली बाजार से मैक्लोडगंज जाने वाले मार्ग के साथ करमू मोड़ मार्ग की बदहाली परेशानी बढ़ाने का काम कर रही है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि करमू मार्ग वाले पैच पर डंगा लग चुका है, अब कंक्रीट कार्य होना है, जिसे जून माह में पूरा कर लिया जाएगा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की ओर से इस मार्ग को जल्द सुधारने का आश्वासन मिला है, जिसके लिए एक-दो दिन मार्ग को बंद रखना पड़ेगा, इस संबंध में पुलिस प्रशासन से बैठक करके चर्चा की जाएगी।

### खड़ा डंडा मार्ग दो जगह किया ठीक: उपायुक्त



**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि मैक्लोडगंज से धर्मशाला सड़क की हालत बारिश के चलते हालत खराब हो गई थी, जिसे रिस्टोर करने में काफी समय लगा। हालांकि बाईपास रोड़ को रिस्टोर कर दिया गया है। खड़ा डंडा मार्ग भी दो से तीन जगहों से टूटा हुआ था, जिसे दो जगह से ठीक कर दिया गया है, जबकि एक जगह पर वनवे के रूप रास्ता खोला गया है, लेकिन यह मार्ग भी पूरी तरह से ठीक नहीं है। इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की ओर से आश्वस्त किया गया है कि जल्द ठीक कर दिया जाएगा। डीसी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान कुछ कार्यों में विलंब होता है, लेकिन प्राथमिकता वाले कार्यों में प्रयास रहता है, उनकी गति धीमी न पड़े। कोतवाली बाजार से मैक्लोडगंज मार्ग पर भी कार्य प्रगति पर है, उसे भी जल्द रिस्टोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां भी रोड़ उखड़ा है या गडढे पड़े हैं उसे ठीक करने के लिए लोक निर्माण विभाग को कहा गया है। शहीद स्मारक से चीलगाड़ी मार्ग भी एक जगह से पूरी तरह से टूटा है, जहां एनएच/पीडब्ल्यूडी की ओर से कार्य किया जा रहा है।


# लंज कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पहली जून से

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए, बीकॉम एवं बीएससी कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय व तृतीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया 1 जून 2026 से आरंभ होगी। पात्र विद्यार्थी महाविद्यालय कार्यालय से प्रवेश विवरणिका (प्रॉस्पेक्टस) प्राप्त कर निर्धारित योग्यता प्रमाण पत्रों सहित 1 जून से 19 जून 2026 तक आवेदन जमा करवा सकते हैं।

महाविद्यालय लंज प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत किया जाएगा। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सत्र 12 जून 2026 से शुरू होगा। वहीं सभी विद्यार्थियों के लिए फीस जमा करवाने की तिथि 12 जून से 30 जून 2026 निर्धारित की गई है।इसके अतिरिक्त पोस्ट एडमिशन काउंसलिंग 28 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी।

# बढ़ा तापमान, जंगलों में आग के 33 मामले, 21 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी में लगातार बढ़ते तापमान से जंगलों की आग की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। पिछले दस दिनों की बात करें तो बढ़ते पारे के चलते धर्मशाला वन मंडल में जंगलों में आग के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जबकि अब तक 33 मामले सामने आ चुके हैं। इसके चलते 21 लाख रुपये का नुकसान वन विभाग को उठाना पड़ा है, वहीं 39 हेक्टयर वन भूमि पर प्लांटेशन एरिया प्रभावित हुआ है। 66 हेक्टयर एरिया में आग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी के चलते जंगलों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है। जंगलों में आग लगने के नुकसान का आकलन दो बार किया जाता है। पहला आकलन आग बुझने के बाद नुकसान का आकलन होता है। गर्मियों में जंगलों में आग लगने से प्रभावित कुछ पौधे बरसात में बारिश होने पर रिवाइव कर जाते हैं, जिसके चलते दूसरा व अंतिम आकलन बरसात के बाद किया जाता है। बकौल डीएफओ यदि प्लांटेशन एरिया 5 हेक्टेयर से अधिक आग लगने की वजह से प्रभावित होता है तो थर्ड टाइम मॉनिटरिंग डीएफओ स्तर पर की जाती है, जबकि प्रभावित एरिया 10 हेक्टेयर से अधिक हो तो कंजरवेटर स्तर पर थर्ड टाइम मानिटरिंग की जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक से की भेंट

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत न्याड़ पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान पूजा देवी व उपप्रधान राजीव शर्मा और वार्ड सदस्यों बाला शर्मा, रविन्द्र कुमार, सरोज कुमारी, पूजा रानी, शिवानी शर्मा ने शुक्रवार को विधायक बिक्रम ठाकुर से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की।भाजपा समर्थित इन सभी जनप्रतिनिधियों ने विधायक के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसेवा के मुद्दों और न्याड़ को आदर्श पंचायत बनाने की कार्ययोजना पर सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर विधायक बिक्रम ठाकुर ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों पर विश्वास जताने के लिए क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया।उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और क्षेत्र की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करेंगे। विधायक बिक्रम ठाकुर ने पंचायत के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, गगल।** आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के चारों सदनों के बीच कला प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में छवि प्रथम स्थान, अनुराग दूसरे स्थान तथा इशानी तीसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में टैगोर सदन से पीयूष प्रथम, भगत सिंह सदन से वंशिका द्वितीय तथा शिवाजी सदन से मानवी तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष डालोरिया व अध्यापिका शिखा ने बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव बताए तथा तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया।

### सिद्धबाड़ी में वार्षिक मेला कल, छिंज 1 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्री दारुणी माता मंदिर, रक्कड़ रोड, सिद्धबाड़ी में वार्षिक मेले का आयोजन 31 मई से 1 जून तक बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। मेले की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मंदिर मेला कमेटी के अध्यक्ष जगदीश अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय इस मेले में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से भी हजारों की संख्या में भक्तजन माता के दर्शन हेतु पहुंचते हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले के मुख्य आकर्षण छिंज का आयोजन 1 जून, 2026 को किया जाएगा। छिंज में भाग लेने वाले पहलवानों से अनुरोध है कि वे 1 जून को शाम 4 बजे तक अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करवा लें। निर्धारित समय के बाद आने वाले पहलवानों को कुश्ती में शामिल नहीं किया जाएगा।

### आसमान से बरसी राहत की फुहारें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले कुछ दिनों से तपते पहाड़ों के बीच शुक्रवार दोपहर आसमान से राहत की फुहारें बरसी। हल्की बूंदाबांदी ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई है। जिला में पिछले 10 से 15 दिनों से पड़ रही गर्मी से हर कोई बेहाल था। हर कोई आसमान की ओर देखकर राहत की बारिश के बरसने का इंतजार कर रहा था, जिसका इंतजार शुक्रवार को खत्म हुआ और हल्की बारिश हुई। इस दौरान लोगों ने बारिश के बीच घूमते हुए इसका आनंद लिया। लोगों का कहना है कि इसी तरह का मौसम एक से दो दिनों तक बना रहे तो गर्मी से राहत मिल सकती है।

### पंजाब बिजली बोर्ड के जेई रविंद्र रिटायर



**अनंत ज्ञान, गगल।** पंजाब बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार जो शुक्रवार को 40 वर्ष की सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पंजाब बिजली बोर्ड घुडक़डी के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार, जेई शिव राम ब पंजाब बिजली बोर्ड के स्टाफ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सागर ऑटोमोबाइलस में फोर्स की नई ट्रेवलर एन लॉन्च की



फोर्स की नई ट्रेवलर एन को लॉन्च करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली।** टूर एंड ट्रेवल सेगमेंट में सबसे पसंदीदा कम्पनी फ़ोर्स मोटर्स ने अपनी नई ट्रेवलर जिसे ट्रेवलर एन नाम दिया गया है, को लॉन्च कर दिया है। सागर ऑटोमोबाइलस राजोल (बनोई) में भी नई ट्रेवलर एन की लॉन्चिंग शुक्रवार को की गई। इस अवसर पर एमडी वीरेंद्र चौधरी, दविंदर कुमार चौधरी, कशिश, अभिनव, टीएसम परमदीप सिंह सहित विभिन्न ट्रेवल एजेंसियों के मालिक मौजूद रहे। इस मौके पर टीएसएम परमदीप सिंह ने उपस्थित जनों को बताया कि नई ट्रेवलर गाड़ी में कंपनी ने कुल 51 परिवर्तन किए हैं जिनमें 28 मुख्य परिवर्तन हैं। यह परिवर्तन गाड़ी को सुंदर, मजबूत, आरामदायक, माइलेज में बढोतरी व मेंटेनेंस में कम खर्च को ध्यान में रख कर किये गए हैं।

टीएसएम ने कंपनी के बारे में बताते हुए कहा कि फोर्स मोटर्स कंपनी इंजन, एक्सेल बॉडी सब खुद बनाती है। छोटे से छोटे पार्ट से बड़े पार्ट इंजन सब कम्पनी खुद बनाती है। गाड़ी बनाने के लिए पूरी टेक्नोलॉजी कम्पनी की अपनी है।

# प्रागपुर में नया पुलिस थाना बनाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** प्रागपुर को उपमंडल का दर्जा मिलने के बाद अब इस क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यहां एक स्वतंत्र पुलिस थाना खोलना समय की सबसे बड़ी मांग है और सरकार को इसे प्राथमिकता के आधार पर करना ही होगा। परागपुर व गरली जैसे विश्व प्रसिद्ध धरोहर गांवों में पर्यटकों का भारी दबाव और बलाहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कारण यहां की जनसंख्या का घनत्व तेजी से बढ़ा है। भौगोलिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र अत्यंत विस्तृत और चुनौतीपूर्ण है, जिसके चलते आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता पहुंचने में देरी हो रही है। प्रवासियों की बढ़ती संख्या और स्थानीय स्तर पर बढ़ते विवादों ने क्षेत्र की शांति व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। अजय शर्मा, अखिलेश सोनी, सेंटी शाह, विभु सूद, ऋषभ सूद, संजीव वर्मा, भगवानदास, रजत शर्मा, दिनेश कौल, महेश कौल, दीपक सूद, प्रदीप सूद व दीपक पटियाल जैसे प्रबुद्ध निवासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को स्पष्ट किया है कि बढ़ते अपराधों और भौगोलिक जटिलताओं के मद्देनजर सरकार को बिना देरी किए गृह विभाग के सचिव व पुलिस महानिदेशक से प्रागपुर में थाना खोलने के लिए तत्काल प्रपोजल रिपोर्ट तलब करनी होगी। इस प्रक्रिया के तहत पुलिस विभाग व जिला प्रशासन को सर्वप्रथम क्षेत्र की जनसंख्या, व्यापक भौगोलिक सीमा और अपराधों के बढ़ते ग्राफ का संयुक्त सर्वेक्षण पूरा करना होगा। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से यह रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजी जाएगी।

# अधिकारी करेंगे 44 पंचायतों में स्कूलों का दौरा, बच्चों को बताएंगे नशे के दुष्परिणाम

अनंत ज्ञान



एडीसी विनय कुमार बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले की 44 चिन्हित पंचायतों में विभिन्न विभागों के अधिकारी स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। यह बात एडीसी विनय कुमार ने शुक्रवार को जिला में नशे की रोकथाम के लिए चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए एनआईसी सभागार, धर्मशाला में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि नशे के मामलों में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि नशे की सप्लाई चेन तक पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। नशे की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के अवैध कब्जों को हटाने के साथ-साथ यदि कोई सरकारी कर्मचारी ऐसी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

एडीसी ने 'संवाद' (एसएएमवीएएडी दृसिस्टेमैटिक अडोलसेंट मैनेजमेंट एंड वैल्यू एडिशन डायलॉग) कार्यक्रम की उपयोगिता पर बल देते हुए शिक्षा विभाग को स्कूलों में गठित प्रहरी क्लबों को सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए संवाद कार्यक्रम के तहत नियमित गतिविधियां आयोजित की जाएं।

# द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में छात्र सेमिनार का आयोजन, शोध पत्रों की हुई प्रस्तुति



द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में रिसर्च एंड एक्सटेंशन सेल के सौजन्य से छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया ने मुख्यातिथि, कार्यकारिणी निदेशक डॉ बीएस पठानिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं डॉ प्रवीण शर्मा ने सेमिनार निदेशक, डॉ अनीता चंदेल मुख्य वक्ता,अनिल कोरला ने रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद रहे। वहीं अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं महाविद्यालय के छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें बेस्ट रिसर्च पेपर अदिति,प्रियंका बेस्ट प्रेजेंटर मन्नत, शबनम को चुना गया।वहीं मुख्यतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ प्रवीण शर्मा ने बताया कि शिक्षा का असली मकसद सिर्फ डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान की गहराई में जाकर नई संभावनाओं को तलाशना है। द्रोणाचार्य कॉलेज हमेशा से छात्रों को व्यावहारिक और शोध-आधारित शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जी एस पठानिया, कार्यकारिणी निदेशक बी एस पठानिया प्राचार्य डॉ प्रवीण शर्मा सहित समस्त स्टाफ, विभागाध्यक्ष और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# धर्मशाला में मिलेट्स एवं पोषण संगोष्ठी, टीबी मरीजों को वितरित की पोषण किट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला क्षय रोग प्रकोष्ठ कांगड़ा द्वारा मिलेट्स एवं पोषण विषय पर संगोष्ठी तथा निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय कांगड़ा, धर्मशाला के मीटिंग हॉल में कार्यक्रम का आयोजन तशविका फूड लिमिटेड की निदेशक साधवी पांडे के सहयोग से, रोटरी क्लब्स, इनर व्हील क्लब्स तथा साई सेवा समितियों, जिला कांगड़ा के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन कांगड़ा का भी सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जिससे टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने में सहायता मिल रही है। इस अवसर पर टीबी के साथ जी रहे 30 व्यक्तियों को मिलेट्स आधारित पोषण किटट्ठ वितरित की गईं तथा निक्षय मित्र पहल के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना की गई।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आरके सूद ने जानकारी दी कि जिला कांगड़ा में वर्तमान में लगभग 850 टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों ने निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत सहमति प्रदान की है, जिनमें से लगभग 350 व्यक्तियों को प्रतिमाह पोषण किट उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## जंडवाल (बघर) में बच्चों के लापता होने से हड़कंप

# पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुरक्षित किया बरामद



सीसीटीवी की मदद से सुरक्षित बरामद किए बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** पठानकोट जिले के गांव जंडवाल (बघर) में चार स्कूली बच्चों के सुबह सैर पर निकलकर लापता होने से अफरा-तफरी मच गई। दो बच्चे 7वीं और दो 8वीं कक्षा के छात्र थे, जो सुबह 5 बजे घर से निकले थे लेकिन 8 बजे तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए मामून कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी दलजींदर सिंह ढिल्लों के निर्देश पर एसएचओ प्रीति ने टीमों का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बच्चों को चक्की खड्डु क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया और लगभग एक घंटे में उन्हें परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने और खड्डु-नहरों के पास न जाने की अपील की।

## प्रधान बनते ही राजीव कुमार का ऐलान

# सड़क व पेयजल व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे चक्का जाम

अनंत ज्ञान

**सालविया शर्मा, गरली।** ठाकुरद्वारा-करियाडा पंचायत के नव निर्वाचित प्रधान राजीव कुमार ने कुर्सी संभालते ही पंचायत की बदहाल सडक़ और पेयजल व्यवस्था को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि यदि क्षेत्र में लोगों को स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित सडक़ सुविधा नहीं मिली तो पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को साथ लेकर चक्का जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

राजीव कुमार ने आरोप लगाया कि पंचायत क्षेत्र में बने चार ओवरहेड वाटर टैंकों की वर्षों से सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा। उन्होंने बताया कि गांव मिटां, करियाडा, पाजला बस्ती और रजोल में बने इन वाटर टैंकों से पूरे क्षेत्र को पानी की सप्लाई दी जाती है, लेकिन लंबे समय से उपरोक्त बाटर टैंकों की सफाई नही की गई है जिससे तमाम पचायत भर के ग्रामीणो को स्वच्छ पेजयल की सप्लाई नही मिल रही है स्थानिय ग्रामीणो की पेयजल को लेकर काफी समय से शिकायते मिल रही थी। उन्होंने कहा कि पंचायत और स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर जल्द ही विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा ताकि सभी ओवरहेड वाटर टैंकों की सफाई कर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने पंचायत क्षेत्र की जर्जर सडक़ों का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि कुंदली हार से करियाडा, नकेडपुल से मंडेली और कुंदली हार से गांव पाजला तक जाने वाली सडक़ें बेहद खस्ताहाल हैं और इन पर सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सडक़ और पानी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया तो पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# अध्यापकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर विद्यालयों में वापस भेजा जाए: वीरेंद्र चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ (एचजीटीयू) ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों को लगातार गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। संघ के राज्याध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने जारी बयान में कहा कि हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों में प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तक के अध्यापकों की ड्यूटियां लगाए जाने के कारण लगभग एक माह तक शिक्षण कार्य प्रभावित रहा, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि चुनावी दायित्वों के तुरंत बाद अब अध्यापकों को जनगणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, जिससे विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। चौहान ने आरोप लगाया कि यह स्थिति शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 की भावना के विपरीत है तथा अध्यापकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में उलझाकर विद्यालयों को लगभग खाली किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरटीई प्रावधानों के उल्लंघन से बचने के लिए अन्य विद्यालयों से औपचारिकता पूरी करने हेतु अध्यापकों को अस्थायी रूप से बुलाया जा रहा है, लेकिन इससे वास्तविक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे कार्यों के लिए अन्य विभागों के कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएं तथा अध्यापकों को उनके मूल दायित्व अर्थात् शिक्षण कार्य करने दिया जाए।

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में 8वें दीक्षांत समारोह का किया आयोजन

# राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने 250 विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां

अनंत ज्ञान



श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल डिग्रियां देते हुए। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कैंपस में 8वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संकायों के 250 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रुप चांसलर इंजीनियर एसके पुंज, एमडी मैडम तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज तथा उपाध्यक्ष रिया पुंज ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, ग्रुप चांसलर इंजीनियर एसके पुंज, एमडी मैडम तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज, उपाध्यक्ष श्रीमती रिया पुंज, अकैडमिक डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. नवदीप सवाल, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. राजेश गुप्ता, प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता, प्रिंसिपल संजय पंडित, डॉ. गिरीश गुप्ता, डॉ. अनिल हंसपाल, डॉ. सतिंद्रजीत कौर, डॉ. जसवंत कौर, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. अलका शर्मा, डॉ. केवल कृष्ण, डॉ. नेहा तुली, डॉ. विभूति, डायरेक्टर सुलक्ष्य कुमार मुर्गही, अश्वनी शर्मा, हरमोहिंदर सिंह सहित ग्रुप के समस्त एचओडी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने की निरंतर प्रक्रिया है और यह दीक्षांत समारोह ज्ञान के नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, परिश्रम और समाज सेवा की भावना अपनाने की अपील की।

सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ डटकर खड़े होने और अन्ना हजारे जैसे आंदोलन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बदलाव का हमेशा विरोध होता है, लेकिन सही दिशा में किया गया परिवर्तन अवश्य सफल होता है। समारोह के दौरान एसएससीईटी, एसएससीपी, एसएससीई व एसएससीआईएमआईटी के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं तथा बैच 2023, 2024 और 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** आघार पंचायत के चौकेड गांव मे तीन सलेट पोश मकान जलकर राख हो गया है। इस दौरान लाखों का नुकसान हुआ है। वीरवार देर रात लगभग एक बजे चौकेड गांव मे आग लगने से तीन मकान जलकर राख हो गए इस बारदात मे तीनों मकानों की छत जलकर राख हो गई है। इसके इलावा इन मकानों की ऊपरी मंजिल मे रखा सामान जैसे कि बिजली के उपकरण टीवी फ्रिज एवं फर्नीचर राख हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। नवनियुक्त प्रधान अश्वनी ने बताया कि अगर समय पर अग्निशमाक विभाग नहीं पहुंचता तो गांव मे बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों को प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की फॉरी राहत राशि नहीं दी गई है

### तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री द्वारा स्टाफ के सदस्यों को धूम्रपान एवं अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा पटियाल, जन शिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी सुनील रांगड़ा तथा कार्यालय के समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

### जेबीटी भर्ती परीक्षा 13 से 16 जून तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने जेबीटी पोस्ट कोड-26015 की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि घोषित कर दी है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि यह परीक्षा 13, 14 और 16 जून को होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर एक लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल पर ताजा स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है।

### श्री विष्णु सहस्त्र नाम वाचन ज्ञान यज्ञ कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के तत्वाधान में संचालित धर्म रक्षा समिति व गीता व राम चरित मानस प्रचार प्रासर संस्थान द्वारा पुरूषोतम मास की पूर्णिमा के शुभ पर्व पर 31 मई रविवार को बाल भवन वार्ड नंबर 5 के बहुआयामी भवन में गीता के 15वें अध्याय पुरूषोतम योग का पाठ एवं श्री विष्णु सहस्त्र नाम का वाचन भक्तजनों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद हवन यज्ञ में सभी श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। यह पुनीत कार्यक्रम प्रात 10 बजे आरंभ होगा तथा दोपहर 2 बजे संपन्न होगा। गीता व रामचरित मानस प्रचार व प्रसार संस्था के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने सभी विष्णु भक्तों से नियत समय पर बाल भसन में आने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि समय पर न पहुंचने वाले भक्त केवल श्रोता के रूप में अपने स्थान पर बैठकर ध्यान कर सकते हैं।

### सचिव-विक्रेता पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हनोह कृषि सहकारी समिति सभा द्वारा सचिव तथा विक्रेता पदों को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभा प्रधान हुक्म चंद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक सभा कार्यालय में पहुंचकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 निर्धारित की गई है। उम्मीदवार शाम 5 बजे तक अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभा प्रधान ने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी।

### बारी में राजीव, टपरे में प्रदीप बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** पंचायती राज चुनावों के दूसरे चरण में आज बमसन ब्लॉक की ग्राम पंचायत बारी और टपरे में चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें लोगों ने पुराने दिग्गजों को दरकिनार करके नए लोगों को अवसर प्रदान किया। ग्राम पंचायत बारी में बरिष्ठ पत्रकार राजीव चौहान ने सुनील कुमार को 72 मतों से हराया, यहाँ राजीव चौहान को 499, सुनील कुमार को 427 व पूर्व प्रधान रविंदर ठाकुर को 361 मत पड़े। वहीँ उप प्रधान पद पर अशोक चौहान ने संजय चौहान को 257 मतों से हराया। अशोक चौहान ने रिकॉर्ड 629 मत, संजय चौहान को 372 व पुरुषोत्तम दास को 295 मत पड़े। ग्राम पंचायत टपरे में प्रदीप ठाकुर ने अजय चौहान को 114 मतों से हराया, वहीं उपप्रधान पद पर रिटायर्ड सूबेदार मेजर हरनाम सिंह ने राजेश ठाकुर को हराया।

### एक ही गांव से बने प्रधान और उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विकास खंड बिझड़ी की दो ग्राम पंचायतों में इस बार पंचायत चुनावों के नतीजों ने लोगों को चौंका दिया। ग्राम पंचायत धबड़याणा और करेर में प्रधान व उपप्रधान दोनों पद एक ही गांव के उम्मीदवारों ने जीत लिए हैं, जिसे क्षेत्र में अनोखी राजनीतिक घटना माना जा रहा है। धबड़याणा पंचायत में उमा शर्मा प्रधान और राकेश रतन लखनपाल उपप्रधान चुने गए, जबकि दोनों धबड़याणा गांव से ही संबंध रखते हैं। इसी तरह करेर पंचायत में सरला शर्मा और कीर्ति स्वरूप क्रमशः प्रधान व उपप्रधान बने और दोनों करेर गांव के निवासी हैं। एक ही गांव से दोनों शीर्ष पदों पर जीत ने क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना दिया है। वहीं, कलबाल पंचायत में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया के भाई की उपप्रधान पद पर करीब 40 वोटों से हार भी चर्चा का विषय बनी हुई है। दूसरी ओर, गारली पंचायत में परमजीत शर्मा उर्फ डैंफा के भाई संजय शर्मा ने उपप्रधान चुनाव 937 वोटों के बड़े अंतर से जीतकर राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है।

### परमार यूथ क्लब बजड़ौह ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बजड़ौह में पंचायत चुनाव के अवसर पर परमार यूथ क्लब बजड़ौह द्वारा श्रद्धालुओं एवं आम जनता के लिए छबील का आयोजन किया गया। चुनाव के दिन क्षेत्र में लोगों की अधिक आवाजाही को देखते हुए युवाओं ने सेवा भावना के साथ लोगों को ठंडा मीठा जल एवं जलपान वितरित किया। इस दौरान क्लब के युवाओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य को स्थानीय लोगों ने काफी सराहा। युवाओं ने कहा कि समाज सेवा और मानवता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में युवक मंडल के सदस्य अनिकेत, सौरभ कटना, सूर्या, कार्तिक, विकास, रिशव नेगी, अंकुश, शुभम कटना और रजत सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी सदस्यों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### धनेटा कॉलेज में 19 जून तक जमा करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 जून 2026 से प्रारंभ की जा रही है। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा बताया कि राजकीय महाविद्यालय धनेटा हिमाचल प्रदेश का एकमात्र राजकीय महाविद्यालय है, जहां इस शैक्षणिक सत्र से विज्ञान स्नातक (बी.एससी.) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा विज्ञान स्नातक (बी.एससी.) डाटा साइंस जैसे आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 01 से 19 जून तक महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर अपने आवेदन पत्र आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों सहित अपलोड कर सकते हैं। विद्यार्थी कला स्नातक (बीए), वाणिज्य स्नातक (बीकॉम), विज्ञान स्नातक डाटा साइंस, विज्ञान स्नातक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) तथा बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) पाठ्यक्रमों में अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार विषयों का चयन कर ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों की काउंसलिंग 12 से 19 जून तक आयोजित की जाएगी। प्रथम वर्ष की प्रथम मेरिट सूची 20 जून को सायं 5: 00 बजे महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। चयनित विद्यार्थी 21 जून से 23 जून 2026 तक अपनी प्रवेश फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकेंगे।

# आखिरी चरण में 77 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान का फैसला आज

## मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन सख्त, 100 मीटर दायरे में प्रचार पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण में जिला हमीरपुर की 77 ग्राम पंचायतों में शनिवार को मतदान किया जाएगा। इन पंचायतों में प्रधान एवं उपप्रधान के कुल 154 पदों और पंचायत सदस्यों के कुल 429 पदों के अलावा इनके अंतर्गत आने वाले जिला परिषद और बीडीसी वार्डों के लिए भी मतदान होगा।

आखिरी चरण में नादौन ब्लॉक की 20 पंचायतों में 110 बूथ बनाए गए हैं। बिझड़ी ब्लॉक की 15 पंचायतों में 87 बूथ, बमसन ब्लॉक की 8 पंचायतों में 42 बूथ, भोरंज ब्लॉक की 14 पंचायतों में 82 बूथ, हमीरपुर ब्लॉक की 12 पंचायतों में 66 बूथ और सुजानपुर ब्लॉक की 8 पंचायतों में 42 बूथ बनाए गए हैं। आखिरी चरण में उम्मीदवारों ने शुक्रवार को घर घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। शनिवार को होने आखिरी चरण में जिला की सभी पंचायतों को प्रधान व उप प्रधान मिल जाएंगै उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में सभी तरह की प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह की प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने, मतदाताओं को लुभाने या प्रभावित करने से संबंधित अन्य सभी गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। मतदान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। 30 मई को मतदान का समय सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक रहेगा।

पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी।

### दूसरे चरण में 82 पंचायतों में 74.94 प्रतिशत मतदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण में वीरवार को जिला हमीरपुर की 82 ग्राम पंचायतों में लगभग 74.94 प्रतिशत मतदान हुआ। इन पंचायतों में प्रधान एवं उपप्रधान के 82-82 पदों, पंचायत वार्ड सदस्यों के 466 पदों और इनके अंतर्गत जिला परिषद और बीडीसी के सदस्यों के निर्वाचन के लिए सुबह 7 बजे मतदान आरंभ हुआ। सभी 466 मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाताओं में काफी उत्साह नजर आया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान की समाप्ति तक यह आंकड़ा लगभग 74.94 प्रतिशत तक पहुंच गया। कुल 1,25,768 में से 94,245 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें महिलाओं की संख्या 51,423 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 42,822 रही। इस चरण में नादौन ब्लॉक की 21 पंचायतों के 115 बूथों में 76.35 प्रतिशत, बिझड़ी ब्लॉक की 17 पंचायतों के 99 बूथों में 72.55 प्रतिशत, बमसन ब्लॉक की 8 पंचायतों के 42 बूथों में 74.98 प्रतिशत, भोरंज ब्लॉक की 15 पंचायतों के 91 बूथों में 75.06 प्रतिशत, हमीरपुर ब्लॉक की 13 पंचायतों के 75 बूथों में 76.94 प्रतिशत और सुजानपुर ब्लॉक की 8 पंचायतों के 44 बूथों में 73.49 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### हिम अकादमी में 'काइंडनेस चैलेंज मंथ' का उत्साहपूर्ण समापन

## बच्चों ने सीखा करुणा और जिम्मेदारी का पाठ

अनंत ज्ञान



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बच्चों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे मई माह को 'काइंडनेस चैलेंज मंथ' के रूप में मनाया गया। इस विशेष अभियान का समापन समारोह विद्यालय परिसर में बड़े उत्साह, सकारात्मकता एवं आनंदपूर्ण वातावरण के साथ आयोजित किया गया। यह गतिविधि कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने दया, करुणा, सहानुभूति एवं सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। काइंडनेस चैलेंज मंथ के दौरान विद्यार्थियों को प्रतिदिन दयालुता से जुड़े छोटे-छोटे कार्य एवं प्रेरणादायक टिप्स दिए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पौधों को नियमित रूप से पानी देना, प्रकृति की सुरक्षा करना, पशु-पक्षियों को भोजन देना, जरूरतमंदों की सहायता करना तथा दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सद्भावनापूर्ण कार्य करने जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह के दौरान कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों को उनकी सक्रिय सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट सहभागिता एवं समर्पण दिखाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण विद्यालय हेडमास्टर कंचन लखनपाल, सेवा प्रमुख नेहा तथा काइंडनेस एक्टिविटी हेड पूजा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों, सहानुभूति, दयालुता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को जीवनभर दयालुता एवं सेवा की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। काइंडनेस एक्टिविटी हेड पूजा शर्मा ने भी विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव एवं सुझाव सुने। विद्यार्थियों ने बताया कि इस चैलेंज ने उन्हें दूसरों की सहायता करने तथा प्रकृति एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए प्रेरित किया।

## भारत की खनिज सुरक्षा पर विस्तार से की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खान मंत्रालय तथा नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 'KABIL: इंडिया क्वेस्ट फ़ॉर गलोबल क्रिटिकल मिनिरल्स' विषय पर विस्तृत मौखिक साक्ष्य एवं चर्चा की गई। बैठक में भारत की क्रिटिकल मिनरल्स सुरक्षा, वैश्विक स्तर पर रणनीतिक खनिजों की उपलब्धता तथा भविष्य की ऊर्जा एवं तकनीकी आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करना, मजबूत सप्लाई चेन विकसित करना तथा विकसित भारत @2047 के विजन को साकार करना है। बैठक में खानिज विदेश इंडिया लिमिटेड की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा हुई। KABIL विदेशों में रणनीतिक खनिज संपत्तियों के अधिग्रहण तथा अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से भारत की ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रक्षा आवश्यकताओं के लिए जरूरी खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## जाहू पंचायत में पत्नी के बाद पति बने प्रधान, हासिल किए 1059 मत

अनंत ज्ञान

- दशमल पंचायत में रेखा देवी ने तीन वोटों से दर्ज की जीत
- भोरंज ब्लॉक की 11 पंचायतों में 22 वार्ड पंच निर्विरोध चुने

**जाहू।** भोरंज ब्लॉक के दूसरे चरण में हुए 15 ग्राम पंचायत चुनावों के नतीजे बेहद दिलचस्प और कांटेदार रहे। चुनावों में 8 महिला और 7 पुरुष प्रधान चुने गए, जबकि सभी 15 उपप्रधान पदों पर पुरुष प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। साथ ही 11 पंचायतों में 22 वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए।

भोरंज ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जाहू में इस बार मुकाबला काफी चर्चा में रहा। पूर्व प्रधान अनुराधा शर्मा के बाद अब उनके पति चमन लाल काकू ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की है। चमन लाल काकू को 1059 मत मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमारी को 668 वोट प्राप्त हुए।

इसके अलावा प्रेम लाल को 417, राजेश ठाकुर को 155, बलदेव चंद को 133 और सर्वजीत शर्मा को 25 मत मिले। वहीं उपप्रधान पद पर भी चमन लाल ने 1118 मत लेकर तीसरी बार जीत हासिल की। नवगठित दशमल पंचायत में प्रधान पद का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। यहां रेखा देवी ने मीरा देवी को मात्र तीन वोटों से हराकर पहली महिला प्रधान बनने का गौरव हासिल किया। रेखा देवी को 267 और मीरा देवी को 264 मत मिले।

जाहू पंचायत के वार्ड नंबर 9 और 10 के पंच चुनाव भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहे। वार्ड नंबर 9 में निशा ने केवल एक वोट से जीत दर्ज की, जबकि वार्ड नंबर 10 में सास शारदा देवी ने अपनी बहू कांता देवी को 24 मतों से हराकर दूसरी बार वार्ड पंच बनने का गौरव हासिल किया।

### गो सेवा रक्षक दल ने निभाई मानवता की मिसाल

## भरेड़ी में बचाई घायल बैल की जान



भरेड़ी में लावारिस घायल बैल का उपचार किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाले भरेड़ी क्षेत्र में एक लावारिस घायल बैल का उपचार कर गो सेवा रक्षक दल भरेड़ी ने मानवता और गो सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में एक लावारिस बैल घायल अवस्था में घूम रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना गो सेवा रक्षक दल भरेड़ी को दी गई। सूचना मिलते ही दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और घायल बैल की स्थिति का निरीक्षण कर उसका प्राथमिक उपचार करवाया। गो सेवा रक्षक दल के सदस्यों ने बताया कि पशुओं की सेवा करना समाज का नैतिक कर्तव्य है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं कोई घायल अथवा बेसहारा पशु दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित सेवा संस्थाओं को दें, ताकि समय रहते उसका उपचार किया जा सके। इस सेवा कार्य के दौरान गौ सेवा रक्षक दल भरेड़ी के अध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष अभिमन्यू, सचिव विक्की शर्मा सहित वशिष्ठ, अंकुश और कीर्ति उपस्थित रहे। लोगों ने गो सेवा रक्षक दल के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के समीरपुर आने का सिलसिला जारी, प्रोफेसर धूमल से ले रहे आशीर्वाद



पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद लेते हुए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पंचायती राज चुनावों में विजयी होकर विभिन्न पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद लेने का सिलसिला आज भी जारी रहा। इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की उपस्थिति में समीरपुर के नवनिर्वाचित प्रधान भारत कुमार व उपप्रधान रण सिंह ने नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों व समर्थकों सहित प्रो. धूमल के समीरपुर स्थित निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत टिक्कर-डिडवीं के नवनिर्वाचित प्रधान मुकेश कटोच और उप-प्रधान कैप्टन राजेश कुमार ने पंचायत के सभी वार्ड पंचों सहित पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट कर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। वहीं ग्राम पंचायत पनोह के नवनिर्वाचित उप-प्रधान ने भी समीरपुर पहुंचकर प्रो. धूमल से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत धरोग, ग्राम पंचायत उखली तथा ग्राम पंचायत पंडवीं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. धूमल से आशीर्वाद लेने समीरपुर पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बलदेव धीमान, आदर्शकांत शर्मा, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, समाजसेवी सुशील ठाकुर तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना अब उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का पहला दायित्व जनता की अपेक्षाओं को समझते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना होना चाहिए। उन्होंने सभी से पंचायतों के समग्र विकास, पारदर्शिता एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## प्रियतोष का 20 सालों से पंचायत चुनावों में दवदबा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के साथ लगती भरमोटी खुर्द पंचायत के युवा नेता प्रियतोष सिंह जाट का पंचायत चुनावों में दबदवा बरकरार है। उन्होंने इस बार भरमोटी खुर्द पंचायत से प्रधान पद का चुनाव लड़ा और वैद्य वोटों में से 61 प्रतिशत मत लेकर शानदार विजय हासिल की है। प्रधान पद के लिए कुल 1009 मत पड़े जिनमें से 34 वोट रिजेक्ट हो गए, 2 वोट नोटा को पड़े शेष 973 मतों में से 591 मत प्रियतोष सिंह जाट ने हासिल किए जबकि अमित कुमार को 298 तथा अरविंद कुमार को 84 मत पड़े। प्रियतोष ने पहली बार भरमोटी-बेला वार्ड से बीडीसी का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उसके बाद उन्होंने प्रधान पद का चुनाव जीता। उसके बाद प्रधान की सीट महिला के लिए आरक्षित हो गई और उन्होंने अपनी पत्नी निशा को चुनाव में उतारा और चुनाव जीता। इस बार उन्होंने स्वयं चुनाव लड़ा और शानदार विजय हासिल की। दूसरे चरण के चुनाव में लहड़ा से राकेश कुमार व रेनू शर्मा,पन्साई से सुलक्श्ना देवी व राजेश कुमार, लाहड़ कोटलू से विपन कुमार व पूर्ण चंद,मालग से सुषमा कुमारी व सुरजीत सिंह बसारल से सुभाष चंद व श्याम लाल, बढेड़ा से सोनिया शर्मा व नरेश कुमार,सरेड़ी से तारा चंद व पंकज कुमार,कलूर पंचायत से नवीन कुमारी व राजेंद्र, लंजयाणा से रीतू व देव राज, जसाई से सुनील कुमार व कर्म सिंह, भदरूं से नीलम कुमारी व संजीव कुमार, रंगस से बलवीर सिंह व फांदी खान, हथोल से रीना कुमारी व राकेश क्रमश प्रधान व उपप्रधान चुने गए।

## हमीरपुर जिले में दूसरे चरण की 82 ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित प्रधान व उपप्रधान

| पंचायत | प्रधान | उपप्रधान |
|---|---|---|
| जंगल | सतीश कुमार | दीपू |
| बीड़ बगेहड़ा | अंजना ठाकुर | तारा चंद |
| सपाहल | सुनीता कुमारी | मदन लाल |
| पटलांदर | रणवीर सिंह | ओम प्रकाश |
| चलोह | संजय कुमार | राजेश कुमार |
| बनाल | एकता ठाकुर | पुरुषोत्तम चंद |
| बलेहू | रणधीर सिंह | राजीव कुमार |
| री | अनिता कुमारी | हैप्पी कुमार |
| **पंचायत** | **प्रधान** | **उपप्रधान** |
| जाहू | चमन लाल शर्मा | चमन लाल |
| रौंहीं | राकेश कुमार | योगराज शर्मा |
| बडैहर | मीरा देवी | विजय कुमार |
| भलवाणी | विपिन कुमार | मोहित ठाकुर |
| लुद्दर महादेव | निशा कुमारी | कृष्ण लाल |
| झरलोग | मनोज कुमार | अरुण ठाकुर |
| बजड़ोह | नीलम देवी | हिटलर |
| हनोह | आशा देवी | राजेंद्र सिंह |
| भुक्कड़ | संतोष कुमारी | मनोज कुमार |
| दाड़ी | कृष्ण चंद | मनोज कुमार |
| ढनवान | रघुवीर सिंह | प्रवीण कुमार |
| दसमल | रेखा देवी | जगदेव चंद |
| खरवाड़ | पूनम कुमारी | सुशील कुमार |
| दिम्मी | राकेश कुमार | राजकुमार |
| बधानी | सीमा देवी | शशि मोहन |
| **पंचायत** | **प्रधान** | **उपप्रधान** |
| सठवीं | दलजीत सिंह | किशोरी लाल |
| धंगोटा | अजय राणा | राजेश कुमार |
| ग्यारहग्रां | रजनी देवी | संजीव कुमार |
| चकमोह | सोम दत्त | राजकुमार |
| दांदड़ू | ऋतु पुरी | सतीश कुमार |
| करेर | सरला शर्मा | कीर्ति स्वरूप |
| गारली | रजनी देवी | संजय कुमार |
| कलवाल | सुरेश कुमार | जसवीर सिंह |
| बड़ाग्रां | बलराम सिंह | विजय सिंह |
| जौड़े अंब | पवन कुमार | सुनील कुमार |
| ननावां | रजनी शर्मा | अनिल कुमार |
| धबड़ियाणा | उमा शर्मा | राम लखनपाल |
| दलचेहड़ा | अनीता कुमारी | पुरुषोत्तम चंद |
| सोहारी | किरण बाला | विजय कुमार |
| कठियाणा | चैन सिंह | उमेश कुमार |
| समताणा कलां | दीपिका | अशोक कुमार |
| मोरसू सुल्तानी | रचना कुमारी | रणवीर सिंह |
| **पंचायत** | **प्रधान** | **उपप्रधान** |
| भेरड़ा | अनु कुमारी | नवीन कुमार |
| पुरली | सीमा कुमारी | मनीष राणा |
| लग-कढियार | सचिन ठाकुर | अक्षय कुमार |
| चारियां दी धार | सुमना कुमारी | ओंकार चंद |
| बारीं | राजीव कुमार | अशोक कुमार |
| समीरपुर | भरत कुमार सिंह | रण सिंह |
| पंजोत | रीना कुमारी | जगजीत शर्मा |
| टपरे | प्रदीप कुमार | हरनाम शर्मा |
| **पंचायत** | **प्रधान** | **उपप्रधान** |
| ब्राहलड़ी | रवि प्रकाश | अजय कुमार |
| ताल | राकेश कुमार | अजय कुमार |
| चमनेड़ | पूजा गौतम | प्रकाश चंद |
| सेर बलौणी | नीलम कुमारी | राजेश कुमार |
| अग्घार | अश्वनी कुमार | मुनीष कंवर |
| नेरी | रीना देवी | राजेश कुमार |
| टिब्बी | नीना देवी | त्रिलोक चंद |
| काले अंब | सुनील सिंह | रविंद्र कंवर |
| छियोड़ीं | सुनील कुमार | प्रवीण कुमार |
| बलोह | लता देवी | देश राज |
| नाल्टी | सिंपल शर्मा | राजीव शर्मा |
| भगेटू | तृप्ता देवी | रणजीत सिंह |
| ख्याह लोहाखरियां | राकेश कुमार | रमेश चंद |
| **पंचायत** | **प्रधान** | **उपप्रधान** |
| लहड़ा | राकेश कुमार | रेणु शर्मा |
| पनसाई | सुलक्षणा देवी | राजेश कुमार |
| लाहड़ कोटलू | विपिन कुमार | पूर्ण चंद |
| मालग | सुषमा कुमारी | सुरजीत सिंह |
| बसारल | सुभाष चंद | श्यामलाल |
| बढेड़ा | सोनिया शर्मा | नरेश कुमार |
| सरेड़ी | तारा चंद | पंकज कुमार |
| कलूर | नवीन कुमारी | राजेंद्र कुमार |
| लंजयाणा | रितु | देवराज शर्मा |
| जसाई | सुनील कुमार | कर्म सिंह |
| भदरू | नीलम कुमारी | संजीव कुमार |
| रंगस | बलवीर सिंह | फांदी खां |
| हथोल | रीना कुमारी | राकेश कुमार |
| बदारन | विनोद कुमार | अशोक कुमार |
| करौर | सुनीता कुमारी | प्रदीप कुमार |
| भदरोल | उमा भारती | सुशील कुमार |
| बूणी | जीवन कुमार | लेख राज |
| सपड़ोह | बलवीर सिंह | पंकज कुमार |
| बरधियाड़ | सुरेंद्र कुमार | सुरजीत सिंह |
| भरमोटी खुर्द | प्रियतोष | विजेंद्र सिंह |
| चमराल | नीता कुमारी | सुखदेव सिंह |

## न्यूज ब्रीफ

### सियाह में 106 वर्षीय खेमा राम और 90 वर्षीय गंगी देवी ने भी किया मतदान



**अनंत ज्ञान, भौर।** लोकतंत्र के महापर्व में ग्राम पंचायत सियाह, विकास खंड बल्ह के वरिष्ठ मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सभी के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की। इस अवसर पर बल्ह की एसडीएम स्मृतिका नेगी और बीडीओ राजेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि 106 वर्षीय खेमा राम और 90 वर्षीय गंगी देवी ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी मजबूत आस्था व्यक्त की। वरिष्ठ मतदाताओं के उत्साह ने लोकतंत्र के इस पर्व को उत्सव में बदल दिया। उनका जोश और जागरूकता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बनी रही।

### चतरौर में मीना प्रधान, अनिल बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** बल्ह उपमंडल की नवगठित ग्राम पंचायत





चतरौर में प्रधान और उपप्रधान पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में मीना सैन प्रधान तथा अनिल वर्मा उपप्रधान निर्वाचित घोषित किए गए हैं। पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी उम्मीदवारों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पांच वार्डों वाली इस पंचायत में प्रधान पद पर मीना सैन ने 476 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उपप्रधान पद पर अनिल वर्मा ने 505 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। इसके अलावा पंचायत के विभिन्न वार्डों से भारती देवी, हितेश ठाकुर, सुदर्शना देवी, सोनू कुमार और पूजा देवी वार्ड सदस्य चुने गए हैं।नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने पंचायत के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। स्थानीय लोगों ने भी नई पंचायत टीम से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई है।

### चौक पंचायत में लोकेश चंद्र ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, भौर।** विकास खंड धनोटू की चौक पंचायत में नौजवान उम्मीदवार



लोकेश चंद्र ने 375 मतों से जीत दर्ज की। उपप्रधान पद पर नरेंद्र कुमार को 461 मतों से विजय मिली। चौक पंचायत में कुल 82.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, कनैड पंचायत में 79.83 प्रतिशत मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देर रात परिणाम आने शुरू हुए, जिसमें प्रधान पद की उम्मीदवार यूनिक्षा वर्मा ने 984 मतों से शानदार विजय हासिल की। वहीं उपप्रधान पद पर मनोज कुमार 819 मतों से विजयी रहे।

### महादेव में विरेंद्र कुमार प्रधान, शारदा उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पंचायत चुनाव को लेकर दूसरे चरण में 2534 मतदाताओं वाली ग्राम पंचायत महादेव में कुल 2087 मत पड़े। इसमें प्रधान पद के नौ प्रत्याशियों में से विरेंद्र कुमार ने 428 मत लेकर विजय हासिल किया। दूसरे स्थान पर रहे नील कमल ने 405 मत, जबकि 400 मत प्राप्त कर उत्कर्ष चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। पंचायतीराज के इस चुनाव में पूर्व में वार्ड सदस्य रही शारदा देवी ने उपप्रधान का चुनाव जीतकर यह पद हासिल किया। वार्ड सदस्यों में वार्ड नं 1 (महादेव -1) से नीलम पत्नी अजीत सिंह व वार्ड नं 7, (महादेव -7) से रविंद्र कुमार पुत्र देवी राम पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं और अन्य जीतकर आए वार्ड सदस्यों में माया देवी, पुष्पा देवी, जीत राम, निर्मला देवी, सुमन कुमारी, निर्मला देवी तथा जमना देवी शामिल है।

# दुर्गम क्षेत्रों की चुनौती को सेक्टर ऑफिसर रेवती ने बनाया अवसर

## 7 से 9 हजार फुट ऊंचाई पर बने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर संपन्न करवाए चुनाव

अनंत ज्ञान



दुर्गम रास्तों से गुजरती हुई पहली महिला सेक्टर ऑफिसर रेवती सैनी। अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** रेवती सैनी पंचायतीराज चुनावों में ऐसी पहली महिला सेक्टर ऑफिसर बन गई हैं, जिसने दुर्गम क्षेत्र की चुनौती को अवसर में बदला है। तपती गर्मी, धूल भरी सड़कों, उबड़-खाबड़ रास्तों और सात से नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्रों तक पहुंचकर चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करवाने वाली मंडी की इस महिला सेक्टर आफिसर के हौंसले ने नया इतिहास रचा है। वहीं पर महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिला भाषा अधिकारी मंडी के पद पर तैनात रेवती सैनी की सदर ब्लॉक के सबसे दुर्गम सेक्टर कटौला में बतौर सेक्टर आफिसर पहली बार चुनावी डयूटी लगी। कमांद के उहल दरिया से टिहरी व पराशर की पहाड़ियों से सेगली, टिहरी, कटौला, सकरयार, कमांद, नवलाय और रियागड़ी तक फैले सात पंचायतों के इस दुर्गम क्षेत्र में 43 पोलिंग बूथ शामिल है। सैंकड़ों किलोमीटर तक नदी, नालों, घाटियों, और जंगलों से घिरे इस क्षेत्र को सदर ब्लॉक का सबसे दुर्गम और पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है। जहां आमतौर पर चुनावों के दौरान बतौर सेक्टर आफिसर पुरूष अधिकारियों की ही डयूटी लगाई जाती है।

क्योंकि इस दौरान सेक्टर आफिसर को हर पोलिंग बूथ पर जाकर हर व्यवस्था सुनिश्चित करवानी पड़ती है। इसके अलावा पोलिंग पार्टियों के पहुंचने, पोलिंग शुरू करवाने से लेकर मतपेटियों को मतगणना केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था और पोलिंग बूथों में सामान कम होने पर आपूर्ति करना रहता है। रेवती सैनी ने सेक्टर आफिसर की इस चुनावी डयूटी की चुनौती को अपने लिए एक अवसर के रूप में देखा। उनका मानना है कि ऐसा कोई काम नहीं है जो महिलाएं नहीं कर सकती है, हर वो काम जो कोई दूसरा इंसान कर सकता है, वो मैं भी कर सकती हूं। मुझे इस नई जिम्मेदारी को निभाते हुए रोमांच के साथ आंनद भी आ रहा है। उहोंने बताया कि बीते एक माह से वह पंचायत चुनाव की प्रक्रिया से जुड़ी है ,जिससे नये अनुभव और नई चीजें सीखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि पोलिंग के प्रथम चरण के मतदान सुबह सात बजे शुरू करवाने के लिए घर से सुबह पांच बजे निकलना पड़ता है । हालांकि, यह क्षेत्र बहुत ही दुर्गम और पिछड़ा हुआ है। खासकर सकरयार, अरनेहड़, सोलंग, कुंदख, नेरी, निशु, बड़ौन, टिहरी, लांझणू, बोडनधार, दरलोग आदि सात से नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित हैं। जहां तक पहुंचने के लिए धूल भरी सड़कों, रास्तों और पगडंडियों में मीलों सफर करना पड़ता है। चुनावी डयूटी के दौरान यह सब करीब से देखने और समझने का अवसर मिला है।

#### सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक निभाई ड्यूटी

**मतदान** प्रक्रिया के दौरान उन्हें अपने घर से सुबह पांच बजे निकल कर सात बजे बूथ पर पहुंचकर पोलिंग शुरू करवाई। इसके पश्चात मतदान के बाद बीडीसी और जिला परिषद के उम्मीदवारों की पेटियों को एकत्रित कर मंडी स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने नौ से दस बजे का समय लग जाता था और घर पहुंचने तक बारह बज जाते थे। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत प्रसन्नता है कि मुझे इस योग्य समझा, मुझे चुनौतीपूर्ण कार्य करना पसंद है, जिसके लिए प्रशासन की आभारी हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इस तरह की चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए, अपितु उनका डटकर सामना करना चाहिए। भविष्य में भी वह इस तरह की डयूटी के लिए तैयार हैं।

# चुनावी दल के लिए खाना बनाते वक्त फटा कुक्कर

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पंचायत चुनावों के लिए तैनात कर्मचारियों को खाना बनाने के दौरान धर्मपुर खंड के हाई स्कूल बनेहरडी में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर रजनी देवी कुक्कर फटने से घायल हो गई है, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज नेरचौक में चल रहा है। इस बारे मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन सबंधित सीटू की वर्तमान खंड प्रधान राणों देवी,पूर्व प्रधान चिन्त राम सचिव सत्या देवी एवं सीटू के ज़िला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि चुनाव आयोग और शिक्षा विभाग घायल वर्कर का ईलाज करवाये और जबतक तक ये स्वस्थ नहीं हो जाती हैं, तब तक उसे मेडिकल अवकाश प्रदान किया जाये। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यूनियन ने इस बारे पहले से ही पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के आदेश का विरोध किया था जिसके बाद कुछ जिला के डिप्टी डायरेक्टरों ने इसे लागू नहीं है, लेकिन मंडी जिला में मिड-डे मील वर्करों ही खाना बना रहे हैं।इसी दौरान दूसरे चरण में पिछले कल ये दुर्घटना घट गई है और महिला वर्कर बुरी तरह से घायल हो गई है।



◆ मिड-डे मील वर्कर रजनी बुरी तरह घायल, यूनियन ने मांगी आर्थिक सहायता

हालांकि एसडीएम धर्मपुर ने उन्हें पांच हजार रुपये की फौरी राहत जारी कर दी है लेकिन वो नाकाफ़ी है और उन्हें ठीक होने में वक़्त लगेगा इसलिए प्रशाशन उनके ईलाज का पूरा खर्च वहन करे और इस तरह की घटनाएं होने पर मुआवज़ा देने के लिए नीति बनाये। उन्होंने कहा कि स्कूलों में खाना बनाती बार सुरक्षा वस्त्र और उपकरण उपलब्ध कराने चाहिए और यदि किसी प्रकार के जान माल क्षति होती है तो उसकी भरपाई करने की भी नीति बननी चाहिए। इसके अलावा जब तक ये वर्कर स्वस्थ नहीं होती है तब तक उन्हें वेतन सहित अवकाश दिया जाये। वर्तमान में मिड-डे मील को किसी भी तरह की छुटियां नहीं दी जाती हैं और यदि उन्हें किसी जरूरी कार्य से छूटी चाहिए होती है तो उन्हें उस दिन का वेतन नहीं मिलता है। भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि सरकार वर्करों से बहुत से ऐसे काम करवाते हैं जो उनकी कार्यसूची में नहीं आते हैं जिसका यूनियन विरोध करती है।

### भदेहड़ में अनिल बने प्रधान रमन सकलानी उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की भदेहड़ पंचायत में प्रधान अनिल कुमार तथा उपप्रधान रमन सकलानी निर्वाचित हुए। भूर पंचायत में मंजुला देवी प्रधान तथा सोहन सिंह उपप्रधान बने। डरबाड़ पंचायत में लता देवी प्रधान और कुलदीप कुमार उपप्रधान, धलारा में निशा देवी प्रधान तथा मनोज उपप्रधान बने। घनाला में ओम प्रकाश प्रधान और राजेश कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। कमलाह पंचायत में उपप्रधान पद पर बसंत सिंह विजयी रहे, जबकि प्रधान पद पर बबीता जीती। लंगेहड़ पंचायत से सुजाता प्रधान तथा जगदीश चंद बिट्टा उपप्रधान बने। सकलाना पंचायत से भावना प्रधान और अभिनव सकलानी उपप्रधान, समौड़ में प्रताप सिंह सकलानी प्रधान तथा दीप चंद उपप्रधान, सधोट पंचायत में कृपाल प्रधान और आशीष उपप्रधान बने। रोसो में जगत राम प्रधान तथा सतीश उपप्रधान निर्वाचित हुए। गियुण पंचायत से नरैण सिंह प्रधान और हेम सिंह उपप्रधान बने। बैरी पंचायत से उर्मिला देवी प्रधान तथा अनुज कुमार उपप्रधान विजयी घोषित किए गए। टोर जजर से रीना प्रधान, राकेश उप प्रधान बने।

# भाषण में अंशिका प्रथम, शिवानी द्वितीय

## सनराइज स्कूल लोअर भांबला में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ।

**सरकाघाट।** खंड चिकित्सा बलद्वारा डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से सनराइज पब्लिक स्कूल लोअर भांबला में प्रधानाचार्य पवन कुमार की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अचला कुमारी ने बताया कि तंबाकू एक नशीला पदार्थ है, जिसमें निकोटिन होता है जो हमारे शरीर और मस्तिष्क दोनों को नुकसान पहुंचाता है। अचला कुमारी ने तंबाकू के प्रकार जैसे बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, खैनी, गुटका आदि के बारे में बताया। अचला कुमारी ने बताया कि तंबाकू से होने वाले नुक्सान के मुंह के कैंसर, गले का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग,उच्च रक्तचाप , स्ट्रोक, दमा रोग, सांस लेने में तकलीफ आदि है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से मानसिक और सामाजिक जीवन पर भी प्रभाव पड़ता है। तंबाकू के सेवन से लत लगना, आर्थिक नुकसान होना और परिवार पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। अचला कुमारी ने पैसिव स्मोकिंग के बारे में भी बताया और तंबाकू छोड़ने के उपाय के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एडोलसेंट हेल्थ काउंसलर चंपा वर्मा ने बच्चों को तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ भी दिलाई व रैली भी की गई। भाषण व कला प्रतियोगिता भी करवाई गई।

भाषण प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, द्वितीय शिवानी, अन्वी एवं अक्षिता तृतीय रहीं। कला प्रतियोगिता मे प्रथम पारस, द्वितीय अनिकेत, और एशन्ल वी ईशिता तृतीय रहे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बच्चों को इनाम भी बांटे गए।

### फंगवास पंचायत में विद्या देवी बनी प्रधान

**अनंत ज्ञान, जयदेवी।** विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत फंगवास में प्रधान पद की उम्मीदवार विद्या देवी ने 321 मत हासिल कर जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंदी आशा ने 193 मत प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया। उपप्रधान पद के उम्मीदवार मुन्नी लाल ने 301 मत प्राप्त करके जीत दर्ज की, जबकि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार धर्मानंद 239 मत प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रहे। वार्ड सदस्य में कौशल्या देवी निर्विरोध, दरूमती देवी, मनीषा देवी, छांगी देवी,वन्ती व पीतांबर ने जीत दर्ज की। गांव सेरी से विद्या देवी पहली बार प्रधान बनी है जिससे गांव में खुशी का माहौल है। गांव सेरी से प्रधान बनने से यहां विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी।

# हिमाचल में भी ब्लैकबेरी की सफल खेती

## पांगणा में प्रवासी भारतीय के सहयोग से आयुर्वेद चिकित्सक की अनूठी पहल

अनंत ज्ञान



**लक्की शर्मा, करसोग।** हिमाचल प्रदेश के सराज क्षेत्र की पांगणा घाटी में जैविक खेती के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायक पहल सामने आई है। पांगणा के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. जगदीश शर्मा ने न्यूजीलैंड निवासी प्रवासी भारतीय हीरालाल महाजन के सहयोग से अपने क्षेत्र में ब्लैकबेरी फल की सफल जैविक खेती कर नई मिसाल पेश की है। देखने में शहतूत जैसे आकर्षक इस फल में अनेक पौष्टिक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस पौधे को पूरी तरह जैविक विधि से तैयार किया गया है तथा इसकी बेल को बढ़ने के लिए सहारे की आवश्यकता होती है। विशेष बात यह है कि पौधारोपण के तीसरे वर्ष ही इसमें फल आने शुरू हो गए हैं, जो क्षेत्र की जलवायु की अनुकूलता को दर्शाता है। बागवानी विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता के अनुसार ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर फल है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन तंत्र मजबूत करने, हृदय को स्वस्थ रखने तथा सूजन कम करने में सहायक माना जाता है। इसके अलावा यह फल मधुमेह नियंत्रण, मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में भी लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन-के हड्डियों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, इसके फलों के साथ-साथ इसकी पत्तियां भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में उपयोगी मानी जाती हैं। सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जनकल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली 'हिम' का कहना है कि यदि इस प्रकार की जैविक फल खेती को बढ़ावा दिया जाए तो यह पहाड़ी किसानों के लिए आय का बेहतर विकल्प बन सकती है तथा युवाओं को आधुनिक और जैविक बागवानी की ओर प्रेरित करेगी। क्षेत्र के लोगों ने भी इस पहल को हिमाचल में फलोत्पादन और स्वरोजगार की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

अनंत ज्ञान खास खबर

◆ पहाड़ी किसानों के लिए खुलेंगे आय के नए रास्ते

# ढांगू में शतचंडी महायज्ञ में डालीं पूर्णाहुतियां,भक्तिमय हुआ माहौल

अनंत ज्ञान



**नेरचौक।** प्रणव आश्रम विकास सभा, ढांगू में श्रद्धामूर्ति स्वामी प्रणवानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। गुरुजी के अमृतमय वचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को भक्ति, श्रद्धा एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। यज्ञ की पवित्र अग्नि, वैदिक मंत्रोच्चार, जाप-पाठ एवं गुरुजी के दिव्य संदेशों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं अलौकिक दिखाई दिया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर गुरुजी के सत्संग का श्रवण करते रहे तथा जीवन को सत्य, सेवा, संस्कार एवं आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते रहे। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन हवन, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन हुआ, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। पूर्णाहुति अवसर पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने गुरुजी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य माना। गुरुजी की असीम कृपा से सम्पन्न यह शतचंडी महायज्ञ एवं पूर्णाहुति समारोह श्रद्धालुओं के लिए दिव्य अनुभूति, आध्यात्मिक जागरण एवं सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का अद्भुत संगम बन गया।

## मार्ग पर कई स्पीड ब्रेकरों का मिट चुका पेंट, नहीं देते दिखाई

# धनोटू-बग्गी सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं दिखने से स्कूटी समेत नीचे गिरी महिला

अनंत ज्ञान



**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** धनोटू-बग्गी सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर इन दिनों बाहरी और स्थानीय लोगों के लिए खतरे का कारण बने हुए हैं। बीबीएमबी नहर के साथ बने पक्के मार्ग पर कई स्पीड ब्रेकरों का पेंट पूरी तरह मिट चुका है, जिससे वाहन चालकों को उनका पता ही नहीं चल पाता। इसी कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

ताजा मामले में बटेहड़ा गांव की एक महिला अपने बेटे और बेटी को स्कूटी पर बैठाकर धनोटू से बग्गी की ओर जा रही थीं। रास्ते में बिना पेंट का स्पीड ब्रेकर अचानक सामने आ गया। ब्रेकर दिखाई न देने के कारण महिला स्कूटी समेत बच्चों सहित सड़क पर गिर गई। हादसे में महिला और बच्चों को मामूली चोटें आईं। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर अधिक यातायात नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया जा रहा है कि महिला की टांग स्कूटी के नीचे दब गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने इंसानियत का परिचय देते हुए तुरंत सहायता की और महिला व बच्चों को संभालकर अधिक घायल होने से बचाया। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे के लिए बिना पेंट वाले स्पीड ब्रेकरों को जिम्मेदार ठहराया। लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और बीबीएमबी अधिकारियों से स्पीड ब्रेकरों पर रिफ्लेक्टिव पेंट लगाने की मांग की गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्थानीय बुद्धिजीवियों देवेंद्र कुमार, निक्का राम, स्वामी और नरोत्तम सहित अन्य लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि धनोटू से बग्गी तक सभी स्पीड ब्रेकरों पर रिफ्लेक्टिव और चमकदार पेंट करवाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# धर्मपुर कॉलेज में पहली जून से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पहली जून 2026 से आरंभ होने जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बीए, बीएससी तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समयावधि के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

प्रवेश संबंधी जारी कार्यक्रम के अनुसार बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ होकर 19 जून 2026 तक जारी रहेगी। प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्री-एडमिशन काउंसिलिंग 13 जून से 19 जून तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों को विषय चयन, पाठ्यक्रमों की उपयोगिता, रोजगार संभावनाओं तथा महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रथम मेरिट सूची 20 जून 2026 को जारी की जाएगी, जबकि दूसरी मेरिट सूची 24 जून 2026 को प्रकाशित होगी। चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि के भीतर अपनी फीस जमा करवानी होगी। शुल्क जमा न करवाने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश स्वत: निरस्त माना जाएगा तथा रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के अनुसार अन्य विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोल-ऑन आधार पर प्रवेश प्रक्रिया भी इसी निर्धारित शेड्यूल के अंतर्गत जारी रहेगी। प्रशासन ने सभी पुराने विद्यार्थियों से भी समय पर प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने का आग्रह किया है।

**सियासत** चमन राही बोले-क्षेत्र के हित से बड़ी हो गई दलगत राजनीति; जनता सब देख रही, जवाब जरूर देगी

# सुंदरनगर को जिप अध्यक्ष पद मिलने से किसको दिक्कत?


अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** दुमट बैहली, मलोह, चौकी, भनवाड़, कलौहड़, खिलड़ा, पौड़ाकोठी और सेगल पंचायतों में मतदान संपन्न होने के बाद जिला परिषद चुनाव को लेकर सुंदरनगर की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। पूर्व जिला परिषद सदस्य, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य एवं पूर्व पंचायत प्रधान चमन राही ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि पहली बार सुंदरनगर को जिला परिषद अध्यक्ष पद मिलने की संभावना बनी है, लेकिन कुछ नेता जानबूझकर इसमें राजनीतिक रोड़े अटका रहे हैं।

चमन राही ने कहा कि इन पंचायतों की जनता ने उन्हें केवल जिला परिषद सदस्य के रूप में नहीं बल्कि सुंदरनगर को अध्यक्ष पद दिलाने की सोच के साथ समर्थन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सुंदरनगर को पहली बार इतना बड़ा अवसर मिलने जा रहा है तो फिर क्षेत्र के नेताओं को खुलकर समर्थन देना चाहिए था, लेकिन इसके उलट राजनीतिक अड़चनें पैदा की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं गैर राजनीतिक होती हैं, फिर भी जिला परिषद चुनाव में नेताओं की तस्वीरें लगाकर प्रचार किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। चमन राही ने दावा किया कि रोहांडा, बीणा, अरठी और कपाही पंचायतों में 30 मई को होने वाले चुनावों में भी लोग इसी बात को लेकर नाराज हैं कि सुंदरनगर के हक को कमजोर करने की कोशिश हो रही है।

चमन राही ने कहा कि सुंदरनगर लंबे समय से विकास की अनदेखी झेल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जयराम सरकार के समय भी क्षेत्र को उसका हक नहीं मिला। एम्स जैसी बड़ी स्वास्थ्य संस्था बिलासपुर चली गई और मंडी जिला को



अपेक्षित लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अब जब सुंदरनगर को जिला परिषद अध्यक्ष पद मिलने का मौका आया है तो फिर उसी क्षेत्र के लोगों के रास्ते में बाधाएं क्यों खड़ी की जा रही हैं।

उन्होंने दावा किया कि यदि उन्हें भारी मतों से जीत मिलती है तो सुंदरनगर को अध्यक्ष पद मिलना लगभग तय है। यही कारण है कि कुछ नेताओं की बेचैनी बढ़ गई है। चमन राही ने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और जो लोग सुंदरनगर के अधिकार रोकना चाहते हैं, उन्हें आने वाले समय में जनता जवाब देगी।

#### रूप सिंह ठाकुर और सोहन लाल ने किया समर्थन

**चमन** राही ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर और पूर्व सीपीएस सोहनलाल ठाकुर से भी मिले थे। उन्होंने दावा किया कि दोनों वरिष्ठ नेताओं ने सुंदरनगर को जिला परिषद अध्यक्ष पद मिलने का समर्थन किया और इसे क्षेत्र के सम्मान से जुड़ा विषय बताया। चमन राही ने कहा कि उन्होंने स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल से भी आग्रह किया था कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सुंदरनगर के हित में उन्हें समर्थन दें, ताकि पहली बार जिला परिषद अध्यक्ष पद सुंदरनगर को मिल सके।

#### जयराम ठाकुर और राकेश जम्वाल बन रहे बाधा

**चमन** राही ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक राकेश जम्वाल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सुंदरनगर को जिला परिषद अध्यक्ष पद मिलने के रास्ते में राजनीतिक बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे चाहते हैं कि यह अध्यक्ष पद सिराज क्षेत्र को मिले। चमन राही ने सवाल उठाया कि अब सुंदरनगर के विधायक को तय करना चाहिए कि वह सुंदरनगर की जनता के हित में राजनीति करेंगे या फिर सिराज क्षेत्र के हितों को प्राथमिकता देंगे।

#### अनुराग ने दूसरे जिले से होकर भी मंडी को दिया सहयोग

**चमन** राही ने सांसद अनुराग ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि वह दूसरे जिले से होने के बावजूद मंडी जिला के लिए खेल गतिविधियों और बजट के रूप में सहयोग देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसी होनी चाहिए जो क्षेत्र के विकास और युवाओं के भविष्य के लिए काम करे, न कि किसी क्षेत्र के अधिकारों को रोकने के लिए।

#### यह सुंदरनगर के सम्मान की लड़ाई

**चमन** राही ने कहा कि यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि सुंदरनगर के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक पहचान की लड़ाई है। जनता चाहती है कि इस बार क्षेत्र को उसका हक मिले और पहली बार जिला परिषद अध्यक्ष पद सुंदरनगर की झोली में आए।

**कलाविशेष** में निपुण भले ही चित्र में कितने ही पुष्प बना दें पर क्या वे उनमें सुगंध पा सकते हैं और फिर भ्रमर उनसे रस कैसे पी सकेंगे।
–पंडितराज जगन्नाथ

## संपादकीय

# अल नीनो की आहट

साल 2026 में दक्षिण-पश्चिम मानसून पर अल नीनो का खतरा मंडराने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रशांत महासागर के सतही तापमान में असामान्य वृद्धि होने पर अल नीनो की स्थिति बनती है, जिसका सीधा असर भारतीय मानसून पर पड़ता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह स्थिति बेहद चिंता का विषय है, क्योंकि यहां की बड़ी आबादी आज भी खेती और मानसून आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यदि मानसून कमजोर पड़ता है तो इसका प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई, रोजगार, ग्रामीण बाजार और आम आदमी की रसोई तक दिखाई देता है।

इस बार स्थिति इसलिए भी अधिक गंभीर दिखाई दे रही है क्योंकि देश पहले से ही भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। अप्रैल और मई के महीनों में कई राज्यों में तापमान ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। ग्लोबल एयर क्वालिटी प्लेटफार्म आईक्यू एयर के अनुसार अप्रैल 2026 में दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में अधिकांश भारत के थे। अत्यधिक गर्मी और कमजोर मानसून का मेल किसी बड़े संकट से कम नहीं माना जाता। गर्म हवाओं और कम वर्षा की स्थिति जल संकट को और गहरा कर सकती है। इसके साथ ही बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि गर्मी से राहत पाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलिंग उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मानसून का अनुमान लॉन्ग पीरियड एवरेज के 92 प्रतिशत के आसपास लगाया है, जिसे सामान्य से कम की श्रेणी में रखा गया है। दूसरी ओर अमेरिकी एजेंसी एनओएए और विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी अल नीनो की वापसी के संकेत दिए हैं। यदि यह स्थिति और मजबूत होती है तो भारत में गर्म और शुष्क मौसम का प्रभाव बढ़ेगा तथा मानसून कमजोर पड़ सकता है। इसका सबसे पहला और सबसे बड़ा असर कृषि क्षेत्र पर दिखाई देगा।

भारत की लगभग 55 प्रतिशत खेती आज भी सीधे बारिश पर निर्भर है। देश की करीब 45 प्रतिशत आबादी की आजीविका कृषि से जुड़ी हुई है। ऐसे में यदि समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होगी। धान, दालें, गन्ना, सोयाबीन और तिलहन जैसी फसलें विशेष रूप से प्रभावित हो सकती हैं। यदि बुवाई के समय बारिश कम हुई तो उत्पादन घटेगा और बाजार में खाद्यान्न की आपूर्ति प्रभावित होगी। इसका परिणाम खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि के रूप में सामने आएगा। भारत के खुदरा महंगाई सूचकांक में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। यही कारण है कि मानसून की कमजोरी सीधे महंगाई को बढ़ा सकती है।

दाल, चावल, सब्जियां, खाद्य तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से आम आदमी की रसोई पर भारी बोझ पड़ेगा। पहले से ही अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि हो रही है। ईरान-अमेरिका तनाव और पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध जैसे हालात ने कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित किया है। यदि ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी और इसका असर हर वस्तु की कीमत पर पड़ेगा। ऐसे में कमजोर मानसून और वैश्विक संकट मिलकर महंगाई को चरम तक पहुंचा सकते हैं।

कमजोर मानसून का असर केवल महंगाई तक सीमित नहीं रहेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा। गांवों में कृषि आय घटने से उपभोक्ता खर्च कम होगा। ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, सीमेंट, खाद और कृषि उपकरणों की मांग प्रभावित हो सकती है। इसका असर उद्योगों और बाजारों पर भी दिखाई देगा। यदि ग्रामीण मांग कमजोर पड़ती है तो देश की आर्थिक वृद्धि दर यानी जीडीपी पर भी दबाव बढ़ेगा। सामान्य मानसून की स्थिति में जहां जीडीपी वृद्धि 6.8 से 6.9 प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया जा रहा है, वहीं कमजोर मानसून की स्थिति में यह घटकर करीब 6.5 प्रतिशत तक रह सकती है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर भी मानसून का प्रभाव पड़ना तय है। यदि खाद्य महंगाई बढ़ती है तो ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो सकती है। इससे उद्योग और निवेश क्षेत्र भी प्रभावित होंगे। यानी एक कमजोर मानसून पूरे आर्थिक ढांचे पर बहुआयामी असर डाल सकता है। ऐसी स्थिति में सरकार को अभी से व्यापक तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। कृषि मंत्रालय को उन जिलों की पहचान करनी चाहिए जहां अल नीनो का प्रभाव अधिक पड़ सकता है। सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक फसल योजना तैयार करनी होगी। किसानों को कम पानी वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

जल संरक्षण अभियान को युद्ध स्तर पर चलाने की आवश्यकता है। गांवों में तालाब, जलाशय और वर्षा जल संचयन जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही खाद्यान्न भंडारण और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था को भी मजबूत करना होगा ताकि संकट की स्थिति में बाजार में कृत्रिम कमी पैदा न हो। यह सही है कि भारत ने पहले भी कई बार अल नीनो जैसी परिस्थितियों का सामना किया है और सरकारें इससे निपटने में सक्षम रही हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में चुनौतियां लगातार जटिल होती जा रही हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती


### प्रख्यात सितार वादक

**पंडित देवब्रत चौधरी** भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत के महान सितार वादकों में गिने जाते थे। उन्हें प्रेम से 'देबू चौधरी' भी कहा जाता था। उनका जन्म 30 मई 1935 को मयमनसिंह (वर्तमान बांग्लादेश) में हुआ था। बचपन से ही उन्हें संगीत में गहरी रुचि थी और मात्र चार वर्ष की आयु से उन्होंने सितार का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। वे सेनिया घराने से संबंधित थे, जिसकी स्थापना तानसेन के वंशजों द्वारा मानी जाती है। यह घराना रागों की शुद्धता और पारंपरिक शैली को संरक्षित रखने के लिए प्रसिद्ध है। देबू चौधरी ने संगीत की शिक्षा पंचू गोपाल दत्ता तथा प्रसिद्ध संगीताचार्य उस्ताद मुश्ताक अली खान से प्राप्त की। वे उस्ताद मुश्ताक अली खान के प्रमुख शिष्यों में माने जाते थे। अपनी साधना, प्रतिभा और अनूठी शैली के कारण उनका नाम उस्ताद विलायत खान, पंडित रविशंकर और पंडित निखिल बनर्जी जैसे महान सितारवादकों के साथ लिया जाता है।



पंडित देवब्रत चौधरी
जन्म : 30 मई, 1935
मृत्यु : 1 मई, 2021

वे केवल कलाकार ही नहीं बल्कि एक श्रेष्ठ शिक्षक और लेखक भी थे। उन्होंने संगीत पर छह पुस्तकें लिखीं तथा कई नए रागों की रचना की। भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत सरकार ने कला और संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 'पद्मश्री' तथा वर्ष 1992 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। 1 मई 2021 को 85 वर्ष की आयु में दिल्ली में उनका निधन हो गया। उस समय वे कोरोना सं, मण से पीडि़त थे। भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।



कविता


### शख्स

डॉ. राजीव डोगरा, (युवा कवि एवं लेखक)
गांव जनयानकड़, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

**एक** शख्स है जो तुम्हारे इंतजार में बैठा है
मोहब्बत न सही दोस्ती के इजहार में बैठा है।
एक शख्स है जो सुनता नहीं
कभी किसी की भी मगर तुम्हारी हर बात
सुनने के इंतजार में बैठा है।
एक शख्स है जो सोचता नहीं
कभी किसी का भी
वो हर जगह हर लम्हा
तेरा एहसास लेकर बैठा है।

# मूक जंगलों की खामोश पुकार और इंसान की बेरुखी

हमें भी दर्द होता है, डर लगता है कि गर्मियां शुरू होने पर कोई आग न लगा दे। आप हर बार हमें भरोसा देते हैं कि अगली गर्मियों में आप नहीं जलोगे, लेकिन हर बार धोखा ही मिलता है। जंगलों में जब आग लगती होगी तो हर एक पेड़-पौधा, जीव-जंतु जोर-जोर से चिल्लाकर बोलता होगा कि मेरा क्या कसूर है, हमें कौन से गुनाह की सजा दी जा रही है? गर्मियों के दिनों में हम देश के विभिन्न जंगलों के दहन की खबरों को सुनते हैं तो बहुत आश्चर्य तथा दुख महसूस होता है कि मनुष्य ने अंतरिक्ष व अन्य ग्रहों पर तो विजय प्राप्त कर ली है, परंतु वह अपने ही पृथ्वी ग्रह पर जैव विविधता के अभिन्न अंग जंगलों को बचाने में असमर्थ क्यों है?



लकेश चंदेल
अध्यापक, जिला बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी इलाका है। यहां के जंगलों में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, औषधियां, जीव-जंतु निवास करते हैं जो कि हिमाचल प्रदेश को जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध बनाते हैं तथा प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करते हैं। अन्य राज्यों के लोग भी हिमाचल प्रदेश में यहां के सुंदर पहाड़ों जो कि पेड़-पौधों तथा विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं से परिपूर्ण है, की मनोहर झलक देखने के लिए आते हैं। हिमाचल प्रदेश के जंगल यहां के लोगों को शुद्ध वायु, भोजन, फल , दवाइयां, लकड़ी तथा पशुओं के लिए चारा उपलब्ध करवाते हैं। अत: हम कह सकते हैं कि इन जंगलों में जो जैव विविधता पाई जाती है वह पृथ्वी ग्रह के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है । स्पष्ट रूप में कहा जाए तो जंगलों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है, क्योंकि यही मनुष्य को ऑक्सीजन देते हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण में ऑक्सीजन तथा कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा का संतुलन बनाए रखते हैं ।

पेड़ पौधे समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में वर्षा करवाने में सहायक रहते हैं तथा ग्लोबल वार्मिंग को भी कम करते हैं। पेड़-पौधों की जड़ें मिट्टी को पूर्ण रूप से जकड़े रखती है जो कि मृदा संरक्षण में सहायता करती है। यह आमतौर पर देखा गया है कि जिन इलाकों में पेड़-पौधों की मात्रा पर्याप्त होती है वहां पर बाढ़ इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप भी बहुत कम रहता है तथा गर्मियों के दिनों में तापमान भी संतुलित रहता है, परंतु बहुत दुख की बात है की गर्मियों के दिनों में हिमाचल के अधिकांश जंगल आग में जलकर राख हो जाते हैं। इन जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु भी नष्ट हो जाते हैं। यही कारण है कि आज पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की विभिन्न प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर है। हर इंसान को इन सब चीजों के बारे में विचार-विमर्श करना चाहिए तथा जंगलों को आग से बचना चाहिए। जंगलों को आग से बचाने के लिए आम जनता को वन विभाग के साथ सहयोग करना चाहिए। जैसे कि जंगलों में चीड़ तथा अन्य वृक्षों की सूखी पत्तियों को गर्मियों से पहले हटा देना चाहिए ताकि यह सूखी पत्तियां आग को न पकड़े। जंगलों के नजदीक कभी भी आग नहीं जलानी चाहिए।



जंगलों में आग लगने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए। कुछ लोगों का विचार होता है कि अगर वह जंगलों में आग लगाएंगे तो उसके बाद जंगलों में अच्छी हरी घास पैदा होगी तथा उनके पालतू पशुओं को अच्छा चारा मिलेगा जो कि एक गलत विचारधारा है। जंगलों में आग लगाना एक बहुत बड़ा गुनाह तथा पाप है क्योंकि जीव-जंतुओं के यही घर होते हैं। आम नागरिक का कर्तव्य है कि यदि उनके आसपास कहीं जंगलों में किन्हीं कारणों से आग लगती है, तो वे इकट्ठे होकर उस आग को बुझाने में वन विभाग की मदद करें तथा वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर अधिक से अधिक वन लगाएं जिससे हमारे जंगल पुन: हरे भरे हो जाएं। चीड़ की सूखी पत्तियां जो की अत्यंत ज्वलनशील प्रवृत्ति की होती है ये फायर सीजन में अत्यंत गर्मी में घर्षण के फलस्वरूप या फिर मानवीय भूल के कारण एकदम से आग पकड़ लेती है तथा जंगलों में आग लगने का मुख्य कारण बनती हैं। इसके लिए वन विभाग को इन चीड़ के जंगलों में विभिन्न प्रकार की मिश्रित प्रजातियों के पेड़ पौधे लगाने चाहिए जो कि इन चीड़ की पत्तियों के ज्वलनशील प्रभाव को कम करेगी तथा जंगल आग से सुरक्षित रहेंगे। सूखी चीढ़ की पत्तियों से जो विभिन्न प्रकार की टोकरियां, चटाइयां, सजावटी सामान, बैठने के सोफे, फाइलें, गते इत्यादि बनाने के लिए लघु तथा मध्यम उद्योगों की इकाइयों को लगाना चाहिए ताकि लोग जंगलों से इन सूखी चीड़ की पत्तियों को इकट्ठा करें तथा उन उद्योगों तक पहुंचाएं , इससे लोगों को आर्थिक रूप से लाभ भी होगा तथा जंगलों से सूखी चीड़ की पत्तियां भी अपने आप हट जाएगी। परिणाम स्वरुप हमारे जंगल आग के दुष्प्रभाव से बचे रहेंगे। जंगलों में आग लगेगी तो पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा। वायु प्रदूषण के कारण मानव जीवन में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।

पेड़ पौधे वायु प्रदूषण,ध्वनि प्रदूषण को कम करते हैं तथा समय-समय पर वर्षा लाने में भी सहायक रहते हैं। हर मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम एक सैकड़ा पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए तभी वह प्रकृति के कर्ज को उतार पाएगा। आज समय आ गया है कि सभी लोगों को प्रकृति की पीड़ा को समझना होगा तथा उसके संरक्षण के लिए आगे आकर एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य निभाना होगा। हमें जंगलों को आग से बचाने के लिए हर संभव कदम उठाना पड़ेगा तभी आगे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। अगर हम जंगलों को सुरक्षित रखेंगे तभी प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी तथा मानव जीवन विभिन्न प्रकार के रोगों तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचा रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन सोच का विकल्प : माइंडफुलनेस, संयम और भारतीय जीवन मूल्य

एक एपस्टीन ने दुनिया के नैतिक पैमानों को तार तार कर दिया, सभ्यताओं के विकास के क्रम को नष्ट भ्रष्ट कर दिया । वही पाशविकता, वही इंद्रिय लोभ, जानवर से इंसान बनने का क्रम में सभ्य समाज ने पीछे छोड़ दिया था। क्या अमेरिका, क्या यूरोप क्या.....!

अपने को विकसित देश कहने वाले लोग एवं दुनिया को अपनी जागीर समझने वाले शाही घर के लोगों को अब पकड़ पकड़ कर जेल भेजा जा रहा है।



डॉ. दमन आहूजा
जन-स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

मीडिया में जब तक चीजों को बहुतायत में प्रचार न किया जाए तब तक हम किसी भी अनैतिक काम को गलत समझते भी नहीं हैं। कोई भी किसी भी दिन का अखबार उठाकर देख लीजिए जब आप को किसी नाबालिग के साथ दुष्कर्म की खबर न पढ़ने को मिले, लेकिन हम आज भी केवल सफेदपोशों के अनैतिक व्यवहारों पर ही ताज्जुब करते हैं। पहले एक एपस्टीन था, आज हर समाज, हर शहर में सैकड़ों एपस्टीन मिल जाएंगे। एपस्टीन एक व्यक्ति कम एक अंतरिक दोष, एक असंतुलन व एक मानसिक अस्वस्थ्य स्थिति का द्योतक है।

जहां किसी भी तरह से सत्ता, पदार्थ एवं शारीरिक भूख पूरी की जाती है। भोगवादी संस्कृति में तीन साल की बच्चियों के साथ दुष्कर्म, माता पिता का वध, आवेश में दसवीं मंजिल से कूदकर जान देना, पंखे से झूल जाना हमारी दैनिक खबरों के हिस्से हो गए हैं । जीवन एक दिया सिलाई हो गया है, जरा सा रगड़ा और स्वाहा!

**क्यों बनती है एपस्टीन प्रकृति?**

बहुत से कारण हो सकते हैं। जल्द कमाई जाने वाली दौलत, बिना जिम्मेदारी के ताकत, संस्कारहीन परवरिश, और भी अनेकों कारण हो सकते हैं, लेकिन क्या हम सब भी इन ध्येयों ही की तरफ अपने परिवार के बच्चों को बढ़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं ?



**क्या कोई दूसरा रास्ता भी है ?**

उत्तर तलाश करने के लिए हिमालय पर तपस्या रत होने की जरूरत नहीं है। हमारी अपनी संस्कृति व सभ्यता में सारी सोच उपभोक्तावाद की मिट्टी के नीचे दब गई है। ज़रा सा कुरेदने की आवश्यकता है! ऐसे ऐसे सूत्र हाथ लगेंगे कि कहीं और देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी ।

'तेन तकतेन भु ीथा' यानी त्याग के साथ भोगो पर आधारित हमारी अपनी संस्कृति। इस सूत्र की जड़ में से आज त्याग गायब हो गया है, केवल भोग बाकी बचा है। त्याग के साथ उसकी पूरी रिश्तेदारी यानि परहेज, संयम, संतुलन, सामंजस्यता एवं तितिक्षा गुण भी लुप्त होते जा रहे हैं।

इन्हें बनाए रखने के लिए जीवन में माइंडफुलनेस यानी हर पल की सजगता की जरूरत है। हर रोज केवल पांच से दस मिनिट भी यदि आंख बंद कर के पूरे दिन की घटनाओं का अवलोकन कर लेंगे तो स्वत: ही असंस्कारित चीजें हटने लगती हैं, जो एप्स्टीन प्रकृति को बनने से रोकती है। इस प्रक्रिया से प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ने लगता है । मिट्टी, हवा, पानी, सूर्य की रोशनी, पशु पक्षी का संरक्षण एवं इनके प्रदूषण के प्रति संवेदशीलता जागने लगती है। शरीर हेतु पसीने तक की मेहनत उभरने लगती है और मस्तिष्क प्रदूषित न हो कर एपेस्टीन बनने से बचने लगता है।

अभिमान रहित जीवन शैली एक दिन में विकसित नहीं होती, इसके लिए मेहनत की चक्की में तपना पड़ता है, संघर्षों की राह में पिसना पड़ता है, सफलताओं के पथ पर विनम्र रहना पड़ता है, तथा इसके लिए आप की पहले की पीढ़ी को भी संयमित जीवन जी कर आने वाले युवाओं हेतु जीवंत आदर्श प्रस्तुत करना पड़ता है। मां प्रकृति के होते हुए जीवन पर्यंत हम कभी अकेलेपन के द्वीप नहीं हो सकते। प्रकृति से साथ छूटने पर चाहे हम कितने भी हिले पाल लें जीवन उत्सव से अछूते ही रहेंगे। कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का इस्तेमाल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु होगा तो व्यवस्था बेहतर होगी, शरीर को बेहिसाब सुविधाएं देने के लिए होगा तो एपस्टीन आगे भी बनते ही रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधी आबादी की राह : बस स्टॉप से समाज तक समानता और सम्मान की लंबी यात्रा

भारत में किसी बस स्टॉप पर खड़ी महिला केवल एक यात्री नहीं होती, बल्कि वह समाज की अनेक परतों, संघर्षों और उम्मीदों का प्रतीक होती है। वह बस का इंतजार करती दिखाई देती है, लेकिन वास्तव में वह अपने अधिकारों, अवसरों और सम्मानजनक अस्तित्व की प्रतीक्षा भी कर रही होती है। हमारे समाज में महिलाओं की सार्वजनिक उपस्थिति को आज भी पुरुषों की तुलना में अलग दृष्टि से देखा जाता है। यदि कोई पुरुष देर रात सड़क पर दिखाई दे तो यह सामान्य माना जाता है, लेकिन किसी महिला की उपस्थिति पर तुरंत सवाल उठने लगते हैं। यही मानसिकता महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
सामाजिक चिंतक

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक चुनौतियों से गुजरने की प्रि, या है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को असुरक्षित महसूस करती हैं। उनके लिए यात्रा का अर्थ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचना नहीं, बल्कि अपने आत्मविश्वास, साहस और धैर्य की परीक्षा देना भी होता है। कई छात्राएं दूर के कॉलेजों में प्रवेश नहीं लेतीं क्योंकि यात्रा सुरक्षित नहीं होती। अनेक महिलाएं बेहतर नौकरी के अवसर छोड़ देती हैं क्योंकि देर शाम घर लौटना जोखिमपूर्ण माना जाता है। इस प्रकार असुरक्षित परिवहन व्यवस्था महिलाओं की स्वतंत्रता ही नहीं, देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को भी प्रभावित करती है।

महिलाओं के लिए सस्ती और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक समानता का माध्यम है। जब सरकारें महिलाओं के लिए मुफ्त या रियायती बस यात्रा जैसी योजनाएं लागू करती हैं, तो उससे केवल आर्थिक राहत नहीं मिलती बल्कि महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के नए रास्ते खुलते हैं। कई परिवारों में आज भी महिलाओं की पढ़ाई या नौकरी पर होने वाला खर्च अतिरिक्त बोझ माना जाता है।



ऐसे में यात्रा व्यय कम होना उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यह समझना आवश्यक है कि घर से बाहर निकलने वाली हर महिला नौकरी पर ही नहीं जाती; वह अपने जीवन के किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की ओर बढ़ रही होती है। कोई महिला बीमार माँ की देखभाल के लिए दूसरे शहर जा रही होती है, कोई विवाह के बाद छूटी पढ़ाई को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रही होती है, तो कोई अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अतिरिक्त काम कर रही होती है। कई बार वह केवल कुछ क्षणों की मानसिक शांति पाने के लिए घर से बाहर निकलती है, क्योंकि घर के भीतर उसका अवैतनिक श्रम कभी समाप्त नहीं होता। भारतीय समाज में महिलाओं का घरेलू श्रम आज भी बड़े पैमाने पर अदृश्य माना जाता है। भोजन बनाना, बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल करना, घर की साफ-सफाई और अनगिनत छोटे-बड़े कार्य-ये सब परिवार की नींव हैं, लेकिन इनका आर्थिक मूल्य नहीं आंका जाता। ऐसे में जब कोई महिला घर से बाहर निकलती है तो वह केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि अनेक जिम्मेदारियों का भार उठाए हुए निकलती है।

उसके पास समय सीमित होता है, संसाधन कम होते हैं और सामाजिक अपेक्षाएं अधिक होती हैं। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को असहज व्यवहार, असुरक्षा और असमानता का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति केवल कानून नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव की मांग करती है। महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही लोकतंत्र और समानता का आधार है, जिसे सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पर्यटन की दृष्टि से अनछुआ गौरीशंकर (अक्षौणा) मंदिर

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है, जहां प्रकृति की अनुपम सुंदरता के साथ-साथ प्राचीन धार्मिक आस्था के अनेक केंद्र स्थित हैं।

इन्हीं में से एक है कांगड़ा जनपद के पालमपुर उपमंडल के सुलह क्षेत्र की शिवालिक पहाड़ियों में स्थित ऐतिहासिक एवं रहस्यमयी गौरीशंकर मंदिर, जिसे स्थानीय लोग अक्षैणा मंदिर के नाम से भी जानते हैं। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण एक अद्भुत पर्यटन स्थल भी है, जो आज भी अपेक्षित विकास से दूर 'अनछुआ' बना हुआ है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

कलकल करती न्यूगल और सोन नदियों के संगम के निकट स्थित यह मंदिर हरी-भरी वादियों और सुरम्य पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इसका वातावरण इतना शांत और दिव्य है कि यहां आने वाला प्रत्येक आगंतुक आत्मिक सुकून का अनुभव करता है। मान्यता है कि यह मंदिर लगभग 450 वर्ष से भी अधिक पुराना है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार एक किसान द्वारा हल चलाते समय शिव-पार्वती की मूर्तियां प्राप्त हुई थीं, जिसके बाद इसी स्थान पर विधि-विधान से मंदिर की स्थापना की गई। मंदिर परिसर में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, नंदी तथा अन्य देवी-देवताओं की कलात्मक प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देती हैं। परिसर में निरंतर प्रज्वलित अखंड धुना, शिवलिंग, त्रिशूल और डमरू की उपस्थिति इस स्थान को और भी पवित्र बनाती है। साथ ही गीता कीर्तन हाल में श्रद्धालु भजन-कीर्तन और ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति प्राप्त करते हैं।

सोन खड्ड पर स्थित मच्छयाल (मछलियों का कुंड) इस क्षेत्र का एक प्रमुख आकर्षण है, जहां बड़ी मछलियों का झुंड जल में विचरण करता दिखाई देता है। स्थानीय परंपरा के अनुसार श्रद्धालु यहां मछलियों को आटा अर्पित करते हैं। यह परंपरा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देती है।





हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठता है। लंगर की व्यवस्था और सामूहिक सहभागिता इस आयोजन को और भी विशेष बनाती है। प्राकृतिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र अत्यंत समृद्ध है। चारों ओर फैली हरियाली, पक्षियों का कलरव और हिमालय की बर्फीली चोटियों के विहंगम दृश्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। मंदिर के समीप स्थित रेलवे स्टेशन और सड़क मार्ग इसे और भी सुलभ बनाते हैं, जिससे यहां पर्यटन विकास की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

हालांकि इतनी संभावनाओं के बावजूद यह क्षेत्र अभी तक पर्यटन मानचित्र पर पूर्ण रूप से स्थापित नहीं हो पाया है। यदि राज्य सरकार और पर्यटन विभाग इस स्थल के विकास पर ध्यान दें, तो यह स्थान न केवल धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर भी उत्पन्न कर सकता है।

गौरीशंकर मंदिर वास्तव में आस्था, प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है। आवश्यकता केवल इसके योजनाबद्ध विकास और संरक्षण की है, ताकि यह अनछुआ रत्न हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक-पर्यटन स्थलों में अपना स्थान बना सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एना इवानोविच का खेल अंदाज

**सर्बिया।** सर्बिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं।



### मैत्री सीरीज में भारतीय महिला हॉकी टीम की पर्थ में लगातार दूसरी जीत

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

**एजेंसी, पर्थ**




भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए मैत्री सीरीज के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने चार मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में मिली हार के बाद दूसरे मैच में 4-2 से शूटआउट जीत हासिल की थी और अब तीसरा मुकाबला भी अपने नाम कर लिया।

दोनों टीमों के बीच खेले गए तीसरे मैच में शुरुआत से ही मजबूत रक्षात्मक खेल देखने को मिला। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल नहीं होने दिया और हाफ टाइम तक मुकाबला 0-0 से बराबरी पर रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत को सफलता मिली, जब सोनम ने 36वें मिनट में फील्ड गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा और 49वें मिनट में लालरेमसियामी ने एक और फील्ड गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके साथ ही भारत ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। सीरीज का चौथा और अंतिम मुकाबला शनिवार, 30 मई को भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे इसी मैदान पर खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सूर्यवंशी को लेकर फैली अफवाहों पर ललित मोदी ने तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- 30 करोड़, एंटीलिया फ्लैट और प्राइवेट आइलैंड ऑफर की वायरल खबरों को बताया झूठा
- बोले-नियमों के तहत आईपीएल में होती है खिलाड़ियों की एंट्री

भारतीय क्रिकेट के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आईपीएल-2026 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और निडर अंदाज से उन्होंने क्रिकेट फैंस का ध्यान पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया है। कम उम्र में बड़े-बड़े गेंदबाजों के खिलाफ जिस आत्मविश्वास के साथ उन्होंने रन बनाए, उससे उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। हालांकि, बढ़ती चर्चा के बीच अब उनके नाम को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें भी वायरल होने लगी हैं।



हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी ने वैभव सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने के लिए 30 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है। वायरल दावे में मुंबई के एंटीलिया में फ्लैट, मालदीव में निजी आइलैंड और परिवार को ब्लैंक चेक देने जैसी बातें भी कही गईं। देखते ही देखते यह पोस्ट सोशल मीडिया पर चर्चा का बड़ा विषय बन गई। हालांकि, कई लोगों ने इन दावों पर सवाल भी उठाए कि क्या आईपीएल में इस तरह की निजी डील संभव है। मामला बढ़ने के बाद आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने खुद सामने आकर वायरल खबरों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया। ललित मोदी ने साफ कहा कि आईपीएल में किसी खिलाड़ी को सीधे पैसे, लग्जरी गिफ्ट या निजी फायदे देकर टीम में शामिल करने की अनुमति नहीं होती। उन्होंने बताया कि किसी भी खिलाड़ी का ट्रांसफर केवल आधिकारिक प्रक्रिया, ट्रेडिंग विंडो या ऑक्शन के जरिए ही किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बड़े सितारे बन सकते हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन कहानियों का सच्चाई से कोई संबंध नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स में जान्हवी ने रेयांश को हराया

**एजेंसी, मुंबई।** जान्हवी सोनेजी ने सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे रेयांश वेंकट को हराकर शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के अंतिम दौर से पहले खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया। यह रेयांश की टूर्नामेंट में पहली हार है। इस जीत से जान्हवी संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई हैं। राजवीर पिंकेश नाहर ने भी शीर्ष वरीय श्रेयांश सोमैया को हराकर वापसी की। (अनंत ज्ञान)



### प्रणति को राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों को साई से मिला मजबूत समर्थन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक की राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल 2026 की तैयारियों को खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से लगातार समर्थन मिल रहा है। सरकार की ओर से उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, राष्ट्रीय कोचिंग शिविर और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी प्रणति नायक इन दिनों भुवनेश्वर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में हिस्सा ले रही हैं। यह शिविर 25 से 28 जून 2026 तक चीन के जुनयी में होने वाली 13वीं सीनियर एशियाई चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए लगाया गया है। प्रणति भारतीय सीनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक टीम का हिस्सा होंगी। भुवनेश्वर शिविर के लिए 23.52 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। वहीं, चीन में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय दल की भागीदारी के लिए 36.59 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। प्रणति नायक को टॉप्स योजना के तहत व्यक्तिगत सहायता भी मिली है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक वर्ल्ड चैलेंज कप में भागीदारी के लिए उन्हें, उनके कोच अशोक कुमार मिश्रा और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. स्वेता अटिली को 5.89 लाख रुपए की सहायता दी गई थी। इस प्रतियोगिता में प्रणति ने रजत पदक जीता। (अनंत ज्ञान)

### फ्रेंच ओपन : युकी भांबरी प्री-क्वार्टर फाइनल में, अनिरुद्ध बाहर

**एजेंसी, पेरिस।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने अपनी रूसी जोड़ीदार अलेक्जेंड्रा पानोवा के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के मिश्रित युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय-रूसी जोड़ी ने नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक की जोड़ी को एक बेहद कड़े मुकाबले में 7-6(2), 7-6(5) से मात दी। करीब एक घंटे 50 मिनट तक चले इस मैच में दोनों सेट टाईब्रेक तक पहुंचे, जहां युकी और पानोवा ने दबाव के क्षणों में बेहतर संयम दिखाया और लगातार महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए। इस जीत के साथ उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में युकी भांबरी और अलेक्जेंड्रा पानोवा का सामना चौथी वरीय अमेरिकी-ब्रिटिश जोड़ी डिजायरी क्रावचिक और नील स्कुप्स्की से होगा, जो एक कठिन चुनौती मानी जा रही है। वहीं, पुरुष युगल में भारतीय खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर और जापान के ताकेरू युजुकी की जोड़ी का सफर समाप्त हो गया। उन्हें स्विट्जरलैंड के याकूब पॉल और ब्रिटेन के मार्कस विलिस की जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7-6(7), 3-10 से हार का सामना करना पड़ा। दो घंटे 45 मिनट तक चले इस मुकाबले में अनिरुद्ध और युजुकी ने दूसरा सेट जीतकर वापसी जरूर की, लेकिन निर्णायक सुपर टाईब्रेक में विरोधी जोड़ी ने बेहतर खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया और भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। (अनंत ज्ञान)




### फीफा विश्व कप के लिए अर्जेंटीना टीम घोषित, लियोनेल मेसी पर होंगी नजरें

**एजेंसी, ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप 2026 के लिए गत चैंपियन अर्जेंटीना ने अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने अनुभवी स्टार लियोनेल मेसी को भी टीम में शामिल किया है। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में शुरू होगा। अर्जेंटीना अपनी तैयारियों के तहत 6 जून को होंडुरास और 9 जून को आइसलैंड के खिलाफ मैत्री मुकाबले खेलेगा। इसके बाद टीम कैनसस सिटी स्थित अपने बेस कैंप पहुंचेगी। अर्जेंटीना को ग्रुप जे में रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरुआत 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद उसका सामना ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। (अनंत ज्ञान)

# अंडर-18 एशिया कप हॉकी में भारत ने कजाखस्तान को 13-0 से रौंदा

**एजेंसी, काकामिगाहारा (जापान)**

भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कजाखस्तान को 13-0 से करारी शिकस्त दी। पूल-ए के इस मुकाबले में कप्तान केतन कुशवाहा ने हैट्रिक जमाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम अब 31 मई को मेजबान जापान से भिड़ेगी।

भारत की ओर से केतन कुशवाहा ने तीन गोल किए, जबकि प्रहलाद राजभर, आशीष तानी पूर्ति, अंश बहुत्रा और शाहरुख अली ने दो-दो गोल दागे। गाजी खान और आकाश दीप ने भी एक-एक गोल किया। शुरुआती दबाव झेलने के बाद कजाखस्तान की रक्षापंक्ति 12वें मिनट में टूट गई, जब शाहरुख अली ने सर्कल के अंदर से जोरदार शॉट लगाकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही प्रहलाद राजभर ने दूसरा गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। कप्तान केतन कुशवाहा ने 18वें मिनट में नजदीक से गोल किया, जबकि 20वें मिनट में गाजी खान ने चौथा गोल दागा। हाफ टाइम से पहले भारत ने लगातार हमले जारी रखे। शाहरुख अली ने 29वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और उसके तुरंत बाद आशीष तानी पूर्ति ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 6-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा आक्रामक प्रदर्शन किया। अंश बहुत्रा ने 31वें और 44वें मिनट में दो गोल किए, जबकि पूर्ति ने भी अपना दूसरा गोल दागा। कप्तान केतन ने अंतिम मिनट में लगातार दो गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 11-0 से आगे था। अंतिम क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने दबाव बनाए रखा। आकाश दीप ने 47वें मिनट में गोल किया, जबकि प्रहलाद राजभर ने 51वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर भारत की 13-0 की ऐतिहासिक जीत पूरी की। (अनंत ज्ञान)




- कप्तान केतन कुशवाहा ने लगाई हैट्रिक

### नॉर्वे शतरंज : कार्लसन ने गुकेश को हराया, प्रज्ञानानंद की जीत

**एजेंसी, ओस्लो।** नॉर्वे शतरंज 2026 के चौथे दौर में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराकर शानदार वापसी की। वहीं भारत के आर. प्रज्ञानानंद ने विन्सेंट कीमर को पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। कार्लसन ने शुरुआती तीन दौर में दो हार के बाद दबाव में रहते हुए गुकेश के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया और उनकी अंतिम गलतियों का फायदा उठाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ वह अंक तालिका में वापसी कर चुके हैं। दूसरी ओर, प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल मुकाबले में चूक के बाद आर्मागेडन टाईब्रेक में आक्रामक खेल दिखाते हुए कीमर को हराया। महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख को क्रमशः झू जिनेर और अन्ना मुजिचुक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# सुनील गावस्कर बोले-वैभव भारतीय क्रिकेट के लिए 'भगवान का उपहार'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- इंग्लैंड टी20 दौरे के लिए सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने की मांग



महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के लिए भगवान का उपहार हैं और उन्हें इंग्लैंड के आगामी सफेद गेंद के दौरे के लिए टीम में चुना जाना चाहिए, भले ही इसके लिए अंतिम एकादश में शीर्ष क्रम के किसी स्थापित बल्लेबाज को बाहर करना पड़े। गावस्कर ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सूर्यवंशी की 29 गेंद में 97 रनों की शानदार पारी देखी थी और वह इस किशोर खिलाड़ी के निडर स्ट्रोकप्ले से बेहद प्रभावित हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पैट कमिंस की गेंद पर सीधा छक्का जड़ा। गावस्कर ने यूट्यूब शो 'स्पोर्ट्स तक' पर कहा, ''2026 को वैभव सूर्यवंशी के साल के तौर पर याद किया जाएगा। वह (सूर्यवंशी) टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''इंग्लैंड के दौरे पर होने वाली टी20 सीरीज के लिए उन्हें चुना जाएगा। मेरा मतलब है कि इस शानदार प्रदर्शन के बाद वह टीम में चुने जाने के हकदार हैं। अगर आप इस प्रदर्शन के बाद उन्हें मौका नहीं देते, तो उन्हें मौका कब देंगे?'' भारत के पूर्व कप्तान को पूरा यकीन है कि उम्र कोई मायने नहीं रखनी चाहिए क्योंकि वह महज 15 साल की उम्र में ही हर तरह के गेंदबाजों की धुनाई कर रहे हैं।

गावस्कर ने कहा, ''उनकी उम्र पर मत जाइए। वह उन गेंदबाजों को धुन रहा है जो उससे उम्र में बड़े हैं। बल्कि 15 साल की उम्र में वह ऐसे गेंदबाजों को मार रहा है जिनके पास 15 साल का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। जरा उसके निडर अंदाज को देखिए।'' हालांकि, अंतिम एकादश में सूर्यवंशी को जगह देने के लिए टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा या संजू सैमसन में से किसी एक को बाहर बिठाना पड़ेगा। गावस्कर ने कहा, ''हां, यह एक मुश्किल फैसला होगा कि किसे बाहर किया जाए। लेकिन यह एक अच्छी मुश्किल है। जब आपके सामने यह विकल्प हो कि किसे बाहर किया जाए, तो यह आपके देश में मौजूद प्रतिभा की गहराई को दिखाता है।'' (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ट्रंप की तस्वीर वाला 250 डॉलर का नोट लाने की तैयारी में

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रंप अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि, फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी।

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रंप की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रंप की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी।

इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रंप के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट बंद रहेगा : दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- कोर्ट ने सरकार और एक्स को दिया नोटिस, 4 हफ्ते में जवाब मांगा

दिल्ली दिल्ली हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके की याचिका पर केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया है। दिपके ने सीजेपी का एक्स अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी है।

कोर्ट ने फिलहाल अकाउंट दोबारा चालू करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में फैसला लेने से पहले सरकार का पक्ष सुनना जरूरी है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को तय की। दिपके बोले ने कहा कि सीजेपी राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य (सटायर) पर आधारित पहल है। अगर कुछ पोस्ट आपत्तिजनक हैं, तो सिर्फ उन्हें ब्लॉक किया जा सकता है। पूरे अकाउंट को बंद करना सही नहीं है। पहले भी ऐसे मामलों में अदालतें राहत दे चुकी हैं और कुछ अकाउंट बहाल हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल सिर्फ नोटिस जारी किया जा सकता है। इस मामले में कानून अभी शुरुआती दौर में है। ब्लॉकिंग ऑर्डर की वजह अभी साफ नहीं है। न याचिकाकर्ता ने ब्लॉकिंग ऑर्डर देखा है, न कोर्ट ने।

जिन पुराने मामलों का हवाला दिया गया, वे अलग थे। वहां कुछ पोस्ट विवादित थीं, यहां पूरे अकाउंट की गतिविधियों पर सवाल है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इंटरमीडियरी (एक्स) याचिकाकर्ता की मदद करता दिख रहा है। सरकार का पक्ष सुने बिना कोई आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। जरूरत पड़ने पर ब्लॉकिंग ऑर्डर और पूरा रिकॉर्ड कोर्ट के सामने रखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ईरान जंग का किया विरोध

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

- बोले-इसमें हजारों लोगों की गई जान

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था। लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी।

उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मिडिल और वर्किंग क्लासस के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

### 10 प्रतिशत कम बारिश का अनुमान, जून-जुलाई में भी चलेगी हीटवेव

# एक सप्ताह बाद केरलम पहुंचेगा मानसून

**एजेंसी, नई दिल्ली**


फाइल फोटो

देशभर में मानसून की एंट्री लेट हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका है और अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं।

केरलम के तट पर मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख एक जून मानी जाती है। इससे पहले मौसम विभाग ने 26 मई तक ही मानसून आने का अनुमान जताया था। ताजा अनुमान के मुताबिक अब यह 7 दिन बाद केरल तट पर पहुंचेगा। यानी, पिछले अनुमान से मानसून करीब 10 दिन बाद देश में एंट्री करेगा।

आईएमडी के मुताबिक जून-जुलाई में भी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश में हीटवेव चलने की संभावना है। आमतौर पर उस वक्त तापमान 30-35 डिग्री तक रहता है। इस बार 3 डिग्री ज्यादा टेंपरेचर रहेगा।

मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में औसतन 78 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान है। जो सामान्य से करीब 10 प्रतिशत कम है। 13 अप्रैल को 80 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान लगाया गया था। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर देश में औसत बारिश 87 सेंटीमीटर मानी जाती है।

मौसम विभाग ने बताया कि जून में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड में सामान्य से भी कम बारिश होगी। वहीं, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में सामान्य बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि इस साल मानसून के कोर जोन में कम बारिश होगी। इस इलाके में खेती सबसे ज्यादा मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है, यानी बारिश का सीधा असर फसलों और खाद्य उत्पादन पर पड़ता है। मानसून कोर जोन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र का विदर्भ, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, कुछ हिस्से उत्तर प्रदेश और बिहार के इलाके आते हैं। यहां खेती पर असर पड़ने से किसानों को सीधा नुकसान होगा। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1092 अंक गिरा, निफ्टी 23547.75 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**




घरेलू और वैश्विक कारणों से भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी उथल-पुथल रही। कारोबारी सप्ताह के पांचवें और आखिरी दिन जबरदस्त बिकवाली से मार्केट औंधे मुंह जा गिरा। इस दौरान प्रमुख भारतीय इक्विटी सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही लाल निशान पर रहे। बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सेंसेक्स 1,092.06 अंक यानि कि 1.44 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 74,775.74 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 359.40 अंक यानि कि 1.50 प्रतिशत गिरकर 23,547.75 के स्तर पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट से महज कुछ ही घंटों के अंदर निवेशकों के लाखों-करोड़ों रुपए डूब गए।

कारोबार के अंत में निफ्टी की कंपनियों में पावरग्रिड, इंडिगो, ओएनजीसी, मैक्स हेल्थ और आयशर मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, विप्रो, नेस्ले इंडिया और एलएंडटी के शेयर सबसे ज्यादा लाभ में रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में भी 30 में से 26 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, भदरोता जिला मंडी हि.प्र.।**

मुकदमा संख्या : 04/2026
तारीख मजरुआ:-23-04-2026
आगामी तारीख 22-06-2026
श्री जय राम पुत्र अच्छरू निवासी चनौहली उप तहसील भदरोता जिला मंडी हि.प्र.। ...*प्रार्थी*

**बनाम**
**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र बराये मक्खफूल उल्लखबरी**

उपरोक्त प्रार्थी श्री जय राम पुत्र अच्छरू निवासी चनौहली उप तहसील भदरोता जिला मण्डी हि.प्र.। ने इस अदालत में अपना प्रार्थना पत्र वावत किए जाने सत्यापित इन्तकाल मक्खफूल उल्लखबरी अपने लापता भाई श्री हेम चन्द पुत्र अच्छरू निवासी चनौहली उप तहसील भदरोता जिला मंडी हि.प्र. जो कि लगभग 60 से 65 साल पहले अचानक घर से लापता हो गया था को दर्ज करने हेतू दावा दायर किया है।

अतः प्रतिवादीगण आम जनता को बजरिया अखवारी इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उक्त मुकदमे की पैरवी दिनांक 22-06-2026 को निश्चत की गई है। अतः आप स्वंय उपरोक्त मुकर्रर दिनांक व समय 11.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पैरवी मुकदमा करे अन्यथा गैर हाजिरी की सूरत में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस बात की ताकीव जाने ।

उक्त अखबारी ईश्तहार आज दिनांक 23-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से

**नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दंडाधिकारी उप तहसील भदरोता, जिला मंडी हि.प्र.।**

# गाड़ी की छत पर सफर करना पड़ा महंगा

## मनाली में पर्यटकों का हुड़दंग, वैध लाइसेंस न होने पर पुलिस ने काटा 7500 का चालान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में राजस्थान से आए कुछ पर्यटकों को यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाना और पुलिस के साथ उलझना बेहद महंगा पड़ गया। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने के आरोप में सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 7500 रुपये का भारी-भरकम चालान काटा है।मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान रजिस्ट्रेशन नंबर की एक गाड़ी में सवार होकर कुछ पर्यटक मनाली की तरफ जा रहे थे।

इस दौरान वाहन में मौजूद कुछ निहंग ( पर्यटक) नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी की छत पर बैठकर सफर कर रहे थे। मौके पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों की नजर जैसे ही इस खतरनाक स्टंट पर पड़ी, उन्होंने तुरंत वाहन को रोक लिया। पुलिसकर्मियों ने जब पर्यटकों को सुरक्षा का हवाला देते हुए नियमों का पालन करने की हिदायत दी, तो पर्यटकों ने अपनी गलती मानने के बजाय उल्टा पुलिसकर्मियों और वहां मौजूद स्थानीय लोगों के साथ तीखी बहस शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पर्यटकों का हंगामा बढ़ता देख मनाली थाना प्रभारी मनीष शर्मा स्वयं दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे।

इसके बावजूद पर्यटक काफी देर तक थाना प्रभारी के साथ भी बहसबाजी और बदतमीजी करते रहे। पर्यटकों के इस अड़ियल रवैये को देखते हुए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया और मामले को शांत कराकर गाड़ी सहित सभी पर्यटकों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाने ले आई। थाने लाकर जब पुलिस ने वाहन के दस्तावेजों की जांच की, तो एक और बड़ी लापरवाही सामने आई। गाड़ी चला रहे चालक के पास कोई वैध ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं था। इसके बाद पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत दोहरे उल्लंघन गाड़ी की छत पर असुरक्षित सफर करने और बिना लाइसेंस वाहन चलाने के मामले में कुल 7,500 रुपये का जुर्माना ठोक दिया।



### नियमों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाशत : डीएसपी

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए सख्त लहजे में कहा कि मनाली में किसी भी सूरत में हुड़दंग और यातायात नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बाहर से आने वाले सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे पहाड़ों पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और नियमों के दायरे में रहकर ही पर्यटन का आनंद लें, ताकि किसी भी अनहोनी या दुर्घटना से बचा जा सके।

# करगा जीरो प्वाइंट के पास भागा नदी में गिरी पिकअप, चालक हुआ घायल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी में खराब मौसम और फिसलन भरी सड़क एक बार फिर हादसे का कारण बनी। मुलिंग निवासी आदित्य ठाकुर पुत्र अमर लाल ठाकुर दोपहर लगभग 3 बजे अपनी पिकअप गाड़ी से केलांग से घर लौट रहे थे। इसी दौरान करगा जीरो प्वाइंट के समीप तोगतोगचा नामक स्थान पर उनकी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे भागा नदी में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्षेत्र में मौसम खराब था और सड़क पर काफी फिसलन थी, जिसके चलते वाहन चालक संतुलन खो बैठा। हादसे में आदित्य ठाकुर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल आदित्य ठाकुर को सुरक्षित बाहर निकालकर क्षेत्रीय अस्पताल केलांग पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया। इस हादसे के बाद प्रशासन ने वाहन चालकों से खराब मौसम के दौरान पहाड़ी मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।



करगा जीरो प्वाइंट के पास भागा नदी में गिरी पिकअप। अनंत ज्ञान

# पेखड़ी में मनीषा डिंपल और शिल्ली में टेक सिंह के सिर सजा प्रधान पद का ताज

अनंत ज्ञान



**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी स्थित ग्राम पंचायत पेखड़ी और शिल्ली में दूसरे चरण के पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हो गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजेता उम्मीदवारों का फूल-मालाओं और नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने देर रात गुशैनी पहुंचकर चुनावी व्यवस्थाओं और प्रक्रिया का निरीक्षण किया।ग्राम पंचायत पेखड़ी में प्रधान पद के लिए कुल 1044 मत पड़े, जिनमें 17 मत रद्द हुए। विजेता उम्मीदवार मनीषा डिंपल को 402 मत मिले, जबकि कांता देवी को 299, फूला ठाकुर को 257 और पुष्पा देवी को 69 मत प्राप्त हुए। मनीषा डिंपल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 103 मतों से हराकर प्रधान पद पर जीत दर्ज की।उप प्रधान पद के लिए कुल 1044 मत पड़े, जिनमें 16 मत रद्द तथा 6 मत नोटा में गए। नील चंद को 394, प्रताप सिंह को 384 और घनश्याम को 244 मत मिले। कड़े मुकाबले में नील चंद ने मात्र 10 मतों के अंतर से जीत हासिल कर उप प्रधान पद अपने नाम किया। ग्राम पंचायत शिल्ली में मतदाताओं ने प्रधान और उप प्रधान दोनों पदों के लिए युवाओं को मौका दिया। प्रधान पद के लिए कुल 875 मत पड़े, जिनमें 6 मत रद्द और 3 मत नोटा में गए। टेक सिंह उर्फ चिराग पुत्र टीकम राम, गांव शरूगर को 476 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी मोहर सिंह को 216 तथा प्रकाश चंद को 174 मत मिले। टेक सिंह ने 260 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की।उप प्रधान पद के लिए टेक सिंह पुत्र गधीर दास, गांव शील को 350 मत मिले। केहर सिंह को 262 तथा सेस राम को 253 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार टेक सिंह ने 88 मतों की बढ़त के साथ उप प्रधान पद पर विजय हासिल की।चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दोनों पंचायतों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने विजेता उम्मीदवारों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल और क्षेत्र के विकास की कामना की है।

# कल होगी ब्लॉक समिति व जिला परिषद की मतगणना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि ब्लॉक समिति और जिला परिषद की मतगणना 31 मई को जिला के पांच स्थानों पर आयोजित की जाएगी। मतगणना प्रातः 9 बजे आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिये मतगणना अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। विकास खंड कुल्लू की मतगणना राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला खोरी रोपा में होगी, जहां 20 टेबल स्थापित किए जाएंगे। विकास खंड भुंतर के लिये मतगणना केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर बनाया गया है, जहां 12 टेबल लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि विकास खंड बंजार की मतगणना अम्बेडकर भवन बंजार में होगी तथा यहां 15 टेबल लगाए गए हैं। विकास खंड आनी की मतगणना राजकीय महाविद्यालय आनी में होगी, जहां 15 टेबल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड निरमंड की मतगणना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निरमंड में होगी तथा मतगणना के लिये 15 टेबल स्थापित किए गए हैं। विकास खंड नग्गर की मतगणना तिब्बतियन स्कूल पतलीकूहल में होगी और इसके लिये 21 टेबल लगाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिये मतगणना की वेबकास्टिंग भी की जाएगी।

# 76 पंचायतों में आज होगा तीसरे चरण का मतदान

## कुल्लू जिले में 426 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

अनंत ज्ञान

- 99 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कुल्लू अनुराग चन्द्र शर्मा ने बताया कि पंचायती राज चुनावों के तृतीय चरण का मतदान 30 मई, को ज़िला कुल्लू की 76 पंचायतों में सम्पन्न होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक होगा। ज़िला प्रशासन द्वारा चुनावों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में विकास खण्ड नग्गर की 13 पंचायतों में 87 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 19,442 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विकास खण्ड कुल्लू की 11 पंचायतों में 61 मतदान केन्द्रों पर 15,046 मतदाता मतदान करेंगे। विकास खण्ड भुंतर की 17 पंचायतों में 89 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 21,223 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार विकास खण्ड बंजार की 12 पंचायतों में 64 मतदान केंद्रों पर 14,608 मतदाता, विकास खंड आनी की 12 पंचायतों में 66 मतदान केंद्रों पर 16,329 मतदाता तथा विकास खण्ड निरमंड की 11 पंचायतों में 59 मतदान केन्द्रों पर 12,959 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में कुल 426 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं तथा 1,704 मतदान कर्मियों एवं 852 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इस चरण में कुल 99,607 मतदाता मतदान करेंगे।ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दल अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुके हैं। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि विकास खण्ड कुल्लू की नेउली, बल्ह, पीज, जरडभट्टी कॉलोनी, खडिहार, कोठीसारी, बाशिंग, बस्तोरी, माशना, पुईद तथा चौकी डोभी पंचायतों में मतदान होगा। विकास खण्ड नग्गर की शलीण, जगतसुख, नसोगी, सोयल, दुआड़ा, ब्रांण, अरछंडी, जाणा, काईस, कराड़सू, नगर, सलिगांचा तथा नथान पंचायतों में मतदान होगा।विकास खण्ड भुंतर की जिया, कसोल, जरी, चोंग, शाट, तलपीणी, पीणी, तलाड़ा, काठीभलाण, शियाह, हुरला, रोट, मंझली, बड़ाभुईंन, हाट, परागणु तथा तेगूबेहड़ पंचायतों में मतदान होगा।विकास खण्ड बंजार की देउरीधार, कनोन, धाउगी, लारजी, देउठा, मंगलौर, कलवारी, नोहांडा, शरची, कंडीधार, शिकारीघाट तथा मोहनी पंचायतों में मतदान होगा।विकास खण्ड आनी की लगौटी, कोटासेरी, बखनाओं, रोपा, तलूणा, कुंगश, बटाला, देउठी, शिल्ली, बैहना, नमहोंग तथा आनी पंचायतों में मतदान होगा। विकास खंड निरमंड की बाहवा, बखन, ब्रौ, कोटी, नोर, लोट, निशानी, दुराह, पोशना, शिशवी तथा गडेज पंचायतों में मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# नग्गर परियोजना में बिना पंजीकरण के नहीं चलेंगे प्ले स्कूल और क्रेच

अनंत ज्ञान

- सीडीपीओ खुशविंद्र का निर्देश, सभी ईसीसीई केंद्र जल्द कराएं पंजीकरण
- नग्गर क्षेत्र में डे-केयर और नर्सरी स्कूलों पर नए नियम लागू

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित सभी प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) केंद्रों को विनियमित करने के लिए नए नियम अधिसूचित कर दिए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी नग्गर स्थित कटराईं , खुशविंद्र ठाकुर ने बताया कि 'हिमाचल प्रदेश प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा केन्द्र (पंजीकरण एवं विनियमन) नियम, 2026' के तहत अब नग्गर परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी प्ले स्कूल और डे-केयर सेंटरों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इन नए नियमों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में संचालित सभी क्रेच, प्ले स्कूल, डे-केयर सेंटर, किंडरगार्टन, नर्सरी स्कूल तथा बालवाड़ी आदि का पंजीकरण और विनियमन सुनिश्चित करना है। इससे इन केंद्रों में पढ़ने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के स्तर को सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार भविष्य में बिना वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र के कोई भी ईसीसीई केंद्र संचालित नहीं किया जा सकेगा। वर्तमान में नग्गर क्षेत्र में चल रहे ऐसे सभी केंद्रों को निर्धारित समयावधि के भीतर पंजीकरण के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी गैर-सरकारी संगठनों , ट्रस्ट, सोसायटियों अथवा अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त नियमों का गहनता से अध्ययन करें और जल्द से जल्द आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, सभी संबंधित संस्थानों को अपने अधीन चल रहे ईसीसीई केंद्रों की पूरी जानकारी तुरंत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, नग्गर को उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

यदि किसी संस्थान, संचालक अथवा आम नागरिक को इन नियमों, दिशा-निर्देशों या पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी चाहिए, तो वे कार्यालय समय के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय, नग्गर स्थित कटराईं में आकर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## केलांग में बीडीसी व जिला परिषद मतगणना को लेकर द्वितीय रिहर्सल संपन्न

# पारदर्शी मतगणना के लिए अधिकारियों ने किया अभ्यास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, केलांग के परीक्षा भवन में आज पंचायत चुनावों के अंतर्गत पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों की मतगणना को लेकर द्वितीय मतगणना पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना, उपमंडलाधिकारी (ना.) केलांग कुनिका एकर्स तथा एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

गौरतलब है कि इस मतगणना केंद्र को 'पिंक मतगणना केंद्र' के रूप में विकसित किया गया है, जहां मतगणना से संबंधित समस्त कार्य महिलाओं द्वारा संपन्न किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश विस्तारपूर्वक प्रदान किए। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य हेतु कुल सात टेबल स्थापित की गई हैं तथा प्रत्येक टेबल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतों की गिनती सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि इस पूर्वाभ्यास का मुख्य उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करवाना है, ताकि वास्तविक मतगणना के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा सकें। इस दौरान विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों और कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार केलांग विकास कुमार, नायब तहसीलदार शेर सिंह, पंचायत निरीक्षक अंकित सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

- पंचायत चुनाव मतगणना की तैयारियां तेज, केलांग में सात टेबल पर होगी गिनती

# देवर-भाभी ने रचा इतिहास, भाभी बनी वार्ड सदस्य तो देवर उपप्रधान

अनंत ज्ञान



**बंजार।** विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत चकुरठा में देवर-भाभी ने पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। एक ही गांव और एक ही खानदान परिवार से दो उम्मीदवारों का जीतना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्राम पंचायत चकुरठा के दलयाड़ा गांव की निलमा ने वार्ड सदस्य पद पर जीत हासिल की, जबकि उनके देवर तुलसी नंद ने उपप्रधान पद पर विजय प्राप्त कर परिवार और गांव का नाम रोशन किया। लंबे समय बाद इस गांव से पंचायत चुनाव में किसी उम्मीदवार की जीत होने के कारण गांव में उत्साह का माहौल है।

बताया जा रहा है कि ब्राह्मण परिवार बहुल इस गांव में अन्य गांवों की तुलना में मतदाताओं की संख्या कम होने के चलते यहां से चुनाव जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण माना जाता रहा है। इसी वजह से पहले लोग चुनाव लड़ने का जोखिम कम ही उठाते थे, लेकिन इस बार निलमा और तुलसी नंद ने चुनावी मैदान में उतरकर न केवल अपने गांव में मजबूत पकड़ बनाई, बल्कि अन्य गांवों में भी समर्थन जुटाते हुए जीत का परचम लहरा दिया। उनकी जीत के बाद पूरे दलयाड़ा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोगों ने दोनों विजेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह जीत गांव के लिए गौरव की बात है और इससे आने वाले समय में युवाओं को भी पंचायत राजनीति में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

**भीड़** गर्मी बढ़ते ही रोजाना 3000 से अधिक वाहन पहुंच रहे शहर, होटल और टैक्सी कारोबार में तेजी

# मनाली में पर्यटकों का हुजूम, 80 फीसदी होटल पैक

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ते ही सैलानियों ने पहाड़ों का रुख करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों का जबरदस्त हुजूम उमड़ पड़ा है। दिन-प्रतिदिन बढ़ती सैलानियों की संख्या से मनाली के होटल, रेस्तरां, टैक्सी और पर्यटन से जुड़े अन्य व्यवसायों में भारी तेजी देखने को मिल रही है।

आलम यह है कि मनाली के करीब 80 से 90 फीसदी होटल पूरी तरह पैक हो चुके हैं, जबकि आगामी वीकेंड और छुट्टियों को देखते हुए एडवांस बुकिंग के ग्राफ में भी भारी उछाल आया है।ग्रीन टैक्स बैरियर से मिले आंकड़ों के मुताबिक, रोजाना 3000 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली में प्रवेश कर रहे हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मुंबई और गुजरात जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। मनाली का प्रसिद्ध मॉल रोड, हिडिंबा मंदिर, सोलंगनाला और अटल टनल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल दिनभर सैलानियों से गुलजार रह रहे हैं।

इसके साथ ही रोहतांग की बर्फीली वादियों में पर्यटक बर्फ से जुड़ी साहसिक गतिविधियों (एडवेंचर स्पोर्ट्स) का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों दुर्गा चंद, मेहर चंद, दौलत राम और अजय कुमार का कहना है कि मैदानी इलाकों की चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने और मनाली के सुहावने मौसम व बर्फबारी का दीदार करने के लिए पर्यटक खिंचे चले आ रहे हैं। लंबे समय बाद पर्यटन कारोबार ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जिससे स्टार कैटेगरी के कई होटल पूरी तरह फुल हैं। होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि इस बार का पर्यटन सीजन बेहद शानदार चल रहा है। पर्यटकों की भारी आमद को देखते हुए इस बार सीजन के लंबा खींचने की पूरी उम्मीद है, जिससे स्थानीय कारोबारियों को इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ मुनाफे की आस है।



मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ते ही सैलानियों ने पहाड़ों का रुख करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते मनाली में पर्यटकों का जबरदस्त हुजूम उमड़ पड़ा है। अनंत ज्ञान

# आनी में मतगणना से पहले किया पूर्वाभ्यास

## निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने के लिए कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**आनी।** विकास खंड आनी की 38 पंचायतों में जिला परिषद के दो वार्डों तथा पंचायत समिति के 15 वार्डों के लिए सदस्य पद हेतु तीन चरणों में सम्पन्न होने वाले चुनावों की मतगणना 31 मई को राजकीय महाविद्यालय आनी (हरिपुर ) में होगी।मतगणना से पूर्व मतगणना सुपरवाइजर , सहायकों तथा अन्य कर्मियों के लिए मतगणना केंद्र में पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया।

इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक नरेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी पंचायत एस डी एम आनी लक्ष्मण कनेट के साथ मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया तथा तैयारियों का जायजा लिया । चुनाव पर्यवेक्षक ने मतगणना अधिकारियों तथा कर्मियों से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से कार्य करने की अपील की। निर्वाचन अधिकारी पंचायत लक्ष्मण कनेट ने बिना किसी पूर्वाग्रह के कार्य करने की अपील की । उन्होंने संदेहास्पद मतपत्रों को सहायक निर्वाचन अधिकारी के ध्यान में लाने की अपील की। पंचायत निरीक्षक जोगेंदर शर्मा ने मतगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने निर्धारित प्रपत्रों पर सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरने की अपील की। निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने सभी मतगणना अधिकारियों, कर्मियों, निर्वाचन प्रत्याशियों तथा मतगणना अभिकर्ताओं से 31 मई को सुबह 7 बजे से पूर्व मतगणना केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रत्याशियों तथा मतगणना अभिकर्ताओं से बीडीओ कार्यालय से एंट्री पास बनाने को कहा ।उन्होंने कहा कि बिना एंट्री पास के किसी को भी मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन की अनुमति भी नहीं रहेगी। मतगणना हॉल में एक बार प्रवेश के पश्चात बाहर जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचायत समिति तहसीलदार आनी रत्नेश्वर शर्मा, बीडीओ आनी विवेक टेसू , नायब तहसीलदार आनी मोती राम, कॉलेज प्राचार्य डॉ दायक राम ठाकुर सहित मतगणना अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।



मतगणना पूर्वाभ्यास के दौरान चुनाव कर्मचारी। अनंत ज्ञान

# 92 वर्षीय मिनकी देवी से लेकर पहली बार बोट डालने वाले युवा तपस्या-वसुंधरा में दिखा उत्साह

अनंत ज्ञान



जिम्मेदारी और लोकतंत्र की ताकत का संदेश। अनंत ज्ञान

नाहन पंचायत चुनावों के दौरान जिला सिरमौर के विकास खंड संगड़ाह से लोकतंत्र की बेहद प्रेरणादायक तस्वीरें सामने आई हैं। एक ओर ग्राम पंचायत धांच मनुवा की 92 वर्षीय मिनकी देवी ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं दूसरी ओर बनकला पंचायत की युवा मतदाता तपस्या और वसुंधरा ने पहली बार मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं के उत्साह का यह संगम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।लाठी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचीं 92 वर्षीय मिनकी देवी ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में हर एक वोट की कितनी अहमियत होती है। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका मतदान के प्रति उत्साह युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया। मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने उनका सम्मान किया और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनके जज्बे की सराहना की। वहीं बनकला पंचायत की तपस्या और वसुंधरा पहली बार मतदान करने को लेकर बेहद उत्साहित नजर आईं। दोनों युवतियों ने मतदान के बाद कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। तपस्या ने कहा कि एक वोट केवल अधिकार नहीं बल्कि भविष्य तय करने की ताकत भी होता है। पहली बार मतदान करने का अनुभव उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का एहसास लेकर आया।पंचायत चुनावों में इस बार युवा और बुजुर्ग दोनों वर्गों में भारी उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन सिरमौर द्वारा लगातार चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियानों का असर अब गांव-गांव में साफ दिखाई दे रहा है। दूरदराज के क्षेत्रों से भी लोग बढ़-चढ़कर मतदान केंद्रों तक पहुंचे और लोकतंत्र के पर्व में सहभागी बने। श्रग्रामीणों का कहना है कि जहां मिनकी देवी जैसी बुजुर्ग महिलाएं लोकतंत्र की जीवंत प्रेरणा हैं।

# चुनावी वादों के बाद फिर गहराया जल संकट, पानी को तरसे सोलनवासी

## जल संकट से जूझ रहा सोलन, पानी के लिए लोगों की रोज बढ़ रही मुश्किलें

अनंत ज्ञान



सोलन नगर निगम कार्यालय का मुख्य भवन। अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम चुनावों के दौरान शहर की पेयजल समस्या को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने बड़े-बड़े दावे किए थे। जनता को भरोसा दिलाया गया था कि शहर में पानी की किल्लत को स्थायी रूप से खत्म कर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मगर चुनाव खत्म होते ही हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौटते दिखाई दे रहे हैं। अब शहर के कई वार्डों में लोग पानी के लिए परेशान हैं और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

चुनावों के दौरान नगर निगम और जल शक्ति विभाग ने जलापूर्ति बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी, लेकिन चुनाव बीतने के बाद पेयजल संकट दोबारा गहरा गया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब गिरी और अश्वनी पेयजल योजनाओं में फिलहाल पानी की कोई विशेष कमी नहीं है, तो फिर शहरवासियों को पर्याप्त पानी क्यों नहीं मिल पा रहा।

स्थिति यह है कि कई इलाकों में लोगों को 4 से 5 दिन बाद पानी की सप्लाई मिल रही है। वहीं कई वार्डों में बेहद कम प्रेशर के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के बीच जल संकट ने आम लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि चुनावों के समय नेताओं ने घर-घर जाकर पानी की समस्या के समाधान के बड़े वादे किए थे, लेकिन अब जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम और संबंधित विभाग स्थायी समाधान की बजाय केवल अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे काम चला रहे हैं। जल संकट का सबसे अधिक असर महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में लोग पानी के टैंकरों पर निर्भर हो गए हैं, जबकि कुछ परिवारों को मजबूरी में निजी टैंकरों से महंगा पानी खरीदना पड़ रहा है। शहरवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाले दिनों में हालात और खराब न हों।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो गर्मियों के चरम पर स्थिति और विकराल हो सकती है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि लगातार अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ वे जल्द आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। वहीं प्रशासन फिलहाल समस्या के समाधान के प्रयासों का दावा कर रहा है।शहर के कई इलाकों में सुबह से ही लोग पानी भरने के लिए कतारों में नजर आ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई प्रधानाचार्य पदोन्नति वरिष्ठता को लेकर विवाद गहराया

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग में ग्रुप इंस्ट्रक्टर और आईटीआई प्रधानाचार्यों की पदोन्नति व वरिष्ठता को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है। अर्की राजकीय तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र से सेवानिवृत्त कार्यकारी प्रधानाचार्य अजय ठाकुर ने सरकार और विभाग पर वैधानिक भर्ती एवं पदोन्नति नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे योग्य और वरिष्ठ कर्मचारियों का हक मारकर कनिष्ठ कर्मियों को नियमों के विरुद्ध उच्च पदों पर बैठाया गया है। उनका दावा है कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के 35 से अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थायी प्रधानाचार्यों के बिना चल रहे हैं, जबकि कई वरिष्ठ ग्रुप इंस्ट्रक्टर्स बिना पदोन्नति पाए ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अजय ठाकुर के अनुसार यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब 10 जुलाई 2020 को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने जितेंद्र सिंह रंगटा व अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य मामले में विभाग द्वारा जारी एक 'शुद्धिपत्र' को अवैध घोषित कर दिया था। इस शुद्धिपत्र के जरिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में ढील दी गई थी, जिसके कारण तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा न रखने वाले कर्मचारियों को भी नियमों के विपरीत ग्रुप इंस्ट्रक्टर के पदों पर पदोन्नति दी गई। बताया गया कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन 19 नवंबर 2024 को 1884/2021, गुरदेव सिंह बनाम हिमाचल राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। इसके बाद 7 अप्रैल 2025 को हाईकोर्ट ने विभाग को चार माह के भीतर समीक्षा डीपीसी आयोजित कर योग्य कर्मचारियों को वर्ष 2006 से 2017 के बीच उनकी पात्रता तिथि से पूर्वव्यापी पदोन्नति और वरिष्ठता देने के निर्देश दिए।

### राजगढ़ ब्लॉक में दूसरे चरण में पंचायत में हुआ औसतन 87 प्रतिशत मतदान

**राजगढ़।** ब्लॉक में दूसरे चरण में 11 पंचायतों माटल बखोग, कुड्डु लवाणा, राणाघाट, धनच मानवा, शाया सनौरा, करगानू, भाणत, बोहल टालिया, दीदग, कोठिया जाजर और डिंबर में शांतिपूर्वक ढंग से मतदान संपन हुआ। निर्वाचन अधिकारी पंचायत एंव बीडीओ राजगढ़ ने बताया कि दूसरे चरण की 11 पंचायतों में औसतन 87 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है जिसमें सबसे ज्यादा 90.13 मतदान दीदग पंचायत में हुआ। उन्होने बताया कि 11 पंचायतों में कुल 9698 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिनमें 5023 पुरूष और 4675 महिलाएं शामिल है। इसी प्रकार माटल बखोग में 74.79 प्रतिशत, कुड्डु लवाणा में 89.41 प्रतिशत, राणाघाट में 85.75 प्रतिशत, धनच मानवा में 89 प्रतिशत, शाया सनौरा में 86.24 प्रतिशत, करगानू में 86.23 प्रतिशत, भाणत में 87 प्रतिशत, बोहल टालिया में 88.37 प्रतिशत, दीदग 90.13 प्रतिशत, कोठिया जाजर में 85.75 प्रतिशत और डिंबर 89.57 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। उन्होने बताया कि प्रधान, उप प्रधान और वार्ड मैंबर के मतों की गिनती का कार्य उपरोक्त सभी पंचायत मुख्यालय पर किया जा रहा है और देर रात तक नतीजे आ जाएगें। जबकि पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्यों के मतों की गिनती कार्य 31 मई को किया जाएगा।

### सात वर्षीय बालक की नहर में डूबने से मौत

**नाहन।** पांवटा ब्लॉक में एक दर्दनाक हादसे में एक सात वर्षीय बालक की नहर में डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दी है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि आज सुबह हादसे का शिकार हुआ यह बालक घर से ईद के लिए अपने घर से परिजनों के साथ गया था। एसपी ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार ईद के कार्यक्रम के दौरान यह बालक परिजनों से अलग होकर साथ बह रही नहर की तरफ चला गया। जिसकी बाद में नहर में डूब जाने से मौत हो गई। नेगी ने बताया कि लोगों ने लापता हुए इस बालक की तालाश शुरू की तथा नहर से आगे जाकर बालक की लाश मिली। एसपी ने बताया लाश को कब्जे ले लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद लाश उसके परिजनों के हवाले की जायेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तृतीय चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण 82 पंचायतों में 108156 मतदाता करेंगे मतदान

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला में 30 मई, 2026 को तृतीय चरण में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदान का समय प्रातः 07.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक निर्धारित किया गया है।मनमोहन शर्मा ने कहा कि 30 मई, 2026 को सोलन जिला की कुल 82 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इन ग्राम पंचायतों में कुल 108156 मतदाता हैं। इनमें 55123 पुरुष तथा 53033 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि सोलन ज़िला में तृतीय चरण के निर्वाचन के लिए कुल 490 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि विकास खण्ड धर्मपुर की 08 ग्राम पंचायतों में 10801 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 5512 पुरुष तथा 5289 महिला मतदाता हैं। विकास खण्ड धर्मपुर में तृतीय चरण के निर्वाचन में मतदाताओं के लिए कुल 52 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड कण्डाघाट की 08 ग्राम पंचायतों में 7386 मतदाता हैं। इनमें 3816 पुरुष तथा 3570 महिला मतदाता हैं। विकास खण्ड कण्डाघाट में मतदाताओं के लिए कुल 42 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विकास खण्ड कुनिहार की 19 ग्राम पंचायतों में 24116 मतदाता हैं। इनमें 12164 पुरुष तथा 11952 महिला मतदाता हैं। विकास खण्ड कुनिहार के मतदाताओं के लिए कुल 103 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड नालागढ़ की 26 ग्राम पंचायतों में 38596 मतदाता हैं। इनमें 19765 पुरुष तथा 18831 महिला मतदाता हैं। विकास खण्ड नालागढ़ में तृतीय चरण के निर्वाचन में मतदाताओं के लिए कुल 172 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विकास खण्ड पट्टा की 08 ग्राम पंचायतों में 12046 मतदाता हैं। इनमें 6228 पुरुष तथा 5818 महिला मतदाता हैं।

## सिरमौर में द्वितीय चरण में 85.16 प्रतिशत मतदान

**नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज संस्थाओं के द्वितीय चरण के चुनाव में 90 ग्राम पंचायतों के 538 वार्डों के लिए आज हुए मतदान में कुल 85.16 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जिसमें 85.12 प्रतिशत पुरुष मतदाता तथा 85.21 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण के चुनाव में आज 1 लाख, 25 हजार, 673 मतदाताओं में से 1 लाख, 7 हजार, 23 मतदाताओं ने मतदान किया है। उन्होंने बताया कि विकास खंड नाहन की 09 ग्राम पंचायतों में 86.27 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है तथा विकास खंड ददाहू की 09 पंचायतों में 85.67 प्रतिशत, विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार की 08 पंचायतों में 89.38 प्रतिशत, विकास खंड पच्छाद की 12 पंचायतों में 82.3 प्रतिशत, विकास खंड पांवटा साहिब की 16 पंचायतों में 84.42 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है।

# राजगढ़ वन मंडल में देवदार के जंगलों पर कीटों का हमला

अनंत ज्ञान



वन क्षेत्र मानवा खन्यूड में देवदार के जंगल। अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** वन मंडल के अंतर्गत वन क्षेत्र मानवा खन्यूड (नाड़ मेला) में देवदार के पेड़ों पर अचानक कीटों के भारी प्रकोप ने वन विभाग और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह के भीतर बड़ी संख्या में देवदार के पेड़ सूखने लगे हैं। जंगलों में छोटे हरे रंग के कीट बड़ी मात्रा में पेड़ों की शाखाओं और पत्तियों पर साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में देवदार के घने जंगल पूरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। लोगों ने वन विभाग से तुरंत वैज्ञानिक जांच और प्रभावी उपचार की मांग की है।

विशेषज्ञों के अनुसार देवदार के पेड़ों पर हमला करने वाले कीट सामान्यत: पेड़ों की पत्तियों, नई कोपलों और छाल को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कीट पेड़ों का रस चूस लेते हैं, जिससे पेड़ों की वृद्धि रुक जाती है और धीरे-धीरे वे सूखने लगते हैं। लंबे समय तक सूखा, मौसम में अत्यधिक बदलाव, नमी की कमी और जंगलों में बढ़ता तापमान भी ऐसे कीटों के पनपने के प्रमुख कारण माने जाते हैं। कमजोर और पुराने पेड़ इन कीटों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। वन विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि प्रारंभिक अवस्था में ही संक्रमित पेड़ों की पहचान है।

# 19 हजार फुट पर जहां सांसें जवाब देती हैं वहां पहुंचा नाहन का राघव

अनंत ज्ञान




**नाहन।** जिस ऊंचाई पर इंसान का शरीर जवाब देने लगता है, जहां सांस लेना भी किसी चुनौती से कम नहीं होता, जहां बर्फीली हवाएं कदम रोकने की कोशिश करती हैं। उस जगह तक पहुंचकर नाहन के युवा राघव तोमर ने सिरमौर का नाम नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। दुनिया की सबसे ऊंची मोटरेबल सड़क उमलिंग ला पास करीब 19,024 फीट की ऊंचाई ऑक्सीजन सामान्य से लगभग आधा और तापमान ऐसा कि कुछ मिनट खड़े रहना भी मुश्किल हो जाए लेकिन इन तमाम चुनौतियों के बीच नाहन के राघव तोमर ने अपने दोस्तों श्रीयम केसरवानी, कुशाग्र मिश्रा और कुणाल गर्ग के साथ इस ऐतिहासिक सफर को पूरा कर दिखाया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें विशेष प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उमलिंग ला सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे कठिन एडवेंचर रूट्स में गिनी जाती है। लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारत-चीन सीमा के समीप स्थित यह रास्ता बड़े-बड़े साहसी लोगों की भी परीक्षा लेता है। यहां शरीर से ज्यादा मानसिक ताकत की जरूरत पड़ती है।

राघव तोमर ने बताया कि इस सफर के पीछे लगातार की गई फिटनेस ट्रेनिंग और मजबूत मानसिक तैयारी सबसे बड़ा कारण रही। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में शरीर नहीं, आपका आत्मविश्वास काम आता है।खास बात यह है कि राघव ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जो लंबे समय से सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहा है।

# जिला सोलन की बेटी डॉ. रीना शर्मा ने भारत से अमेरिका तक लिखी कृषि क्रांति की नई कहानी

अनंत ज्ञान



डॉ. रीना शर्मा ने लिखी कृषि क्रांति की कहानी। अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भिंयुखरी से संबंध रखने वाली वैज्ञानिक डॉ. रीना शर्मा आज वैश्विक कृषि और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। अमेरिका में रहकर वे आधुनिक और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उनका शोध न केवल वैज्ञानिक जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि किसानों के भविष्य और खाद्य सुरक्षा के लिए भी उम्मीद की नई किरण बनकर उभरा है।

आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की घटती उर्वरता, फसल रोगों और रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से जूझ रही है, ऐसे समय में डॉ. रीना शर्मा टिकाऊ और सुरक्षित कृषि मॉडल विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उनका मानना है कि अब केवल अधिक उत्पादन ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और संतुलित खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचा रही हैं विज्ञान: डॉ. रीना शर्मा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे अपने शोध को केवल प्रयोगशालाओं और शोध-पत्रों तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उसे किसानों के खेतों तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वे कैलिफोर्निया स्थित एक प्रतिष्ठित एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी कंपनी में अग्रीण वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं।

युवाओं को दे रहीं नई दिशा: ग्रामीण और छोटे शहरों से आने वाले छात्रों को लेकर डॉ. रीना शर्मा बेहद सकारात्मक सोच रखती हैं। उनका कहना है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे वैश्विक विज्ञान की दिशा बदल सकते हैं। डॉ. रीना शर्मा की उपलब्धियां यह साबित करती हैं।

# 65 वर्ष की आयु में कलिया राम का प्रधान बनने का जज्बा कायम

अनंत ज्ञान



प्रधान पद पर जीते कलिया राम। अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** ब्लॉक की राणाघाट पंचायत में प्रधान पद पर 65 वर्षीय कलिया राम उर्फ डीना ने अपने युवा प्रतिद्वंदी संजय कुमार को 241 मतों से पराजित कर क्षेत्र में एक रिकार्ड स्थापित किया है। कलिया राम की समूचे क्षेत्र में एक कुशल कारीगर के रूप में एक अलग पहचान है। सबसे मजेदार बात यह है कि संजय कुमार भी कलिया राम के चेले हैं। कलिया राम ने ही संजय को मिस्त्री के कार्य में दक्ष किया है। अर्थात गुरू ने अपने चेले को पंचायत चुनाव में करारी पटकनी दी है।

बता दें कि राणाघाट पंचायत में कुल 991 मतदाता है जिसमें से कलिया राम को 612 और संजय को 371 मत प्राप्त हुए। कलिया राम की बतौर मिस्त्री क्षेत्र में काफी जान पहचान है जिसके चलते पंचायत के लोगों ने उदारता से उन्हें मत देकर जीताया। कलिया राम से जब इस बारे बता की गई उन्होने बताया कि उन्हें राजनीति का कोई शौक नहीं था परंतु जनता ने उन पर भरोसा किया जिसके चलते उन्हें इस उम्र में चुनाव लड़ना पड़ा। इनके घर में इन दिनो उत्सव जैसा महौल है घर पर बधाइयां देने वालों का तांता लग रहा है।जीत के बाद क्षेत्र में जश्न का माहौल है और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ कलिया राम का स्वागत किया। गांव के लोग इसे विकास और भरोसे की जीत बता रहे हैं। कलिया राम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पंचायत में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना, सड़क, पानी और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर विकास कार्य किए जाएंगे। लोगों ने उन्हें अनुभवी और भरोसेमंद नेता बताया।

# शिलाई के वीर भूतपूर्व सैनिक गोपाल बिरसांटा पंचतत्व में हुए विलीन



सैन्य सम्मान के साथ हुआ पूर्व सैनिक का अंतिम संस्कार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र के ढाडस गांव के वीर सपूत एवं भूतपूर्व सैनिक हवलदार गोपाल सिंह बिरसांटा (रिटायर्ड) का आकस्मिक निधन पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो गया। शुक्रवार को उनके पैतृक गांव ढाडस में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। 'गोपाल फौजी अमर रहे' और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच नम आंखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। जानकारी के अनुसार, भूतपूर्व सैनिक गोपाल बिरसांटा अपने परिवार के साथ नाहन में रह रहे थे। 27 मई की शाम उन्हें सीने में हल्का दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद वे स्वयं उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद वे घर लौट आए, लेकिन 28 मई की सुबह अचानक उन्हें हृदयाघात हुआ। परिजन उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज नाहन लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, मगर कुछ घंटों बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। गोपाल बिरसांटा के निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दुखद पहलू यह रहा कि उनके बड़े भाई एवं पूर्व सैनिक दीप बिरसांटा का भी कुछ समय पहले हृदयाघात से निधन हुआ था। करीब दो से तीन महीने के भीतर दोनों सगे भाइयों के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और क्षेत्र में भी चिंता का माहौल बना हुआ है।

## अम्बोटा पंचायत में पिंकू शर्मा बने उपप्रधान

**सोलन।** जिला की अम्बोटा पंचायत में उप प्रधान पद के चुनाव में पिंकू शर्मा ने शानदार जीत दर्ज कर पंचायत की राजनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवाई है। जीत के बाद पंचायत क्षेत्र में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

पिंकू शर्मा पूर्व प्रधान अमर नाथ शर्मा के पुत्र हैं। शर्मा परिवार लंबे समय से पंचायत की सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है तथा क्षेत्र में उनका अच्छा प्रभाव माना जाता है। पंचायत चुनाव में मिली इस जीत को स्थानीय लोग परिवार की सामाजिक पकड़ और जनता के विश्वास से जोड़कर देख रहे हैं। जीत के बाद पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है और समर्थक ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मना रहे हैं। गांव के लोगों ने पिंकू शर्मा को उप प्रधान बनने पर बधाई दी और उनके कार्यकाल से विकास की नई उम्मीदें जताई हैं। उन्होंने कहा कि वे पारदर्शी और जनहित में कार्य करेंगे।

## नगर निगम सोलन मतगणना के लिए पूर्वाभ्यास आयोजित, पारदर्शिता व सुचारु प्रक्रिया पर जोर



मतगणना पूर्वाभ्यास के दौरान ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहरी निकाय निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नगर निगम सोलन की मतगणना से पहले ज़िला प्रशासन द्वारा आज यहां मतगणना पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास की अध्यक्षता ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि पूर्वाभ्यास का उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी प्रकार से सम्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि 17 मई, 2026 को हुए चुनाव में 17 वार्डों के लिए मतदान सम्पन्न हुआ था और राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 31 मई, 2026 को मतगणना की जाएगी।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने व्यवस्थित एवं सुचारु मतगणना के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए 08 मतगणना टेबल लगाए जाएंगे। मतगणना प्रक्रिया के लिए लगभग 60 अधिकारी व कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।

# ऊना की कई पंचायतों में नए चेहरों को मिली जिम्मेदारी

## विजयी उम्मीदवारों और समर्थकों ने मनाया जीत का जश्न

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** उपमंडल ऊना की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संपन्न हुए पंचायत चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कई पंचायतों में नए चेहरों को जनता ने नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। ग्राम पंचायत देहलां लोअर में रीना प्रधान और राजेश कुमार उप प्रधान निर्वाचित हुए। भटोली पंचायत में सतीश कुमार ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि अंकुश सहोड़ उप प्रधान चुने गए। नारी पंचायत में स्नेह लता प्रधान बनीं तथा हरीश उपप्रधान निर्वाचित हुए। मजारा पंचायत में अमरिंद्र सिंह प्रधान और गुरमीत सिंह उप प्रधान बने। बहडाला लोअर में सुमन लता ने प्रधान पद जीता, जबकि नरेश उपप्रधान निर्वाचित हुए। झुडोवाल पंचायत में सुमन कुमारी प्रधान तथा विक्रम सिंह उप प्रधान चुने गए। बसोली पंचायत में सतनाम सिंह प्रधान और नरेंद्र पाल उप प्रधान निर्वाचित हुए। बदोली पंचायत में रजत कुमार ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि सत प्रकाश शर्मा उप प्रधान बने। बडसाला पंचायत में मधु वाला प्रधान और नितिन भारद्वाज उप प्रधान चुने गए। धमांदरी पंचायत में सुदेश कुमारी ने प्रधान पद का चुनाव जीता, जबकि बलबीर सिंह उप प्रधान निर्वाचित हुए। मदनपुर पंचायत में रमन ठाकुर प्रधान बनीं और रमेश चंद उप प्रधान चुने गए। कुरियाला पंचायत में रजनी वाला ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, वहीं प्रवीण कुमार उप प्रधान बने। मैहतपुर पंचायत में राम अवतार प्रधान तथा नीरज चौधरी उप प्रधान निर्वाचित हुए। भडोलियां कलां पंचायत में शुभलता ने प्रधान पद जीता और विनय कुमार उप प्रधान बने। मलूकपुर पंचायत में बलविंद्र सिंह प्रधान तथा मलकीयत सिंह उप प्रधान चुने गए। अप्पर बहडाला पंचायत में सुमन लता प्रधान और विनोद कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। बडैहर पंचायत में सुरेश कुमारी ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि संदीप कुमार उप प्रधान बने। डठवाड़ा पंचायत में चनन सिंह प्रधान तथा गुरजीत सिंह उप प्रधान निर्वाचित हुए हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विभिन्न पंचायतों में समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों का स्वागत कर खुशी जाहिर की।

### गगरेट में जनता ने इन्हें सौंपी पंचायत की जिम्मेदारी

**उपमंडल** गगरेट की कई पंचायतों में नए प्रतिनिधियों को जनता ने अपना समर्थन देकर जिम्मेदारी सौंपी है। ग्राम पंचायत ब्रह्मपुर में रितु शर्मा ने प्रधान पद का चुनाव जीता, जबकि जरनैल सिंह उपप्रधान चुने गए। बढ़ेड़ा राजपूतां पंचायत में सत्या देवी प्रधान और जीवन कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। रामनगर पंचायत में प्रेम चंद ने प्रधानी हासिल की, वहीं गुरपाल सिंह उपप्रधान बने। गणु मंदवाड़ा पंचायत में कमलेश देवी प्रधान तथा सुखदेव सिंह उपप्रधान चुने गए। डंगोह खुर्द पंचायत में सुनीता शर्मा ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि राजेश कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। लोहारली पंचायत में सुदेश कुमारी प्रधान और रणजीत कुमार उपप्रधान बने। टटेहड़ा पंचायत में नसीबो देवी प्रधान पद के लिए निर्वाचित हुईं, जबकि रामपाल उपप्रधान चुने गए। ग्राम पंचायत गगरेट अप्पर में नीलम रानी प्रधान और आशीष शर्मा उपप्रधान बने। मवा कोहलां पंचायत में अशोक कुमार ने प्रधान पद जीता तथा नरेन्द्र कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। चतेहड़ पंचायत में नीना देवी ने प्रधानी का चुनाव जीता और होशियार सिंह उपप्रधान बने। रायपुर पंचायत में पूर्ण चंद प्रधान तथा नवल राणा उपप्रधान चुने गए। संघनेई पंचायत में करतार चंद ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि संदीप शर्मा उपप्रधान निर्वाचित हुए। डंगोह खास पंचायत में हरपाल सिंह प्रधान और भगवान सिंह उपप्रधान चुने गए। वहीं, ग्राम पंचायत नकड़ोह में ओमापति प्रधान तथा अश्वनी कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए।

### हरोली उपमंडल में इनको मिली पंचायत के विकास की जिम्मेदारी

**हरोली** उपमंडल की ग्राम पंचायत लोअर पंजावर में प्रमोद कुमार प्रधान तथा राहुल कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। खड्ड पंचायत में उर्मिला देवी ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि अमित कुमार उपप्रधान चुने गए। ईसपुर टांडा पंचायत में निर्मला देवी प्रधान और अश्वनी कुमार उपप्रधान बने। भदसाली पंचायत में सुष्मा ने प्रधान पद का चुनाव जीता, वहीं कर्ण सिंह उपप्रधान निर्वाचित हुए। भदसाली हार पंचायत में सुरम सिंह प्रधान तथा जनक राज उपप्रधान चुने गए। धर्मपुर पंचायत में सुभद्रा ने प्रधानी हासिल की और दीपक कुमार उपप्रधान बने। बालीवाल पंचायत में विजय कुमार प्रधान तथा दिलवारा सिंह उपप्रधान निर्वाचित हुए। एक अन्य पंचायत में सतीश कुमार प्रधान और सुरिन्द्र कुमार उपप्रधान चुने गए। लोअर ललड़ी पंचायत में अशोक कुमार ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि कुलदीप कुमार उपप्रधान बने। नंगल खुर्द पंचायत में जसवंत सिंह प्रधान तथा अश्वनी कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। सिंगा पंचायत में अशोक प्रधान और तिलक राज उपप्रधान चुने गए। गोंदपुर जयचंद पंचायत में लखवीर सिंह ने प्रधान पद जीता, जबकि प्रवीण चंद्र उपप्रधान निर्वाचित हुए। दुलैहड़ पंचायत में मोनू प्रधान तथा महेंद्र सिंह उपप्रधान चुने गए। मल्लूवाल पंचायत में सीमा रानी ने प्रधानी का चुनाव जीता और राम सिंह उपप्रधान बने। कुठारबीत पंचायत में कान्ता देवी प्रधान तथा रवि कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। हलेड़ा बिलना पंचायत में जतिंद्र कौर ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि सुरिंद्र सिंह उपप्रधान चुने गए।

### उपमंडल बंगाणा में इनको चुना गया पंचायत प्रधान और उपप्रधान

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत धुंदला में विधि चंद प्रधान निर्वाचित हुए, जबकि मदन लाल उपप्रधान चुने गए। मलांगड़ पंचायत में रेखा देवी ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की और संजय कुमार उपप्रधान बने। अरलूखास पंचायत में लेखराज प्रधान तथा राकेश कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। करमाली पंचायत में दर्शना ठाकुर प्रधान और बलबीर सिंह उपप्रधान चुने गए। ढियुंगली पंचायत में राज कुमार ने प्रधान पद जीता, जबकि राकेश कुमार उपप्रधान बने। थानाकलां पंचायत में राजपाल प्रधान और अजय कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। घुघन ककराना पंचायत में मधुवाला प्रधान तथा शशी पाल उपप्रधान बने। दोबड़ पंचायत में बबिता प्रधान और संजीव कुमार उपप्रधान चुने गए। प्रोइयां कलां पंचायत में दिला राम ने प्रधान पद और प्रवीण कुमार ने उपप्रधान पद का चुनाव जीता। बुधान पंचायत में छीनू देवी प्रधान निर्वाचित हुईं, जबकि रमन कुमार उपप्रधान बने। बैरियां पंचायत में अपूर्व ने प्रधान पद पर जीत हासिल की और रस्ताक मुहम्मद उपप्रधान चुने गए। बोहरू पंचायत में मीता देवी प्रधान तथा कमलदेव उपप्रधान निर्वाचित हुए। मोमन्यार पंचायत में रमेश चंद प्रधान बने, जबकि सुरेश कुमार उपप्रधान पद के लिए चुने गए। बौल पंचायत में रेखा देवी ने प्रधानी का चुनाव जीता और इकबाल सिंह उपप्रधान बने। रायपुर मैदान पंचायत में मोहिंद्र सिंह प्रधान तथा मोहित ढिल्लों उपप्रधान निर्वाचित हुए। सोहारी पंचायत में सुषमा देवी ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि बलवान सिंह उपप्रधान चुने गए।

# डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलेहड़ में 9 जून को शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम अमलैहड़ में डेरा के महाराज 1008 हेमानंद के आशीर्वाद से 9 जून से 15 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। डेरा के सेवक सतपाल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा वाचन के लिए गुरदास महाराज वृंदावन से पधार रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व 7 जून को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा डेरा अमलेहड़ से शुरू होकर मुबारकपुर, गगरेट, दियोली, घनारी, दौलतपुर, बई स्नान और भद्रकाली सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस डेरा परिसर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं और पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए डेरा प्रबंधन और स्थानीय श्रद्धालु तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं, श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी महेंद्र जसवाल और स्थानीय लोगों ने विधायक राकेश कालिया से 9 जून से 15 जून तक विशेष बस सेवा शुरू करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया कि दौलतपुर से बाया गोंदपुर बनेहड़ा-भद्रकाली तथा मुबारकपुर से अमलेहड़ तक विशेष बसें चलाई जाएं, ताकि कथा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

- 7 जून को निकलेगी विशाल शोभायात्रा
- विशेष बस सेवा शुरू करने की मांग

# ऊना जिले में तीसरे चरण में 81 पंचायतों में होगा मतदान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले में पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के तहत 30 मई को सभी उपमंडलों की 81 ग्राम पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। इनमें विकास खंड अम्ब की 19, बंगाणा की 15, गगरेट की 13, ऊना की 18 तथा हरोली की 16 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने चुनावी प्रक्रिया के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफल ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील पंचायतों में निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए वेबकास्टिंग व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में 36 पंचायतों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। बता दें, 30 मई को उपमंडल अंब के तहत ज्वाल, भटेड़, छपरोह, धर्मशाला महंता, मंधोली, सपौरी, हम्बोली, नंदपुर, सारड़ा, बदाऊं, सेरी, कोहाडछन्न, ज्वार, शिवपुर, जबेहड़, अंदौरा अप्पर, दियाड़ा, कटौहड़ कलां और ठठल में मतदान होंगे। वहीं, बंगाणा में ग्राम पंचायत खरयालता, डीहर, चंगर, चुल्हड़ी, चमियाड़ी, चौली, छपरोह कलां, टकोली, थहड़ा, धनेत, पलाहटा, बल्ह, बल्ह खालसा, बुढवार और सिहाणा में मतदान होंगे। इसी तरह उपमंडल गगरेट में अम्लैहड़, अम्बोआ, मरबाड़ी, पिरथीपुर, सलोह बैरी, मवा सिंधियां, कुठेडा जसवालां, बडोह, कुनेरन, घनारी, भद्रकाली, चलेट और अम्बोटा पंचायतों में मतदान करवाए जाएंगे। उपमंडल ऊना में रायपुर सहोडा, चताड़ा, पनोह, अजोली, टब्बा, चडतगढ़, लम्लेहड़ी, बटूही, त्यूड़ी, चलोला, समूरकलां, झम्बर, छतरपुर, खानपुर, बीनेवाल, सासन, उदयपुर और नंगल सलांगड़ी पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। इसके अलावा हरोली उपमंडल में ग्राम पंचायत नगनोली, भैणी खड्ड, पंडोगा निचला, घालुवाल, लोअर बढ़ेड़ा, सैंसोवाल, रोड़ा, भदौड़ी, पालकवाह, चंदपुर, बट्टकलां, बाथड़ी, भडियारां, छेत्रां, पोलियां बीत और जखेवाल में पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे।

- संवेदनशील एवं अति संवेदनशील पंचायतों में वेबकास्टिंग व्यवस्था

# बल्ह खालसा पंचायत को पेयजल योजना की सौगात

## परियोजना के एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत, क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह खालसा में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। पंचायत के लिए नई पेयजल योजना हेतु करीब एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। योजना की मंजूरी के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि पंचायत के विभिन्न गांवों में वर्षों से पेयजल संकट बना हुआ था। विशेषकर गर्मियों के दौरान लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता था और कई स्थानों पर दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना मजबूरी बन जाता था। उन्होंने कहा कि इस समस्या को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खूके समक्ष प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद सरकार ने बल्ह खालसा पंचायत की पेयजल योजना के लिए करीब एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। विधायक ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार भी व्यक्त किया।

उधर, बल्ह खालसा पंचायत के लोगों ने पेयजल योजना की स्वीकृति पर खुशी व्यक्त करते हुए विधायक विवेक शर्मा और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना के लागू होने से वर्षों पुरानी पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

### कुटलैहड़ क्षेत्र में चल रहे हैं कई पेयजल प्रोजेक्ट

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लाठियानी जिला परिषद वार्ड में तुरकाल पेयजल योजना पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं और इसका कार्य तेजी से जारी है। योजना पूरी होने के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल अस्थायी राहत देना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्थाएं विकसित करना है जिससे आने वाले वर्षों तक लोगों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर



**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और विभागीय अधिकारियों के सहयोग से विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

# बिलासपुर जिले में 58 पंचायतों में तीसरे चरण का मतदान आज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पंचायतीराज चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के लिए बिलासपुर जिला में 30 जून को तीसरे चरण में 58 पंचायतों में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगी। विकास खंड झंडूता की 15 पंचायतों, विकास खंड घुमारवीं की 21, विकास खंड सदर की 15 तथा विकास खंड श्री नयना देवी जी की सात पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। तीसरे चरण में 58 पंचायत प्रधान व उपप्रधान और 326 वार्डों के पंच चुने जाएंगे। कुल 86,676 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

झंडूता विकास खंड की डूडियां, बड़गांव गलू, बलोह, सनीहरा, नघियार, घंडीर, मौहीं, बड़ोल, बैरी-दड़ौला, निहाण, विजयपुर, दाड़ी भाड़ी, बाला, दसलेहड़ा और झंडूता पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। घुमारवीं खंड की बकरोआ, पनौल, सियुनखास, मल्यावर, हवाण, कोठी, छत, पपलाह, तलवाड़ा, कोट, मैहरीकाथला, पटेर, सलाओं उपरली, लैहड़ीसरेल, तडौन, दधोल, पलासला, घुमारवीं, बाड़ी मंझेड़वां, तियुणखास और छदोह पंचायतें शामिल हैं जहां मतदान होगा। सदर खंड की नौणी, बेनला-ब्राह्मणा, कंदरौर, जमथल, धौनकोठी, सोलग जुरासी, नोग, स्योहला, मैहथी, बासला, कल्लर, निहारखन दिगथली, सोलधा, भोली और ओयल पंचायतों और श्री नयना देवी जी खंड की बैहल, नकराणा, सलोआ, ग्वालथाई, तरसूह, कोलांवाला टोबा और रौड़जाम पंचायतों में मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने और मताधिकार का प्रयोग करने की अपील है।

# एमबीएस इंटेलैक्चुअल्स घुमारवीं के छात्र गुलशन ठाकुर सेना में भर्ती

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गुलशन कुमार ठाकुर का चयन भारतीय सेना की आर्टीलरी कोर में बतौर अगनीवीर हुआ है। संस्थान के फाउंडर सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर भूपेंद्र जसवाल ने इस सफलता के लिए गुलशन कुमार ठाकुर को बधाई देते हुए बताया कि यह परिणाम उनकी मेहनत, लग्न एवं लगातार प्रयास का वजह से संभव हुआ है। उन्होंने संस्थान के सभी प्राध्यापकों को भी बधाई देते हुए बताया कि हर एक सफलता के पिछे सभी प्राध्यापकों की अथक मेहनत एवं निरंतर प्रयास होते हैं।



संस्थान के फाउंडर सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर भूपेंद्र जसवाल ने सभी युवाओं से आह्वान किया कि सही दिशा में मेहनत, लग्न एवं लगातार प्रयास तथा उपयुक्त मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि हम एक मिशन में काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है।

# हीटवेव से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

- उपायुक्त ने लोगों से सतर्क रहने व स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में लगातार बढ़ते तापमान और हीटवेव की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिलासपुर राहुल कुमार ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्याधिक गर्मी और लू स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है तथा समय रहते सावधानी बरतकर हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थितियों से बचा जा सकता है।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नागरिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए तथा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों का नियमित सेवन करना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि नागरिक हल्के रंग के ढीले एवं सूती वस्त्र पहनें तथा घर से बाहर निकलते समय छाता, टोपी, चश्मा और उपयुक्त जूतों का उपयोग करें। चाय, कॉफी, शराब तथा अधिक शर्करा युक्त ठंडे पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से बचना चाहिए। इसके अतिरिक्त बासी, अत्यधिक मसालेदार और भारी भोजन के सेवन को भी सीमित रखने की सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा कि घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दों, पंखों तथा उचित वेंटिलेशन का उपयोग किया जाए। बच्चों और पालतू जानवरों को किसी भी स्थिति में बंद वाहनों में अकेला न छोड़ा जाए। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बाहर कार्य करने वाले श्रमिकों का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उपायुक्त ने जिला के सभी विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवी संगठनों से भी लोगों को हीटवेव से बचाव संबंधी जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया है।

# पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की बड़ी जीत : जम्वाल



पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते विधायक त्रिलोक जम्वाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक ने पंचायतीराज संस्थाओं के पहले और दूसरे चरण में जीत हासिल करने वाले नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचायतों के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी प्रतिनिधियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान और वार्ड मेंबरों को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने दावा किया कि सदर क्षेत्र में लगभग 90 फीसदी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है, जो भाजपा पर बढ़ते जनविश्वास का प्रमाण है।

त्रिलोक जमवाल ने कहा कि पंचायत चुनावों के नतीजे कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी को दर्शाते हैं और तीसरे चरण सहित आगामी बीडीसी व जिला परिषद चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी समर्थन मिलेगा।

# रोटरी क्लब बिलासपुर ने स्कूल को सौंपा 12 नलों वाला आधुनिक हैंडवाश स्टेशन

अनंत ज्ञान



डियारा स्कूल में विशाल स्टील हैंडवाश स्टेशन का शुभारंभ करते प्रधान व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर ने सामाजिक सरोकारों को समर्पित एक और अनूठी मिसाल पेश करते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला डियारा में 30 हजार रुपए की कीमत का 12 नलों वाला विशाल स्टील हैंडवाश स्टेशन स्थापित किया है। यह स्टेशन न सिर्फ बच्चों के लिए सुविधाजनक है, बल्कि टिकाऊ और स्वच्छता के दृष्टिकोण से अत्यंत कारगर है। क्लब के प्रधान संजीव वात्स्यायन ने अन्य रोटेरियन साथियों व स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में इस हैंडवाश स्टेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल था, क्योंकि अब बच्चे मिड-डे मील के बाद बिना किसी झंझट के स्वच्छ हाथ धो सकेंगे। इस पहल से स्कूल में चल रहे स्वच्छता अभियान को भी मजबूत समर्थन मिलेगा। संजीव वात्स्यायन ने बताया कि रोटरी क्लब ने बिलासपुर शहर में भी सेवा के कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

बिलासपुर कॉलेज चौक और चंपा पार्क चौक पर डेढ़ लाख रुपए की लागत से वाटर कूलर लगवाए। चंपा पार्क के गेट का निर्माण और पार्क के सौंदर्यीकरण व रखरखाव की जिम्मेदारी भी ली। स्माइल एक्टीविटी के तहत जरूरतमंद बच्चों की फटे होंठ (क्लीफ्ट लिप) की मुफ्त प्लास्टिक सर्जरी। किसी बच्चे के दिल में छेद होने पर पूर्ण मुफ्त ऑपरेशन-रोटरी वहन करती है पूरी लागत।

संजीव वात्स्यायन ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई बच्चा हृदय रोग या फटे होंठ की समस्या से पीड़ित है, तो इसकी सूचना रोटरी क्लब को अवश्य दें। साथ ही, उन्होंने लोगों से रोटरी क्लब की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया, ताकि इस तरह के सेवा कार्यों को और अधिक गति दी जा सके। इस अवसर पर पूर्व प्रधान इंजीनियर एनआर शर्मा, रोटरी क्लब के संस्थापक प्रधान सुनील टाडू, सहायक गवर्नर टीसी सैनी, पूर्व कोषाध्यक्ष दिला राम आदि उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार परीक्षा में मेधावी स्टूडेंट्स का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मई 2025 में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की मेधावी सूची जारी होने के बाद जिला एवं तहसील स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएवी स्कूल बिलासपुर में तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छठी कक्षा की छात्रा स्मृति और सातवीं कक्षा वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली खुशबू, समीक्षा और आरोही को सम्मानित किया गया।

जिला संयोजक एवं सेवानिवृत्त संयुक्त शिक्षा निदेशक सुशील पुंडीर ने डीएवी बिलासपुर की प्रधानाचार्य मोनिका वात्स्यायन को मेधावी विद्यार्थियों के प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार सौंपे। गायत्री परिवार बिलासपुर के संयोजक इंजीनियर आरके टंडन ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला डियारा की पलक ने पांचवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आसिया प्रथम और अर्चना द्वितीय स्थान पर रहीं। इन्हें भी विद्यालय में जाकर सम्मानित किया गया। झंडूता तहसील में विभिन्न कक्षाओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें आठवीं कक्षा से लेकर जमा एक तक के छात्र शामिल रहे। आयोजन समिति ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# घुमारवीं में बीडीसी एवं जिला परिषद मतगणना को लेकर हुई रिहर्सल

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) घुमारवीं में 31 मई को होने वाली बीडीसी एवं जिला परिषद मतगणना प्रक्रिया को लेकर रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल की अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने की। इस दौरान मतगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपमंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि 31 मई को मतगणना प्रातः 9 बजे आरंभ होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सबसे पहले बीडीसी पद के उम्मीदवारों के मतों की गणना की जाएगी तथा इसके पश्चात जिला परिषद पद के उम्मीदवारों की मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी मतगणना प्रक्रिया में लगभग 50 से 60 अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे, जिन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी कर्मचारियों को मतगणना संबंधी नियमों, प्रक्रियाओं एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया ताकि मतगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

उपमंडल अधिकारी ने बताया कि मतगणना का आयोजन गवर्नमेंट महाविद्यालय कलरी में किया जाएगा। उन्होंने बीडीसी पद के उम्मीदवारों से आग्रह किया कि वे अपने मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए तहसीलदार महोदया से संपर्क करें। वहीं जिला परिषद के उम्मीदवार अपने एजेंट नियुक्त करने के लिए सीधे उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पूरी मतगणना प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर मनीषा धीमान व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पंकज भारद्वाज बने गाहर पंचायत के उपप्रधान



पंकज भारद्वाज अपनी माता और समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भराड़ी।** ग्राम पंचायत गाहर के उपप्रधान पद के चुनाव में पंकज भारद्वाज ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पंचायत की जनता का विश्वास हासिल किया है। खास बात यह रही कि जरोड़ा गांव के इतिहास में 74 वर्षों बाद दूसरी बार किसी उम्मीदवार ने उपप्रधान पद पर इतने भारी मतों से जीत हासिल की है। परिणाम घोषित होते ही पूरे क्षेत्र और गांव में खुशी एवं उत्साह का माहौल बन गया।

समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जीत का जश्न मनाया। गांव में जगह-जगह लोगों ने पंकज भारद्वाज का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। युवाओं और बुजुर्गों में इस जीत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। अपनी जीत पर पंकज भारद्वाज ने पंचायत की समस्त जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत गाहर परिवार की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा तथा युवाओं के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पंचायत के समग्र विकास और पारदर्शी कार्यप्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत : सुरेश शर्मा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विकास खंड भरमौर जिला चम्बा की 31 पंचायतों में पंचायत चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर इंटक फेडरेशन चम्बा



के जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सुरेश शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है, जिसमें जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर योग्य प्रतिनिधियों को चुनती है और क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी उनके हाथों में सौंपती है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान जनता, प्रशासन, कर्मचारियों तथा सभी प्रत्याशियों द्वारा बनाए गए सौहार्दपूर्ण वातावरण ने लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला होती हैं और चुने गए प्रतिनिधियों पर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की बड़ी जिम्मेदारी रहती है।

### नैनीखड्ड में अंकुश महाजन बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में पंचायत चुनावों के दूसरे चरण के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं, जहां महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। मौसम अनुकूल रहने से हल्की फुहारों के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नैनीखड्ड पंचायत में उप प्रधान पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया था, जिसमें अंकुश महाजन को 579 वोटों के साथ विजयी घोषित किया गया। उनकी जीत पर परिवार और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। वहीं भटियात क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में संजीव प्रधान, तिलक राज, अरुण कुमार, पिंकी देवी, सावित्री देवी सहित कई अन्य प्रत्याशी प्रधान पद पर चुने गए। सभी विजेताओं ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा का संकल्प दोहराया।

### कोहाल पंचायत में सीमा कुमारी बनीं प्रधान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत कोहाल में पंचायती राज चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गए। वीरवार देर रात मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सीमा कुमारी ने प्रधान पद पर जीत हासिल



की, जबकि नरेश हंसमुख उप प्रधान चुने गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही पंचायत क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। पंचायत के विभिन्न गांवों से लोगों ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित प्रधान सीमा कुमारी ने जीत के बाद पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे पंचायत क्षेत्र की जनता की जीत है। वहीं उप प्रधान चुने गए नरेश हंसमुख ने भी पंचायतवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाया जाएगा।

### दिव्यांगों के अधिकारों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा द्वारा 29 मई 2026 को राजकीय आईटीआई लचोड़ी में नालसा योजना 2024 के अंतर्गत मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को मानसिक स्वास्थ्य, अधिकारों तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने नालसा योजना, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। पीएचसी ब्रांगल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, लक्षणों, उपचार एवं परामर्श पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक रहकर समय पर चिकित्सा सहायता लेने और समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# मणिमहेश यात्रा से पहले धरवाला में अधूरी पार्किंग से बढ़ा जाम का खतरा

## वर्षों पुरानी पार्किंग की समस्या बरकरार, लोगों ने प्रशासन से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धरवाला बाजार में पार्किंग सुविधा के अभाव ने स्थानीय लोगों और वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है, जबकि पार्किंग निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद लंबे समय से अधर में लटका हुआ है।



धरवाला में अधूरी पार्किंग से जाम का खतरा बढ़ा। अनंत ज्ञान

धरवाला क्षेत्र व्यापारिक और प्रशासनिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, राज्य सहकारी बैंक सहित कई सरकारी एवं निजी कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में लोगों को अपने वाहन बाजार से काफी दूर खड़े कर पैदल कार्यालयों और दुकानों तक पहुंचना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बाजार में वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम की समस्या उत्पन्न होने लगती है। आगामी पवित्र मणिमहेश यात्रा को देखते हुए स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई है। यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं का इस मार्ग से आवागमन होता है, ऐसे में पर्याप्त पार्किंग सुविधा न होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरी पड़ी पार्किंग परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए। उनका कहना है कि समय रहते निर्माण कार्य को गति नहीं दी गई तो आने वाले दिनों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि पार्किंग निर्माण कार्य पूरा होने से धरवाला बाजार में जाम की समस्या से राहत मिलेगी और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हो सकेगी।

# पंचायत चुनाव से पहले मझोग में सेब के सैकड़ों पौधे काटे, इलाके में तनाव

◆ **पीड़ित ने पुलिस चौकी नकरोड़ में दी शिकायत**

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देहरोग के गांव मझोगा में पंचायत चुनाव से ठीक पहले सेब के सैकड़ों पौधे काटे जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और पंचायत चुनाव के माहौल के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार गांव मझोगा निवासी सलीम खान पुत्र नजीर ने पुलिस चौकी नकरोड़ (तीसा) में शिकायत देकर बताया कि 28 मई की रात करीब 11 बजे अज्ञात लोगों ने उनके सेब के बगीचे में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके बगीचे में करीब पांच वर्ष पुराने इटालियन वैरायटी के सेब के पौधे लगे थे, जिनमें से लगभग 250 से अधिक पौधों को काट दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि इन पौधों को तैयार करने में वर्षों की मेहनत और लाखों रुपये खर्च हुए थे। अचानक इस तरह पौधों को काटे जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है।

उधर, ग्राम पंचायत देहरोग में 30 मई को पंचायत चुनाव होने हैं। ऐसे में इस घटना को चुनावी माहौल से जोड़कर भी देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत चुनाव के चलते क्षेत्र में पहले से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं और इस तरह की घटना से माहौल और अधिक गर्म हो गया है। कुछ लोगों का मानना है कि शरारती तत्वों ने चुनावी माहौल को प्रभावित करने और मतदाताओं का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से इस वारदात को अंजाम दिया हो सकता है।

घटना के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। लोगों ने जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं पुलिस प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तृतीय चरण की 85 ग्राम पंचायतों में आज होगा मतदान : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 30 मई को तृतीय चरण के अंतर्गत ज़िला की 85 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे चरण के अंतर्गत विकास खंड चम्बा की 15, तीसा की 16, मैहला की 17, सलूणी की 14 और भटियात की 23 पंचायतें शामिल हैं।

विकास खंड चंबा के तहत पधर साहो, सरोल, उदयपुर, दुलाहर, मसरूंड, कुरैणा, जडेरा, सुंगल, चनेड़, पन्जोह, भनोता, साच, पुखरी, रूपणी व राजपुरा पंचायतों में मतदान होगा। इसी प्रकार विकास खंड तीसा की थनेईकोठी, तीसा-2, गड़फरी, करेरी, बन्नतर, कुठेड़बुदोड़ा, पधर, जुनास, गुवाड़ी, शिरी, डोंरी, जुंगरा, नेरा, देहरोग, कल्हेल व चोली पंचायतों में मतदान होगा। विकास खंड मैहला की मैहलोह, घलूण, कुम्हारका, जांघी, गागला, मंगला, कुपाहड़ा, भड़ियाँ, मैहला, गुराड़, दाड़वीं, लोथल, ब्रेही, लेच, राड़ी, गाण व कुनेड़ पंचायतों में मतदान होगा।

विकास खंड सलूणी की पंजेई, डांड, कंधवारा, द्रेकड़ी, लिग्गा, भलेई, खरोठी, सालवां, मांझली, सुंडला, कंगेड़, संघणी, सूरी व ब्रंगाल पंचायतों में मतदान होगा। विकास खंड भटियात की छलाडा, ककरोटी, सिहुन्ता, कामला, समोट, टिक्करी, बनेट, धरुं, बिन्ना, साडल, तुरकड़ा, परछोड़, अवांह, कुड्डी, घटासनी, ककीरा कस्बा, चलामा, ककीरा जरेई, बैली, उधराल, नगाली, देवीदेहरा व बगढार ग्राम पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। उपायुक्त ने समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# अजय बने जतरुन पंचायत के प्रधान

**अनंत ज्ञान, जंगला/जतरुन।** ग्राम पंचायत जतरुन के प्रधान पद के चुनाव में अजय कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारी मतों से मिली इस विजय के बाद पूरे पंचायत क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ नवनिर्वाचित प्रधान का जोरदार स्वागत किया।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही अजय कुमार के निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों, युवाओं और बुजुर्गों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए अजय कुमार ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत जतरुन की जनता के विश्वास और आशीर्वाद की जीत है। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि पंचायत के समग्र विकास को उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। नवनिर्वाचित प्रधान ने कहा कि वे किसी भेदभाव के बिना पंचायत के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे व विकास कार्य करेंगे।

# चंबा जिले की पंचायतों में कांग्रेस का प्रचंड परचम भाजपा का जनाधार खिसका : सुरजीत भरमौरी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की शानदार जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ग्रामीण जनता ने विकास, जनकल्याण और जवाबदेही की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जिले की 70 प्रतिशत से अधिक पंचायतों में कांग्रेस समर्थित प्रधान एवं उपप्रधान उम्मीदवारों की जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता द्वारा प्रदेश सरकार की नीतियों और कांग्रेस की जनसेवा के प्रति व्यक्त किया गया विश्वास है।



सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के बाद पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी कांग्रेस को मिला व्यापक जनसमर्थन इस बात का प्रमाण है कि जनता भाजपा की भ्रामक राजनीति और खोखले दावों को पूरी तरह नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष तक अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में जनता का विश्वास हासिल नहीं कर पाए, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा का ग्रामीण जनाधार लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, किसानों, बागवानों, मजदूरों और आम लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए जो कदम उठाए हैं, जनता ने उन प्रयासों को सराहा है। वहीं केंद्र सरकार की कई नीतियों, विशेषकर ग्रामीण रोजगार और पंचायतों से जुड़े मुद्दों पर लोगों में असंतोष देखने को मिला, जिसका असर चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चम्बा की जागरूक और प्रबुद्ध जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाताओं ने जाति, क्षेत्र और राजनीतिक शोर-शराबे से ऊपर उठकर विकास और जनहित के पक्ष में अपना जनादेश दिया है।

उन्होंने कहा कि यह जनादेश कांग्रेस के लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है और पार्टी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। सुरजीत शर्मा भरमौरी ने विशेष रूप से पंचायत चुनावों में बड़ी संख्या में युवाओं की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 80 प्रतिशत युवा प्रतिनिधियों का चुनकर आना ग्रामीण लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक और ऐतिहासिक संकेत है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों, उपप्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर अपने-अपने क्षेत्रों के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# एसीएफआई ने चंडीगढ़ में टिकाऊ कृषि पर दिया जोर



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** एग्रो केम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसीएफआई) ने पंजाब और हरियाणा के एग्री डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ और वैज्ञानिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एग्रोकेमिकल उद्योग और चैनल पार्टनर्स के बीच सहयोग को मजबूत करना था।

'सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए डीलर-इंडस्ट्री पार्टनरशिप को मजबूत बनाना' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिम्मेदार उत्पाद उपयोग, किसानों में जागरूकता, स्टीवर्डशिप पहल और सुरक्षित कृषि पद्धतियों पर चर्चा की गई। एसीएफआई के महानिदेशक कल्याण गोस्वामी ने कहा कि एग्री डीलर्स किसानों के लिए महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उन्हें वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग के लिए मार्गदर्शन देने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने जिम्मेदार सलाहकारी प्रथाओं, नकली उत्पादों की रोकथाम और किसानों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सुरक्षित एग्री-इनपुट रिटेलिंग, पर्यावरण संरक्षण, उत्पादकता वृद्धि और जिम्मेदार उपयोग पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने टिकाऊ और सुरक्षित कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# नारनौल में सड़क हादसे में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** नारनौल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर अटेली के पास वीरवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही गांव के दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों युवक रोजाना रेवाड़ी के माजरा में बन रहे एम्स में मजदूरी का काम करने जाते थे और काम खत्म होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई।

जानकारी के अनुसार गांव दुबलाना निवासी इंद्रजीत सिंह और करतार रेवाड़ी के माजरा स्थित निर्माणाधीन एम्स में मजदूरी करते थे। दोनों प्रतिदिन बाइक पर सवार होकर काम पर जाते और शाम को वापस गांव लौटते थे। वीरवार देर शाम भी दोनों काम समाप्त कर बाइक से अपने घर दुबलाना लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि अटेली से आगे गांव बोचड़िया के रेस्ट एरिया के पास पहुंचते ही पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

# पानीपत में पेयजल आपूर्ति न होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**पानीपत।** पानीपत की देशराज कालोनी क्षेत्र मे पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशान कालोनी वासियों ने शुक्रवार को पार्षद व नगर निगम के खिलाफ विरोध जताया। कॉलोनी वासियों का कहना था कि हमने पानी की किल्लत को लेकर पार्षद से लेकर नगर निगम अधिकारियों तक को लिखित रूप से शिकायत दी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

कालोनी वासी रेणुका, काजल शर्मा, कपिल, मुस्कान का कहना है कि पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है, इस भयंकर गर्मी में भी कई कई रोज हो जाते है नहाए हुए। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि पार्षद समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। कॉलोनी वासी लगातार पार्षद, मेयर और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। वही पूर्व पार्षद जय कुमार बिंदल ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से पानी की किल्लत झेल रही है और यदि जरूरत पड़ी तो वह जनता की परेशानी को देखते हुए अपने निजी खर्च से ट्यूबवेल लगवाने के लिए भी तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है और पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मुद्दे पर मेयर कोमल सैनी ने कहा कि इस क्षेत्र में एक नया ट्यूबवेल लगाया जा चुका है। ट्यूबवेल से सप्लाई शुरू करने के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है तथा बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिया है। जल्द ही क्षेत्रवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

# जींद : नाबालिग से दुष्कर्म व धमकी देने के दोषी को 20 साल की कैद

**अनंत ज्ञान, जींद।** अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग को घर से बहला-फुसला भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 70 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार नरवाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 25 जनवरी 2025 को शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि हरी नगर निवासी वकील उसकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसला कर ले गया। पुलिस ने वकील के खिलाफ मामला दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश की। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर लिया और वकील को भी गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

इसके अलावा यह बात किसी को बताने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। शहर थाना पुलिस ने अदालत में ठोस साक्ष्य पेश किए। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा दिए गए ठोस साक्ष्य व स्पेशल पीपी पोक्सो केस योगेंद्र राठी की मजबूत पैरवी के आधार पर अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने शुक्रवार को वकील को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष की कठोर कैद व 70 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# माई भागो एएफपीआई की पूर्व कैडेट निशा भारती बनीं नौसेना अधिकारी



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (एएफपीआई) फॉर गर्ल्स, एसएएस नगर (मोहाली) की पूर्व कैडेट निशा भारती भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने इंडियन नेवल अकादमी, एझीमाला (केरल) से सफलतापूर्वक पास आउट होकर यह उपलब्धि हासिल की।

पासिंग आउट परेड का निरीक्षण वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसैनिक कमान ने किया। निशा के पिता दिनेश चंद्र पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं।

पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने निशा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता राज्य की अन्य बेटियों को सशस्त्र सेनाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। माई भागो एएफपीआई के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू (सेवानिवृत्त) ने भी निशा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीएम सैनी ने महेंद्रगढ़ जिले को दी स्वास्थ्य परियोजनाओं की बड़ी सौगातें

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी नई चिकित्सा सुविधाओं का हुआ शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम के जरिए जिला महेंद्रगढ़ सहित प्रदेश को 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 9 स्वास्थ्य परियोजनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रहीं।

वहीं नारनौल के नागरिक अस्पताल में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने जिले में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पंचकूला से वर्चुअल माध्यम के जरिए जिला नागरिक अस्पताल नारनौल में 'स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार क्लिनिक' का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय टेली.ईसीजी सेवा का भी शुभारंभ किया गया, जिससे मरीजों को डिजिटल माध्यम से विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से तिगरा, बिहाली, बजाड़, सिहोर और स्याणा गांवों में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। इसके अलावा जिला नागरिक अस्पताल नारनौल में आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए अमृत फार्मेसी स्टोर की आधारशिला भी रखी गई। इस कार्यक्रम में एडीसी तरुण कुमार पावरिया, डीएसपी भारत भूषण, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, मेडिकल कॉलेज निदेशक डॉ बृजेंद्र सिंह ढिल्लों, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिरसा : लाखों की हेरोइन समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** पुलिस ने जिले के गांव रोड़ी क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए की हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई हेरोइन की कीमत लाखों रुपए में आकी गई है। सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध रोकथाम के उद्देश्य से सुरतिया रोड रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गांव सुरतिया की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर युवक और महिला आते दिखाई दिए।

पुलिस को सामने देखकर बाइक चालक ने अचानक मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, तो पुलिस को उन पर शक हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सिरसा निवासी राजदीप तथा पंजाब के मानसा निवासी चरणजीत कौर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना रोड़ी में मामला दर्ज कर जांच थाना रोड़ी पुलिस को सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# आरबीयू प्लेसमेंट सम्मेलन में छात्रों ने साझा कीं सफलता की कहानियां



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, खरड़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी ने अपने स्नातक विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्लेसमेंट उपलब्धियों के उपलक्ष्य में 'प्लेसमेंट सम्मेलन-2026' का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय नेतृत्व, उद्योग विशेषज्ञ, एलुमनी और विद्यार्थी एक साझा मंच पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। सम्मेलन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्यातिथि के रूप में स्टाइलम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर एवं प्रशासन) वंदना ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने रोजगार कौशल, अनुकूलन क्षमता, नेतृत्व गुण और निरंतर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन बाहरा ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय की उद्योग-उन्मुख शिक्षा और करियर अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने विद्यार्थियों को पेशेवरता, नवाचार और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सम्मेलन में 'विद्यार्थी सफलता कहानी सत्र' आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्लेसमेंट अनुभव और करियर यात्रा साझा की। कार्यक्रम के अंत में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन विश्वविद्यालय की उद्योग सहभागिता, कौशल विकास और समग्र विद्यार्थी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# थिल्ल में मतगणना में धांधली के आरोप

## 100 से ज्यादा लोगों ने चुनाव आयोग और एसडीएम ज्वालामुखी से जांच करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत थिल्ल में 26 मई को हुए पहले चरण के पंचायत चुनाव में वोटों की गिनती में धांधली का मामला प्रकाश में आया है। 100 से ज्यादा पंचायतवासियों ने चुनाव आयोग और एसडीएम ज्वालामुखी को लिखित शिकायत पत्र में इस धांधली की गहनता से जांच करने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा कि ग्राम पंचायत थिल्ल की वोटिंग दिनांक 26.05.2026 को दोपहर बाद करीब 3:25 पर खत्म हो गई थी। मतदान केंद्र से पंचायत घर जहां वोटों की गिनती होनी थी उसकी दूरी लगभग 80 मीटर थी। वहां पर चार वार्डों की पेटियां लगभग 4 बजे पहुंच गई थी। जब ग्राम पंचायत थिल्ली से वार्ड नंबर-1 की पेटी लगभग 2:30 घंटे की देरी के बाद भी पंचायत घर में नहीं पहुंची तो इसके बारे में संबंधित एआरओ से शिकायत की गई। एआरओ का जवाब आया कि अभी तक डाक बन रही है। उनका कहना था कि जो स्टाफ सीलिंग कर रहा है, वह नया है। स्टाफ को इलेक्शन सीलिंग के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान एआरओ ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। बाहर लोगों में ज्यादा आक्रोश फैल गया तो एआरओ ने फोन करके फटाफट लगभग 10-15 मिनट बाद पेटी बिना किसी कवर व बिना किसी सीलिंग के कंधे के ऊपर बिना पुलिस कर्मी पंचायत घर पहुंचा दी। इसकी वीडियोग्राफी ग्रामीणों ने की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 4 में प्रधान पद की प्रत्याशी मनभरी के सगे भाई की ड्यूटी लगी हुई थी। वार्ड 4 में वोटों की धांधली हुई है। डोला पंचायत में जो एआरओ था अपनी पंचायत डोला की गिनती छोड़कर ग्राम पंचायत थिल्ल में पहुंच गया और अंदर घुस गया और थिल्ल वाले एआरओ से गुफ्तगू करने लगा। जब वोट पोलिंग समाप्त हुई तो हमें कुल पोलिंग 921 बताई गई और जब गिनती समाप्त हुई तो कुल पोलिंग 928 बताई गई। प्रधान पद के जो वोट इनवैलिड थे उनकी भी काउंटिंग ढंग से नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान पद की जो प्रत्याशी मनभरी थी उसके रिजेक्ट वोट भी उसकी काउंटिंग में गिने गए, जबकि हमारे एजेंट के बार-बार कहने पर भी एआरओ ने कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उसका सगा भाई कानूनगो वहां पर मौजूद था और उसकी ड्यूटी वहीं पर थी। उसने जबर्दस्ती जो रिजेक्ट वोट थे उसको भी बाहर नहीं निकाला। उन्होंने कहा कि काउंटिंग की वीडियोग्राफी भी हुई है उसकी दोबारा से जांच की जाए और जो पेटी 80 मीटर की दूरी पर थी और वह ढाई घंटे के बाद आई उसकी पूरी तरह से जांच की जाए। रिजेक्ट वोटों की भी दोबारा से जांच की जाए। और सभी स्टाफ वालों के ऊपर कार्रवाई की जाए। इस धांधली से पंचायत के सभी लोगों में भारी आक्रोश है। पंचायत के लोगों ने इस विषय की गहन जांच करवाने की मांग की है ताकि समस्त ग्राम पंचायत थिल्ल का लोकतंत्र पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 21 की रक्षा की जाए।

### ◆ एसडीएम बोले-चुनाव आयोग करेगा मामले में कार्रवाई

उधर, एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्षता के साथ प्रशासन द्वारा करवाए जाते हैं। लोगों ने उनके पास एक शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने धांधली का आरोप लगाया है। संबंधित मामला चुनाव आयोग के ध्यान में लाया जाएगा। आगे की कार्रवाई चुनाव आयोग द्वारा ही अमल में लाई जाएगी।

## धर्मपुर में चुनावी रंजिश के बाद दो पक्षों में झड़प, क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पंचायती चुनाव परिणाम के बाद धर्मपुर उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत लगेहड़ व आसपास के क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किए हैं। पहले मामले (मुकदमा नंबर 81/2026) में संजय कुमार पुत्र नेक राम निवासी गांव गियूण ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ग्राम पंचायत लगेहड़ में उपप्रधान पद के उम्मीदवार थे। चुनाव परिणाम सुनने के बाद रात करीब 9 बजे वह अपने घर जा रहे थे, तभी तीन गाड़ियों में सवार कुछ लोग आए, जिनके हाथों में दराट व हॉकी जैसी चीजें थीं। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और सड़क किनारे खड़ी उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। बताया गया कि एक निजी गाड़ी, जिसे बिहारी पुत्र काहन सिंह चला रहा था, ने स्कूटी को टक्कर मारी। इसके बाद पीछे से आई एक टैक्सी ने भी पहली गाड़ी को टक्कर मार दी। इस घटना में संजय कुमार की पत्नी, उनकी माता तथा गांव की एक अन्य महिला को टांगों में चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में कई आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। दूसरे मामले (मुकदमा नंबर 82/2026) में बिहारी लाल पुत्र काहन सिंह निवासी गांव बारल ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपने रिश्तेदार को लेने के लिए रात करीब 8:30 बजे गाड़ी लेकर निकले थे। गियूण के पास पहुंचने पर उन्हें रास्ते में कुछ महिलाओं ने झगड़े की सूचना दी, जिस पर उन्होंने गाड़ी साइड में रोक दी। इसी दौरान किसी ने डंडे से उनकी गाड़ी के फ्रंट शीशे पर वार कर दिया, जिससे शीशा टूट गया। आरोप है कि इसके बाद संजय कुमार (पूर्व प्रधान) ने उन्हें गाड़ी से बाहर निकालकर मारपीट की और एक अन्य व्यक्ति ने भी लात-घूंसों से हमला किया। पुलिस ने दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नबाही में भाजपा प्रत्याशी श्यामलाल के समर्थन में माहौल : केएल राणा

## आज तीसरे चरण का मतदान, जिला परिषद अध्यक्ष बनने की उम्मीद

अनंत ज्ञान



भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्यामलाल समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नबाही जिला परिषद वार्ड में दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद चुनावी माहौल पूरी तरह भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्यामलाल के पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमाचल प्रदेश केएल राणा ने दावा किया है कि लगातार दो चरणों की वोटिंग के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वार्ड में चुनाव अब एकतरफा हो चुका है और जनता रिकॉर्ड मतों से श्यामलाल को विजयी बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि अब 30 मई को होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के मतदान को लेकर भी मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ जुटे हुए हैं। केएल राणा ने कहा कि विभिन्न पंचायतों में मतदान के दौरान लोगों का रुझान स्पष्ट रूप से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में नजर आया है। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्ग मतदाताओं ने खुलकर समर्थन दिया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि इस बार नबाही वार्ड में नया राजनीतिक इतिहास बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के नाम पर मतदान कर रही है तथा श्यामलाल को क्षेत्र की आवाज के रूप में देख रही है। राणा ने कहा कि लंबे समय से सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र जिला परिषद की बड़ी राजनीतिक भूमिका से वंचित रहे हैं, लेकिन इस बार परिस्थितियां पूरी तरह बदलती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि जनता का यही समर्थन बना रहा तो न केवल श्यामलाल रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे, बल्कि मंडी जिला परिषद अध्यक्ष पद पर भी सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अब बड़ी सोच के साथ मतदान कर रही है और जिला परिषद में मजबूत नेतृत्व चाहती है। केएल राणा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों का बढ़ता समर्थन इस बात का संकेत है कि आने वाले चुनाव परिणाम नबाही वार्ड की राजनीति में नया अध्याय लिखेंगे।

# प्रवीण वर्मा बने कुमारसैन पंचायत के युवा सरपंच

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, कुमारसैन।** पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण में कुमारसैन उपमंडल की 11 पंचायतों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। इनमें सबसे चर्चित पंचायत कुमारसेन रही। वैसे तो प्रधान पद की दौड़ में चार प्रत्याशी मैदान में रहे, लेकिन मुख्य मुकाबला दो प्रत्याशियों में रहा। इससे पूर्व में एक बार प्रधान रह चुके युवा नेता प्रवीण वर्मा और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी ने भारद्वाज के छोटे भाई अजय कुमार के बीच रहा। इस कड़े मुकाबले में प्रवीण वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय कुमार को 233 मतों से मात देकर प्रधान पद पर अपनी दावेदारी पक्की कर ली। उल्लेखनीय है कि प्रवीण वर्मा वर्तमान में कांग्रेस ब्लॉक कुमारसैन जोन के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इसलिए इस चुनाव को भाजपा बनाम कांग्रेस भी माना गया। यानी कुल मिलाकर इसे कांग्रेस की जीत माना जा रहा है। गौर हो की विभिन्न समस्याओं से जूझती कुमारसेन पंचायत को नव नियुक्त युवा प्रधान प्रवीण वर्मा से बड़ी अपेक्षाएं हैं। अब देखना है वह इस पंचायत का संचालन कि प्रवणता से करते हैं।

# हमीरपुर के ताल में प्रधानी का मुकाबला 'टाई'

## पर्ची से हुआ फैसला, राकेश जीते, सुबह 4:00 बजे तक चलती रहती मतों की गिनती

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पंचायत चुनावों के दूसरे चरण के नतीजों में कई जगह उलट फेर हुए हैं। ताल ग्राम पंचायत में प्रधान के पद पर राकेश कुमार और प्रताप सिंह को 502-502 बराबर वोट मिले। शुक्रवार सुबह 4:00 बजे तक तक काउंटिंग का दौर चलता रहा। रिकाउंटिंग के बाद भी वोट जब बराबर ही रहे तो फिर माहौल भी वहां गर्मी हुआ था और ड्रॉप वोट सिस्टम से फैसला हुआ। यानी दोनों के नाम की पर्ची डाली गई और जब किस्मत खुली, तो राकेश कुमार को सुबह के समय करीब 4:00 बजे विजयी घोषित किया गया।

प्रताप सिंह की पत्नी निशा भी इस पंचायत की पहले प्रधान रह चुकी थीं। अब क्योंकि वे पुलिस विभाग से कुछ समय पहले ही सेवानिवृत हुए थे और इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ रहे थे। लेकिन चुनाव बेहद रोचक रहा और अंत में फैसला पर्ची से हुआ। एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि वोट जब बराबर हो जाए तो फिर ड्रॉप वोट सिस्टम लागू होता है। ताल में इसी के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को अंजाम देना पड़ा।

## छियोड़ी में विधायक आशीष के चाचा बने उपप्रधान



**एक** और रोचक मुकाबला छियोड़ी ग्राम पंचायत में भी हुआ। हमीरपुर के विधायक आशीष कुमार के चाचा उपप्रधान का चुनाव लड़ रहे थे उनके मुकाबले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप पठानिया का बेटा अभिषेक पठानिया भी उपप्रधानी के लिए मैदान में था, लेकिन यहां पर जीत आशीष के चाचा प्रवीण कुमार शर्मा की हुई। प्रवीण को 372 वोट मिले, जबकि अभिषेक पठानिया को 180 मत मिले। बता दें कि पिछले दिनों स्टोन क्रशर के एक मामले को लेकर आशीष के चाचा और उनके भाई न्यायालय के एक मामले को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे थे। चुनाव प्रक्रिया के शुरू होने के मौके पर उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी। अब जनता का फैसला उपप्रधानी के लिए आया है, निश्चित रूप से इसकी चर्चा भी हो रही है।

## बारीं में प्रधान पद पर पत्रकार की जीत

**बारीं** पंचायत में भी पत्रकारिता से ताल्लुक रखने वाले राजीव चौहान प्रधान के पद पर विजय रहे हैं। यहां तीन लोग मुकाबले में थे। राजीव चौहान इससे पहले पंचायत के उपप्रधान भी रह चुके हैं। रोचक यह था कि दो पत्रकार यहां चुनाव लड़ रहे थे। रविंद्र ठाकुर पिछली मर्तबा भी प्रधान थे और वह लंबे समय से पत्रकारिता में रहे हैं। यह चुनाव भी बमसन इलाके के लिए खूब चर्चा में था।

# शिमला में 749 में से 555 वार्ड सदस्य चुने निर्विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के लिए वार्ड सदस्य पदों की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले के 13 विकास खंडों के कुल 749 वार्डों में से 555 वार्डों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं, जबकि सात वार्डों में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। अब केवल 187 वार्डों में ही मतदान कराया जाएगा। आंकड़े बताते हैं कि जिले के करीब तीन-चौथाई वार्डों में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि वहां प्रतिनिधियों का चयन बिना चुनावी मुकाबले के ही हो चुका है।

### ◆ 187 में आज होगा मतदान कई विकास खंडों में बेहद करीबी मुकाबला

सबसे अधिक 98 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन ठियोग विकास खंड में हुआ है, जबकि चौपाल में 76 और मशोबरा में 44 वार्डों पर उम्मीदवार बिना मुकाबले विजयी रहे हैं।

दूसरी ओर चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से रामपुर, रोहड़ू और छोहारा विकास खंडों में केंद्रित रहेगा। रामपुर में सबसे अधिक 38 वार्डों में मतदान होगा, जबकि छोहारा में 34 और रोहड़ू में 29 वार्डों में मतदाता अपने प्रतिनिधि चुनेंगे। कोटखाई में केवल तीन तथा कुपवी में चार वार्ड ही मतदान की स्थिति में पहुंचे हैं।

# धाली में अनोखी राम बने प्रधान

## नवगठित ग्राम पंचायत में देवेंद्र शर्मा को चुना गया उपप्रधान

अनंत ज्ञान



नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा विकास खंड की नवगठित ग्राम पंचायत धाली में पंचायत चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पंचायत के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान करते हुए अपने जनप्रतिनिधियों का चयन किया। प्रधान पद के लिए अनोखी राम विजयी घोषित हुए, जबकि उपप्रधान पद पर देवेंद्र शर्मा ने जीत दर्ज की। पंचायत के विभिन्न वार्डों से भी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। वार्ड नंबर-1 से ओमप्रकाश शर्मा, वार्ड नंबर-2 से रेखा कश्यप, वार्ड नंबर-3 से देवेंद्रा ठाकुर, वार्ड नंबर-4 से श्याम लाल तथा वार्ड नंबर-5 से पुष्पा देवी निर्वाचित घोषित किए गए। धाली पंचायत के गठन के बाद हुए इस पहले चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने पंचायत के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया।

# गोपालपुर ब्लॉक में जीते प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ मनाया जश्न

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** विकास खंड गोपालपुर में दूसरे चरण के पंचायत चुनावों के तहत 17 पंचायतों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मतगणना पूरी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। कई पंचायतों में नए चेहरे नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। कलथर पंचायत से अजय कुमार प्रधान और राजेंद्र कुमार उपप्रधान, अप्पर बरोट से सकुन्तला देवी प्रधान व रवि कुमार उपप्रधान, वाग पंचायत से विशाल प्रधान व शशिपाल उपप्रधान निर्वाचित हुए। पौंटा पंचायत से दलीप राव प्रधान और रीता देवी उपप्रधान चुने गए।

### ◆ पंचायतों में विकास कार्य करवाने का दिलाया भरोसा

पट्टडीघाट पंचायत से व्यासां देवी प्रधान व रविकुमार उपप्रधान, फतेहपुर से गुरदेई प्रधान व जगदीश उपप्रधान, समसौह से विद्या देवी प्रधान व प्रदीप कुमार उपप्रधान तथा कशमैला पंचायत से नरेंद्रपाल प्रधान व होशियार सिंह उपप्रधान निर्वाचित घोषित किए गए। पिंगला पंचायत से अंजना प्रधान व अजमेर सिंह उपप्रधान, नरोला पंचायत से अमरनाथ प्रधान व सुखदेव उपप्रधान, दारपा पंचायत से मंजू देवी प्रधान व राजेश शर्मा उपप्रधान तथा भद्रवाड़ पंचायत से शीला देवी प्रधान व चमन लाल उपप्रधान बने।

रोपड़ी से अजय प्रधान व अनुप कुमार उपप्रधान, खलारडू पंचायत से अशोक कुमार प्रधान व मंगत राम उपप्रधान, थौना पंचायत से अनील कुमार प्रधान व ओमप्रकाश उपप्रधान तथा भांबला पंचायत से शुभाष प्रधान व राकेश कुमार उपप्रधान निर्वाचित हुए। जमनी पंचायत से भवानी देवी प्रधान और महेंद्र उपप्रधान चुने गए। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों ने क्षेत्रवासियों का आभार जताते हुए पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

# धनोटू की 10 पंचायतों में आज पड़ेंगे वोट

## महादेव पंचायत घर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, क्षेत्रभर में पुलिस की गश्त बढ़ी

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव धनोटू में जहां बीडीओ कार्यालय है वहीं ग्राम पंचायत महादेव के दोमंजिला भवन सहित एक विशाल हाल भी है जहां पंचायतीराज चुनाव से संबंधित पूरे विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायतों की सामग्री रखी गई है और नजदीक के दस जमा दो स्कूल में प्रशिक्षण एवं संबंधित लेखा जोखा किया गया ऐसे में धनोटू एवं महादेव का क्षेत्र इस लोकतांत्रिक व्यवस्था के कार्य का एक केंद्र बिंदु बन गया है जहां सुरक्षा व्यवस्था चौकस करना स्वाभाविक सी बात है यही नहीं पुलिस के जवान-अधिकारी सशस्त्र डयूटी पर तैनात हैं तथा चुनाव क्षेत्र भर में गश्त बढ़ा दी गई है। विकास खंड धनोटू के बीडीओ मनमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई को पंचायतीराज चुनाव को लेकर तीसरे एवं आखिरी चरण में विकास खंड धनोटू के अंतर्गत बची दस पंचायतें जिनमें ग्राम पंचायत कोट, भौर, पलाहोटा, निचली बैहली, सलवाहन, वृखमणी, डोलधार, शाली, रजवाड़ी और मंदर हैं। इनमें कुल मतदान केंद्र 60हैं तथा कुल मतदाता 15017 हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या 7470 है व महिला मतदाता 7547 है।

बीडीओ शर्मा ने यह भी बताया कि पहले और दूसरे चरण में 22 पंचायतों के चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवा दिए गए हैं। इस तरह अब 30 मई के तीसरे एवं आखिरी चरण के पंचायत चुनाव के लिए सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## टिक्कर कलां, चंडयाल, गोड़ा गागल में भी आज ही वोटिंग

**अनंत ज्ञान, बैहना।** बल्हघाटी की प्रमुख ग्राम पंचायतों टिक्कर कलां, चंडयाल और गोड़ा गागल में 30 मई को पंचायत चुनावों के तहत मतदान होगा। इन पंचायतों के सैकड़ों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों का चयन करेंगे। चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रत्याशियों ने भी प्रचार अभियान तेज कर दिया है और मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**मुलाकात** नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर से की भेंट

# न्याड़ पंचायत को 'आदर्श पंचायत' बनाने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान



भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर से भेंट करते नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** न्याड़ पंचायत के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर से शिष्टाचार भेंट कर पंचायत के विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित प्रधान पूजा देवी और उपप्रधान राजीव शर्मा ने विधायक से मुलाकात कर क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने तथा न्याड़ पंचायत को 'आदर्श पंचायत' के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

मुलाकात के दौरान भाजपा के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने प्रधान पूजा देवी और उपप्रधान राजीव शर्मा को जीत की बधाई देते हुए कहा कि पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए वे क्षेत्रवासियों के आभारी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ पंचायत के हर वर्ग की सेवा करेंगे और विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। विधायक ने कहा कि पंचायतों के सशक्त होने से ग्रामीण विकास को नई गति मिलती है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्याड़ पंचायत के विकास कार्यों में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### ◆ विधायक ने न्याड़ के विकास में हरसंभव मदद का दिया भरोसा

वहीं, नवनिर्वाचित प्रधान पूजा देवी और उपप्रधान राजीव शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य पंचायत का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में पंचायत में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा तथा पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस शिष्टाचार भेंट के बाद पंचायत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रशासन की तैयारियां पूरीं

अनंत ज्ञान



अंतिम चरण के पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते मतदान दलों के सदस्य।

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायती राज संस्थाओं के अंतिम चरण के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए रवाना की गई पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर पहुंच गईं और चुनावी प्रक्रिया के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। वार्ड नंबर-4 जगतेहड़ी-2 के राजकीय माध्यमिक विद्यालय खरला में पार्टी नंबर-44 ने मतदान केंद्र का सेटअप तैयार किया, जबकि दलगांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पार्टी नंबर-17 ने चुनावी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया। इसी प्रकार कुठारी क्षेत्र में पार्टी नंबर-38 ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों की जांच के साथ बूथ की तैयारियां पूरी कीं। मतदान दलों ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतपेटियों, चुनाव सामग्री, मतदाता सुविधा केंद्रों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर उत्साह का माहौल है और मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न होगा।